माघ कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:03 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2080
अयोध्या, गुरुवार, 1 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 176, पृष्ठ 16
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



नासा ने खोजा छह ग्रहों का दुर्लभ संसार 16
चंद पैसों के लिए अपराध की राह चलीं अभिनेत्रियां 02

राम मंदिर का सदियों पुराना सपना पूरा हुआ, दुर्बल से सबल हुई अर्थव्यवस्था

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी/ब्यूरो

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीते एक वर्ष को देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा हुआ बताते हुए कहा कि इस दौरान भारत ने अर्थव्यवस्था से लेकर अंतरिक्ष तक नए आयाम हासिल कर दुनिया में विश्व मित्र की छवि बनाई और भव्य राम मंदिर के निर्माण की लोगों की सदियों पुरानी आकांक्षा भी पूरी हुई। राष्ट्रपति ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन बुधवार को यहां दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि देश सही निर्णय लेते हुए सही दिशा में आगे बढ़ रहा है जिससे दशकों से अटके काम पूरे हुए हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से निकलकर पांच शीर्षस्थ अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जा रही है। उन्होंने आदिवासियों, किसानों, महिलाओं, मछुआरों और कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों की लंबी सूची प्रस्तुत करते हुए अपने अभिभाषण में कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही सरकार समाज के हर वर्ग को उचित अवसर देने में जुटी है।

मेजों की थपथपाहट और जय श्रीराम की गूंज के बीच 22 जनवरी की तिथि को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि सभ्यताओं के कालखंड में ऐसे पड़ाव आते हैं जो सदियों का भविष्य तय करते हैं। इस वर्ष, 22 जनवरी को भी देश ऐसे ही एक पड़ाव का साक्षी बना। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार तीर्थों एवं ऐतिहासिक धरोहरों के विकास के साथ तीर्थाटन एवं पर्यटन को बढ़ावा दे रही है।

विनिर्माण क्षेत्र में ताकत बन चुका है भारत

राष्ट्रपति ने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान का जिक्र किया और कहा कि भारत विनिर्माण क्षेत्र में भी ताकत बन चुका हैं। भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता देश है। पिछले एक दशक के दौरान मोबाइल फोन विनिर्माण में पांच गुना बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार संपदा निर्माताओं का सम्मान करती है तथा भारत के निजी क्षेत्र के सामर्थ्य पर विश्वास करती है। डिजिटल इंडिया को बड़ा सुधार बताते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया ने भारत में जीवन और बिजनेस, दोनों को बहुत आसान बना दिया है। आज विकसित देशों में भी भारत जैसा डिजिटल सिस्टम नहीं है।

साफ सुथरी परीक्षा के लिए बनेगा कानून

राष्ट्रपति ने कहा है कि परीक्षाओं में आए दिन होने वाली गड़बड़ी को रोकने के लिए एक कानून बनाया जाएगा। सरकार परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंताओं से अवगत है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार नारीशक्ति का सामर्थ्य बढ़ाने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। कृत्रिम मेधा मिशन पर भी काम हो रहा है।

हुड़दंग करने वाले करें आत्म निरीक्षण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश प्रगति की नई उंचाइयों को छू रहा है। विश्वास जताया कि लोगों के आशीर्वाद से 'सर्वसमावेशी एवं सर्वांगीण' विकास की उनकी सरकार की यात्रा आगे भी जारी रहेगी। संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले पत्रकारों को संबोधित करते हुए मोदी ने उन्हें राम राम कहकर बधाई दी और कहा कि चुनाव से पहले पूर्ण बजट पेश नहीं करने की परंपरा रही है जिसका पालन करते हुए उनकी नई सरकार बनने के बाद पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदतन हुड़दंग करना जिनका स्वभाव बन गया है, ऐसे सभी सांसदों को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। मोदी ने विपक्षी सांसदों पर संसदीय कार्यवाही को बार-बार बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग हंगामा करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बिगाड़ने के आदी हैं, उन्हें इस अंतिम सत्र के दौरान आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

एक नजर

सोलहवें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति

नई दिल्ली। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में बने 16वें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति कर दी गई है। राष्ट्रपति की मंजूरी से 15वें वित्त आयोग के पूर्व सदस्य एवं पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा को पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। इसी तरह से पूर्व विशेष व्यय सचिव एनी जॉर्ज मैथ्यू को भी पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। अर्थ ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक डॉ. निरंजन राजाध्यक्ष भी पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किए गए हैं। एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष भी पूर्णकालिक सदस्य किए गए हैं।

संगरूर देश में सर्वश्रेष्ठ जिला के रूप में सम्मानित

चंडीगढ़। पंजाब के संगरूर जिले को ग्रीन स्कूल कार्यक्रम के तहत देश में सर्वश्रेष्ठ जिला के रूप में सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार खुशी व्यक्त करते हुए एक्स पर कहा कि.. जिस दिन से चला हूं मेरी मंज़िल पे नज़र है, आंखों ने कभी मील का पत्थर नहीं देखा..। संगरूर देश में सर्वश्रेष्ठ जिला बधाइयां..।

फार्मा फैक्टरी में विस्फोट में तीन कर्मियों की मौत

वडोदरा। गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार अपराह्न एक फार्मा फैक्टरी में गैस के रिसाव की वजह से हुए विस्फोट में तीन कर्मियों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, जिले की पडरा तालुका के एकाल्बरा गांव में स्थित फैक्टरी में हुए विस्फोट में एक अन्य कर्मी भी घायल हो गया। पडरा पुलिस निरीक्षक एलबी तडवी ने बताया कि अपराह्न करीब दो बजे ओनीरो लाइफकेयर संयंत्र में एक गैस पाइप से रिसाव के कारण हुए विस्फोट से घायल तीन कर्मियों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

ज्ञानवापी : 31 साल से बंद पड़े व्यास तहखाने में पूजा की मिली अनुमति

अदालत ने जिलाधिकारी को दिए 7 दिन में पूजा के इंतजाम करने के निर्देश

वाराणसी, एजेंसी

जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दे दिया। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने तहखाने में पूजा पाठ करने का अधिकार व्यास जी के नाती शैलेंद्र पाठक को दे दिया है। जज ने अपने आदेश में जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि वादी शैलेंद्र व्यास तथा काशी विश्वनाथ ट्रस्ट द्वारा तय किए गए पुजारी से व्यास जी के तहखाने में स्थित मूर्तियों की पूजा और राग भोग कराए जाने की व्यवस्था सात दिन के भीतर कराएं।

यादव ने बताया कि पूजा कराने का कार्य काशी विश्वनाथ ट्रस्ट करेगा। ज्ञानवापी में वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी के सामने लगी बैरीकेडिंग हटाकर रास्ता खोला जाएगा। व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ किए जाने संबंधी आवेदन पर अदालत में दोनों पक्ष की तरफ से मंगलवार को बहस पूरी कर ली थी। हिंदू पक्ष का कहना था कि नवंबर 1993 तक सोमनाथ व्यास जी का परिवार उस तहखाने में पूजा पाठ करता था, जिसे तत्कालीन मुलायम सिंह यादव सरकार के शासनकाल में बंद करा दिया गया था।

- वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी के सामने लगी बैरीकेडिंग हटेगी
- काशी विश्वनाथ ट्रस्ट व वादी शैलेंद्र पाठक तय करेंगे पुजारी

वजूखाना के सर्वे मामले में इंतेजामिया कमेटी को नोटिस

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर ज्ञानवापी मस्जिद की अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को बुधवार को नोटिस जारी किया। वादी राखी सिंह ने वाराणसी की अदालत द्वारा 21 अक्टूबर 2023 को सुनाए गए उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उसने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर कथित शिवलिंग को छोड़कर वजूखाना का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का निर्देश देने से मना कर दिया था। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को यह नोटिस न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत द्वारा जारी किया गया।

शिवभक्तों को न्याय मिला। बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के संबंध में माननीय न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का हार्दिक स्वागत करता हूं। 1993 से भक्तों को था इंतजार। हर हर महादेव। जय बाबा विश्वनाथ। जय माता श्रृंगार गौरी। –**केशव प्रसाद मौर्य**, उपमुख्यमंत्री

इस फैसले से मायूसी जरूर है, लेकिन अभी ऊपरी अदालतों का रास्ता खुला है। जाहिर है कि हमारे वकील इस फैसले को चुनौती देंगे। ज्ञानवापी का मामला अयोध्या के मसले से अलग था। अभी लंबा रास्ता तय करना है। हमें उम्मीद है कि इसे ऊपर की अदालत में चुनौती दी जाएगी।
–**मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली**, एआईएमपीएलबी सदस्य

गिरफ्तारी के बाद हेमंत सोरेन का इस्तीफा, चंपई सोरेन होंगे सीएम

रांची, एजेंसी

ईडी ने भूमि घोटाला मामले में सात घंटे तक पूछताछ के बाद बुधवार को देर शाम झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद सोरेन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। साथ ही सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित किया। सोरेन ने राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इस बीच झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि हेमंत सोरेन ईडी की हिरासत में हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा, 'हेमंत सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में वरिष्ठ झामुमो नेता चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित किया है।' 67 साल के चंपई सोरेन सरायकेला के विधायक हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री आवास पर जुटे विधायकों ने चंपई सोरेन को झामुमो विधायक दल का नेता चुना। पार्टी प्रवक्ता विनोद पांडे ने कहा कि चंपई सोरेन के नाम पर आम सहमति बनी।

इससे पहले ऐसी अटकलें थीं कि नए मुख्यमंत्री के तौर पर हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना का नाम प्रस्तावित किया जा सकता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की सांसद महुआ मांझी ने बताया है कि सत्ताधारी गठबंधन के पास बहुमत है। उन्होंने बुधवार देर शाम बताया, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अभी हिरासत में हैं। वह ईडी की टीम के साथ गवर्नर साहब के पास गए हैं। महुआ ने कहा कि विधायकों की बैठक में यही निर्णय हुआ है कि चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। हालांकि ईडी ने देर शाम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया।

हेमंत सोरेन

चंपई सोरेन

भूमि घोटाला मामला

- सात घंटे तक पूछताछ के बाद सोरेन को ईडी ने किया गिरफ्तार
- मुख्यमंत्री के लिए हेमंत सोरेन की पत्नी के नाम की भी थी चर्चा

सोरेन ने ईडी अफसरों पर दर्ज कराई प्राथमिकी

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां एससी/एसटी पुलिस थाने में ईडी के अफसरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सूत्रों ने बताया कि सोरेन के दिल्ली आवास पर केंद्रीय जांच एजेंसी के हालिया तलाशी अभियान के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को बताया कि ईडी के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है... हमें मुख्यमंत्री की अर्जी मिली है।

ईडी ने भेजा केजरीवाल को पांचवां समन

नई दिल्ली। ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर समन भेजा है। मुख्यमंत्री को भेजा गया यह पांचवां समन है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल इससे पहले जांच एजेंसी की ओर से चार बार भेजे गए समन पर पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए थे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

आठ फर्जी लाभार्थियों पर एफआईआर दर्ज अधिकारी निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- घटना पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण का कड़ा रुख
- बलिया के मनियर में हुआ था नाटकीय सामूहिक विवाह

अमृत विचार : बलिया में 25 जनवरी को हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम झूठा था। बिन दूल्हे के ही कइयों की शादी करा दी गई थी। इस योजना का लाभ अपात्रों को दिए जाने का मामला संज्ञान में आते ही समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने जांच का आदेश दिया था। जांच के बाद आरोपी सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) सुनील कुमार यादव को समाज कल्याण निदेशक ने बुधवार को निलंबित कर दिया। साथ ही आरोपी अधिकारी सहित सभी 8 अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ बलिया में विभिन्न धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कराया गया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आरोपी अधिकारी सुनील कुमार यादव ने ग्राम पंचायत मानिकपुर से आर्चना, रंजना, सुमन को शामिल करवाया।

इसी तरह ग्राम पंचायत सुल्तानपुर से प्रियंका, सोनम, पूजा, सन्जू और रमिता का भी विवाह 25 जनवरी को संपन्न हुआ। इन सभी का सत्यापन सुनील कुमार द्वारा ही किया गया था। जांच में पता चला कि सन्जू का विवाह 3 साल पहले जबकि पूजा का विवाह एक साल पूर्व हो चुका है। इसके अतिरिक्त अर्चना, रंजना, सुमन, रमिता और प्रियंका का विवाह वर्ष 2023 में हो चुका है।

नाटकीय सामूहिक शादी का वीडियो वायरल

लखनऊ। बलिया में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 545 जोड़ों की शादी हुई थी। जिसका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में नाटकीयता साफ नजर आ रही है। बिना दूल्हा के दुल्हनों की शादी करा दी गई है। दुल्हनें खुद ही वरमाला डाल रही हैं। सामूहिक विवाह योजना में दोबारा लाभ लेने के लिए शादीशुदा दोबारा बैठ गए। कई के तो बच्चे भी हैं। वीडियो वायरल होते ही आनन-फानन मुकदमा दर्ज किया गया। डीएम रवींद्र कुमार के आदेश पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण सुनील कुमार यादव के अलावा अपात्र मिले लाभार्थी मानिकपुर की अर्चना, रंजना यादव, सुमन चौहान, सुल्तानपुर की प्रियंका, सोनम राजभर, पूजा, संजू, रमिता के खिलाफ 30 जनवरी को जालसाजी का मुकदमा मनियर थाने में दर्ज किया गया है। जांच में पता चला कि सोनम का विवाह तय ही नहीं है और उसे लाभार्थी के रूप में शामिल किया गया।

जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश में ईडी ने की छापेमारी

जम्मू, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारत पेपर्स लिमिटेड (बीपीएल) से जुड़े 200 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में बुधवार को जम्मू-कश्मीर, पंजाब और उत्तर प्रदेश में कई परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत इन क्षेत्रों में कम से कम नौ परिसरों की तलाशी ले रही है।

कंपनी के खिलाफ प्राथमिक आरोप यह है कि इसके निदेशकों ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई वाले बैंकों के कंसोर्टियम के साथ लगभग 200 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी को अंजाम दिया।

बैंक धोखाधड़ी

- भारत पेपर्स लिमिटेड से जुड़े 200 करोड़ के मामले में तीनों राज्यों के नौ परिसरों की ली गई तलाशी

अन्य बैंकों में जम्मू एंड कश्मीर (जेएंडके) बैंक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और करूर वैश्य बैंक शामिल हैं। आरोप है कि आरोपी ने सहयोगी कंपनियों/फर्जी संस्थाओं के जरिए धन की हेराफेरी की और फर्जी चालान जारी करके ऋणदाता बैंकों की अनुमति के बिना आयातित/स्वदेशी मशीनरी की बिक्री की। भारत पेपर्स लिमिटेड के निदेशक राजिंदर कुमार, परवीन कुमार, बलजिंदर सिंह, अनिल कुमार और अनिल कश्यप हैं।

राज्य में फिर कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति

लखनऊ। डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार को उप्र का नया कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है। कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार के बुधवार को रिटायर होने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके पास डीजी कानून-व्यवस्था के साथ डीजी आर्थिक अनुसंधान शाखा की जिम्मेदारी भी बनी रहेगी। वह 2020 से प्रदेश में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। प्रशांत कुमार नियुक्ति के बाद वह मुख्यमंत्री से मिले। बाद में एक्स कर कहा कि उप्र पुलिस परिवार और प्रदेश के नागरिकों के साथ मिलकर विश्वास और सुरक्षा की नींव को मजबूत करते हुए माफिया-अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। 1990 बैच के आईपीएस अफसर प्रशांत कुमार मूल रूप से बिहार (सीवान) के निवासी हैं। उनकी शिक्षा, बिहार और दिल्ली में हुई हैं।

- विजय कुमार के रिटायर होने के बाद प्रशांत कुमार को जिम्मेदारी

पेटीएम को 29 फरवरी के बाद जमा और टॉपअप लेने से रोका

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई ने नियमों के उल्लंघन के आरोप में की कार्रवाई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग आदि में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोक दिया है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के खिलाफ रिजर्व बैंक ने यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया है।

आरबीआई ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। इसके बाद आगे की निरीक्षण कार्रवाई की जरूरत पड़ी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड माध्यम, वॉलेट, फास्टैग, एनसीएमसी कार्ड आदि में 29 फरवरी, 2024 के बाद किसी भी जमा या क्रेडिट लेनदेन या टॉप अप की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि किसी भी ब्याज, कैशबैक या रिफंड को कभी भी जमा किया जा सकता है।

आईआईएमसी को मिला डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

नई दिल्ली। पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान, भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) को डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है। इसी के साथ अब इसे केवल डिप्लोमा के बजाय डिग्री प्रदान करने का अधिकार मिल गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जानकारी दी कि आईआईएमसी को डीम्ड यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि यह आईआईएमसी के लिए खास और ऐतिहासिक दिन है। इस संस्थान का पत्रकारिता, विज्ञापन, जनसंपर्क जैसे मीडिया विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का गौरवशाली इतिहास रहा है।

विहिप नेता समेत चार लोग गोकशी में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा को हटवाने को कराई थी गोकशी
- तहसील-थाने का कर रहे थे घेराव मददगार दरोगा भी निलंबित

अमृत विचार : पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद के नेता समेत चार लोगों को गोकशी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

इन लोगों ने गोकशी को आधार बनाकर छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा को हटवाने का प्रयास किया। विश्व हिंदू परिषद के नेताओं ने दो बार गोकशी कराकर कांवड़ियों के रास्ते में गोवंश के अवशेष रखवाए। थानाध्यक्ष पर गोकशी करने वालों से मिले होने के आरोप में लगातार धरना-प्रदर्शन किया। इनके समर्थकों ने बुधवार को भी छजलैट थाने का घेराव किया।आरोपियों के मददगार दरोगा नरेंद्र कुमार को भी एसएसपी ने निलंबित कर दिया है।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि मोनू विश्नोई उर्फ सुमित, राजीव चौधरी, रमन चौधरी, शाहबुद्दीन, जमशेद और नईम ने मिलकर साजिश को अंजाम दिया है। मोनू, राजीव, रमन व शाहबुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि जमशेद व नईम फरार हैं। गिरफ्तार चारों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है, पुलिस के पास वीडियो रिकॉर्डिंग मौजूद है। कांठ थाना क्षेत्र के रसूलपुर गुज्जर निवासी मोनू विश्नोई जो खुद को 2011 से विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार विभाग का जिला प्रमुख बताता है। छजलैट थाने के गांव चक पचोकरा का राजीव चौधरी विहिप का तहसील क्षेत्र का प्रखंड अध्यक्ष ,छजलैट के खानपुर का रमन चौधरी खुद को विहिप का सदस्य बताता है। तीनों ने चेतरामपुर के शाहबुद्दीन से मिलकर तानाबाना बुना था। पहले इन लोगों ने 16 जनवरी को समदपुर चौराहा के पास कांवड़ पथ पर मवेशी के अवशेष रखवाए। थानाध्यक्ष पर आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। 28 जनवरी को शाहबुद्दीन व जमशेद ने चेतरामपुर में गाय चोरी कर गोकशी कराई फिर तहसील कांठ और थाने का घेराव किया। एसएसपी ने बताया कि 15 दिन पहले करीब 32 भैंसे पकड़े गए थे। जिन्हें थानाध्यक्ष से दबाव बनाकर मोनू विश्नोई अपने कार्यकर्ताओं के सुपुर्द करने को कह रहा था। लेकिन थानाध्यक्ष ने अन्य को सुपुर्द कर दिए थे। मोनू थानाध्यक्ष पर गोकशी व अन्य अनैतिक कार्य कराने का दबाव बनाता था। इन मामलों में थानाध्यक्ष की सहमति न मिलने से वह उन्हें थाने से हटवाने के लिए साजिश रच रहा था।

मोनू विश्नोई क्रियाशील कार्यकर्ता हैं ,उन्होंने अपने धर्म के विरुद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ लोगों को साथ लेकर आंदोलन किया था। पुलिस से गोकशी के विरुद्ध आवाज उठाई थी। मामले में संगठन अपने स्तर से छानबीन कर रहा है। संगठन का मानना है कि विश्नोई पर कार्रवाई किसी साजिश का हिस्सा है। –**गौरव कश्यप**, विभाग प्रमुख, विहिप (धर्म प्रसार विभाग)

डूंगरपुर प्रकरण : सपा नेता आजम खां समेत सातों आरोपी बरी

रामपुर। डूंगरपुर के एक मामले में एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) ने बुधवार को सपा नेता आजम खां व पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां समेत सभी आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। सपा शासनकाल के दौरान डूंगरपुर में आसरा आवास बनाए गए थे। इस जगह पहले से कुछ लोगों के मकान बने थे। सरकारी जमीन पर बताकर तीन फरवरी 2016 की सुबह मकानों को तोड़ दिया गया था। एक साल बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो डूंगरपुर के लोगों ने जुलाई 2019 को गंज कोतवाली में मामले दर्ज कराए। आरोप था कि आजम खां के इशारे पर पुलिस और सपाइयों ने उनके घरों को जबरन खाली कराकर तोड़ दिया था।

अश्विन टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर, बुमराह चौथे पायदान पर

आईसीसी की गेंदबाजी तालिका में रविंद्र जडेजा छठे स्थान पर

दुबई, एजेंसी

आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शीर्ष स्थान पर बरकरार है, जबकि जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में अश्विन ने 6 विकेट झटके थे। बुमराह ने भी इस मैच में 6 विकेट चटकाए थे, जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजी तालिका में शीर्ष 10 में तीसरे भारतीय रविंद्र जडेजा है, जो छठे नंबर पर हैं।

बल्लेबाजों में विराट कोहली शीर्ष 10 में अकेले भारतीय

विराट कोहली छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 बल्लेबाजों में अकेले भारतीय हैं। भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 196 रन बनाने वाले इंग्लैंड के ओली पोप 20 स्थान के सुधार के साथ 15वें पायदान पर पहुंच गए हैं। पोप के इंग्लैंड टीम के साथी बेन डकेट भी अपनी रैंकिंग में सुधार करने में सफल रहे हैं। भारत के खिलाफ 35 और 47 रन की पारी खेलने के बाद पांच पायदान के फायदे से 22वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा वेस्टइंडीज के खिलाफ गाबा में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक लगाने के बाद दो स्थान के सुधार के साथ आठवें स्थान पर आ गए है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस मैच में बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के खिलाड़ी भी अपनी रैंकिंग सुधारने में सफल रहे। केमार रोच दो पायदान ऊपर 17वें, अल्जारी जोसेफ चार पायदान ऊपर 33वें और गाबा में मैन ऑफ द मैच रहे शमरा जोसेफ 42 पायदान ऊपर चढ़कर रैंकिंग में 50वें स्थान पर पहुंच गए।

टेस्ट ऑलराउंडरों में रविंद्र जडेजा सूची में टॉप पर

टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में जडेजा शीर्ष पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में इंग्लैंड के जो रूट चौथे स्थान पर पहुंच गए है। वह अगर गेंद से अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में सफल रहे तो इस सूची में शीर्ष तीन स्थान पर काबिज खिलाड़ियों जडेजा, अश्विन और शाकिब अल हसन को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। अपनी शानदार बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले रूट ने हैदराबाद टेस्ट में पांच विकेट चटकाए थे। उन्होंने दूसरी पारी में गेंदबाजी का आगाज भी किया था। अक्षर पटेल इस सूची में छठे स्थान पर खिसक गए हैं।

दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बने विष्णु सरवनन

विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस खेलों में बनाई जगह

एडीलेड, एजेंसी

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता विष्णु सरवनन लगातार दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पाल नौकायन खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने बुधवार को विश्व चैंपियनशिप के जरिये पेरिस खेलों में जगह बनाई।

मुंबई स्थित सेना नौकायन नोड में सूबेदार 24 साल के विष्णु सरवनन ने आईएलसीए-सात विश्व चैंपियनशिप में 152 प्रतिभागियों के बीच 26वें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया।

एशियाई खिलाड़ियों में शीर्ष पर रहे

सरवनन एशियाई देशों के खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। उन्होंने एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सिंगापुर के खिलाड़ी को पछाड़ा। सरवनन का कुल स्कोर 174 रहा। मानक नियमों के अनुसार इसमें से 49 के उनके न्यूनतम स्कोर को हटा दिया गया, जिससे उनका नेट स्कोर 125 रहा। स्पर्धा के दौरान तेज हवा चल रहीं थी, जिसका एडीलेड सेलिंग क्लब में प्रतिस्पर्धा कर रहे खिलाड़ियों पर असर भी पड़ा। रेस इतनी कड़ी थी कि सरवनन की अंगुलियां सुन्न हो गईं और पैर में काफी दर्द है। सरवनन इससे पहले दिसंबर में थाईलैंड एशियाई चैंपियनशिप के जरिये ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए थे और इस झटके से उबरकर आगे बढ़े थे।

मंजू रानी ने पैदल चाल स्पर्धा में जीता स्वर्ण

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब की मंजू रानी ने राष्ट्रीय ओपन रेस वॉक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को सीनियर महिलाओं की 10 किलोमीटर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 20 किमी स्पर्धा में मंगलवार को स्वर्ण जीतने के एक दिन बाद उन्होंने 10 किमी स्पर्धा में अपना दबदबा बनाया। मंजू ने 45 मिनट और 20 सेकंड के समय के साथ 10 किमी स्पर्धा का शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकेंगी।

सीनियर 10 किमी पैदल चाल स्पर्धा को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा राष्ट्रीय टीम के लिए संभावित एथलीटों का चयन करने के लिए कार्यक्रम में शामिल किया है। इसमें प्रदर्शन के आधार पर चयन होने वाली टीम अप्रैल में तुर्की में आयोजित होने वाली मैराथन पैदल चाल मिश्रित रिले में चुनौती पेश करेगी। इस प्रतियोगिता की शीर्ष 22 टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करेगी।

एक दिन पहले भी मंजू ने 20 किमी स्पर्धा में जीता था सोना

साहिल ने दिग्गजों को हराकर जीता स्वर्ण पदक

पुरुषों के 10 किमी स्पर्धा में पंजाब के साहिल ने अनुभवी खिलाड़ियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। साहिल ने 39 मिनट 25 सेकंड का समय लिया। उत्तराखंड के परमजीत सिंह बिष्ट 39 मिनट 36 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि एशियाई कांस्य पदक विजेता दिल्ली के विकास सिंह 39 मिनट 37 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। गोवा के ओंकार विश्वकर्मा ने 35 किमी स्पर्धा को दो घंटे 39 मिनट और 19 सेकंड के समय के साथ जीता। महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की वंदना पटेल ने स्वर्ण जीता।

सरफराज-पाटीदार में से किसी एक को चुनना मुश्किल फैसला : कोच

बल्लेबाजी कोच ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट में किया है अच्छा प्रदर्शन

विशाखापत्तनम, एजेंसी

भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने बुधवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए रजत पाटीदार और सरफराज खान में से किसी एक को चुनना मुश्किल विकल्प होगा। भारतीय टीम शुक्रवार से होने वाले इस मैच को जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में वापसी करना चाहेगी। हैदराबाद में खेले गए पहले मैच में मिली हार के साथ रविंद्र जडेजा और लोकेश राहुल की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर होने से भारत की मुश्किलें बढ़ गई है।

विराट कोहली पहले दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध है। ऐसे में चयनकर्ताओं को सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। रजत पाटीदार पहले से टीम का हिस्सा है। सरफराज, सौरभ और पाटीदार ने राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण नहीं किया है।

अंतिम फैसला राहुल-रोहित पर

विक्रम राठौड़ ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कि पिछले कुछ वर्षों में इन खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। इस तरह के विकेटों पर वे टीम को मजबूती प्रदान करेंगे। अगर हमें उनमें से सिर्फ एक को चुनना होगा तो निश्चित रूप से यह कठिन होगा। यह निर्णय मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा द्वारा किया जाएगा।

परिस्थितियों को देखकर तय की जाएगी टीम

विक्रम राठौड़ ने कहा कि परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ही अंतिम एकादश तय की जाएगी। पिच के बारे में कुछ भविष्यवाणी करना मुश्किल होगा। यहां स्पिनरों को टर्न मिलेगा। हो सकता है कि मैच के पहले दिन ज्यादा टर्न नहीं मिले लेकिन इससे निश्चित तौर पर टर्न मिलेगा। भारतीय टीम हैदराबाद टेस्ट मैच में हार के बाद इस मुकाबले से दमदार वापसी करना चाहेगी। उन्होंने कहा कि आप हर मैच से कुछ सीखते है। उस मुकाबले में हम बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में अच्छा कर सकते थे।

खेल डायरी

किदांबी श्रीकांत थाईलैंड मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे

बैंकॉक। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को चीनी ताइपे के वैंग जू वेई को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। श्रीकांत ने पहले दौर के मुकाबले में वैंग को 45 मिनट में 22-20, 21-19 से हराया। श्रीकांत दूसरे दौर में भारत के ही मिथुन मंजूनाथ से भिड़ेंगे। मिथुन ने पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में हांगकांग के जेसन गुनावन को 21-17, 21-8 से हराया था। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम ने भी पहले दौर के मुकाबले में मलयेशिया के लियोंग जुन हाओ को सीधे गेम में 21-14, 21-17 से हराया। हालांकि समीर वर्मा पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए, जबकि किरण जॉर्ज चीन के लेई लैन शी के खिलाफ मुकाबले में 17-21 से पिछड़ने के बाद मैच से हट गए।

जय शाह लगातार तीसरी बार बने एसीसी अध्यक्ष

नई दिल्ली। बीसीसीआई के सचिव जय शाह को बुधवार को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का अध्यक्ष चुना गया। जय शाह के कार्यकाल के विस्तार का प्रस्ताव बाली में वार्षिक आम बैठक के दौरान श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शमी सिल्वा ने रखा और एसीसी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से उनका समर्थन किया। जय शाह सबसे पहले जनवरी 2021 में इस पद पर काबिज हुए थे। उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन की जगह ली थी। उनके नेतृत्व में एसीसी ने 2022 में टी-20 और 2023 में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में एशिया कप का सफल आयोजन किया।

भारतीय मैदान विकेट कीपरों के लिए चुनौती

विशाखापत्तनम। इंग्लैंड के बेन फोक्स का कहना है कि भारतीय विकेट विकेटकीपरों के लिए सबसे कठिन हैं क्योंकि उन्हें लगातार सुधार की आवश्यकता होती है और गलतियों से निपटने के लिए मानसिक रूप से मजबूत होने की भी जरूरत होती है। 11 महीने बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे फोक्स ने हैदराबाद में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद सिराज को स्टंप किया था। फोक्स ने कहा कि उन्होंने इंग्लैंड के बाहर काफी विकेटकीपिंग की है लेकिन अधिक उछाल के कारण भारतीय पिचों पर विकेटकीपिंग सबसे मुश्किल है। उन्होंने कहा कि अगला मैच कड़ा होने वाला है।

सचिन को खाता खोलने के लिए 3 मैच तक करना पड़ा इंतजार

मुंबई, एजेंसी

सचिन तेंदुलकर ने अपने दोस्तों को अपने जीवन का पहला मैच देखने के लिए आमंत्रित किया था लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा क्योंकि दुनिया का सबसे सफल बल्लेबाज पहली ही गेंद पर आउट हो गया था।

सचिन ने अपने समर्थकों के सामने कुछ बहाने बनाए और उन्हें मना लिया कि उनके आउट होने में उनकी गलती नहीं थी। उनके वही दोस्त दूसरे मैच के लिए भी मैदान में पहुंचे लेकिन इस बार भी तेंदुलकर पहली ही गेंद पर आउट हो गए। तेंदुलकर ने तीसरे मैच के लिए अपने दोस्तों को मैदान पर नहीं बुलाया। उन्हें किस्मत में बदलाव की उम्मीद थी लेकिन इस बार भी भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया और वह एक रन बनाकर सिर्फ खाता ही खोल पाए।

तेंदुलकर ने बुधवार को कहा कि अपने जीवन के पहले मैच में उन्होंने साहित्य सहवास के अपने सभी मित्रों को बुलाया था। वह अपनी कॉलोनी के मुख्य बल्लेबाज थे। उनके सभी मित्र आए और वह पहली गेंद पर आउट हो गए जो काफी निराशाजनक था।

सचिन ने साझा किए अपने शुरुआती मैचों के अनुभव

जब समझ में आई एक रन की अहमियत

तेंदुलकर ने कहा कि तब उन्होंने एक रन बनाने की अहमियत समझी। उन्होंने पांच-छह गेंद खेली और एक रन बनाकर आउट हुए लेकिन वह खुश थे कि उन्होंने एक रन बनाया था। वह शिवाजी पार्क से बांद्रा वापस गए। बस का यह सफर सुखद था क्योंकि उन्होंने एक रन बनाया था। उन्होंने कहा कि यह इतना बड़ा बदलाव था। कि उस एक रन ने उनका मूड बदल दिया। शहर में अपने पहले घर बांद्रा के साहित्य सहवास में स्ट्रेट ड्राइव खेलने से उन्हें इस शॉट में माहिर बनने में मदद मिली और बाद में उनके कोच रमाकांत आचरेकर ने इसे और निखारा।

मयंक को अस्पताल से मिली छुट्टी

अगरतला, एजेंसी

कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है और वह वापसी के लिए तैयार हैं। मयंक को बीमार पड़ने के बाद मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह बेंगलुरु के लिए रवाना हो गए। उन्होंने एक्स पर अस्पताल के बिस्तर पर लेटे हुए अपनी तस्वीर को साझा करते हुए लिखा कि वह अब बेहतर महसूस कर रहे हैं। वापसी की तैयारी कर रहे हैं। प्रार्थना, प्यार और समर्थन के लिए सभी का शुक्रिया।

मयंक ने पानी समझकर एक पाउच से पेय पदार्थ पीया था जो इंडिगो एयरलाइंस के विमान में उनकी सीट पर रखा था। इसे पीने के बाद वह बीमार पड़ गए। कर्नाटक टीम के प्रबंधक रमेश राव ने अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद संवाददाताओं से कहा कि लगा था कि मयंक को अस्पताल में कम से कम दो या तीन दिन रुकने की जरूरत होगी लेकिन डॉक्टरों ने 24 घंटे के भीतर ही उन्हें छुट्टी दे दी। हालांकि मयंक सूरत में रेलवे के खिलाफ टीम का अगला रणजी ट्रॉफी मैच नहीं खेलेंगे। मयंक के प्रबंधक ने साजिश का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

एशियन लीजेंड्स लीग में चमक बिखेरेंगे 5 देशों के दिग्गज

क्रिकेट

नई दिल्ली। भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के दिग्गज क्रिकेट सितारे 13 मार्च से शुरु होने वाली एशियन लीजेंड्स लीग में अपनी चमक बिखेरेंगे। वर्ल्ड स्पोर्ट्स ग्रुप ने बुधवार को एशियन लीजेंड्स लीग के उद्घाटन संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की। लीग कमिश्नर और पूर्व भारतीय क्रिकेटर चेतन शर्मा ने सीजन के लिए अपने आईकन खिलाड़ियों के साथ पांच फ्रेंचाइजी के नामों की भी घोषणा की। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान जहां इंडियन रॉयल्स टीम का हिस्सा बने, वहीं पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान पाकिस्तान स्टार्स के लिए मैदान में उतारेंगे। इसी तरह श्रीलंका लायंस ने पूर्व सलामी बल्लेबाज उपुल थरंगा को अपने साथ जोड़ा है, जबकि अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान उद्घाटन संस्करण के लिए अफगानिस्तान पठान्स टीम में शामिल हुए हैं। मोहम्मद अशरफुल को बांग्लादेश टाइगर ने अपने आईकन खिलाड़ी के रूप में शामिल किया है। चेतन शर्मा ने कहा कि एशियन लीजेंड्स लीग एक अनोखा टूर्नामेंट है जिसमें एशिया के पांच शीर्ष देशों के कुछ सबसे बड़े नाम एक बार फिर वर्चस्व की लड़ाई में भाग लेते हुए दिखेंगे। एक क्रिकेटर के रूप में, जब खेलते हैं तो बहुत गर्व महसूस होता है। लेकिन ऐसी लीगों में देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा गर्व की अनुभूति होती है।

रणबीर ने संजय लीला भंसाली के सामने रखीं बड़ी शर्तें

रणबीर कपूर की हाल ही रिलीज हुई फिल्म एनिमल को दर्शकों का खूब प्यार मिला। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई है। बीते दिनों खबर आई थी कि रणबीर कपूर संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आने वाले हैं। इस बीच एक और खबर सामने आ रही है कि उन्होंने फिल्म को साइन करने से पहले कुछ शर्तें रख दी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रणबीर कपूर ने यह कहा है कि फिल्म की शूटिंग समय से हो और डेट को आगे ना बढ़ाया जाए। इसपर संजय लीला ने रणबीर से वादा किया है कि जुलाई साल 2025 तक फिल्म पूरी कर लेंगे। दूसरी शर्त है काम के घंटे तय होना। आखिर में रणबीर कपूर ने कहा कि हर काम डिसिप्लिन के साथ हो। इस फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ विक्की कौशल भी नजर आएंगे। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तहलका मचाया कि सभी के होश उड़ गए। रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना और अनिल कपूर की इस फिल्म ने दुनिया भर में 900 करोड़ का आंकड़ा पार किया।

वरुण धवन के साथ बोनी कपूर बनाएंगे नो एंट्री का सीक्वल

बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म नो एंट्री का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 2005 में फिल्म नो एंट्री बनाई थी। इस फिल्म में सलमान खान, अनिल कपूर, फरदीन खान, सेलीना जेटली, बिपाशा बासु और लारा दत्ता ने अहम भूमिका निभाई थी। नो एंट्री के सीक्वल का निर्देशन अनीस बजमी करेंगे। कहा जा रहा है कि इसमें वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे।

चंद पैसों के लिए अपराध की राह पर चलीं अभिनेत्रियां, तबाह हो गया कॅरिअर

बॉलीवुड में शोहरत कमाना और फिर उसे बनाए रखना और वह भी अभिनेत्रियों के लिए आसान डगर नहीं है। कई अभिनेत्रियां ऐसी रहीं जो अच्छी खासी पहचान बनाने के बाद अपराध के दलदल फंसकर अपने बने-बनाए कॅरिअर को तबाह कर बैठीं। इन्हें बाद में काम के लिए मोहताज तक होना पड़ा था। आइए जानते हैं ऐसी अभिनेत्रियों के बारे में जिनके नाम आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए और इसका असर उनके कॅरिअर पर पड़ा।

जैकलीन फर्नांडिस : अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने अपनी खूबसूरती और अदाकारी से लाखों लोगों को अपना दीवाना बनाया मगर इन दिनों वह सुकेश चंद्रशेखर के मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी के रडार पर हैं। इस मामले में उनका नाम सामने आने के बाद उनके कॅरिअर पर खासा असर पड़ा है।

मोनिका बेदी : 90 के दशक की खूबसूरत अभिनेत्री मोनिका बेदी का नाम सुर्खियों में उस समय आया जब उनका नाम अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम से जुड़ा।

ममता कुलकर्णी : ममता कुलकर्णी पर मादक पदार्थ की तस्करी के गंभीर आरोप है। इस मामले में उनके खिलाफ 12 अप्रैल 2016 में चार्जशीट दायर की गई थी। जो फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है।

रिया चक्रवर्ती : सुशांत सिंह राजपूत की मृत्यु के बाद उनकी गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती पर ड्रग्स खरीदने और बेचने के गंभीर आरोप लगे थे। इसके बाद उन्हें एनसीबी की गिरफ्त में आने के बाद 1 महीने तक जेल में रहना पड़ा। हालांकि बाद में उन्हें क्लीन चिट दे दी गई।

सोनाली बेंद्रे : सलमान खान और सैफ अली खान के साथ सोनाली बेंद्रे का भी नाम काले हिरण के शिकार केस में जुड़ा था। हालांकि उन्हें केस में आरोपी नहीं माना गया था।

श्वेता बसु प्रसाद : मकड़ी फेम चाइल्ड एक्टर रहीं श्वेता बसु प्रसाद का नाम हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट में आया था। इसके बाद वह पुलिस रिमांड तक में रही थीं। बाद में उन्हें कोर्ट से जमानत मिली थी।

49 साल की हुईं अभिनेत्री प्रीति जिंटा



अभिनेत्री प्रीति जिंटा बुधवार को 49 वर्ष की हो गईं। 31 जनवरी 1975 को हिमाचल प्रदेश के शिमला में जन्मी प्रीति जिंटा ने अपने कॅरिअर के शुरुआती दौर में विज्ञापन फिल्मों में काम किया। उन्होंने बॉलीवुड में अपने कॅरिअर की शुरुआत 1998 में मणिरत्नम की फिल्म दिल से से की। इसके लिए प्रीति जिंटा को फिल्मफेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। वर्ष 1998 में प्रीति जिंटा की एक और फिल्म सोल्जर प्रदर्शित हुई। इसमें प्रीति जिंटा के अपोजिट बॉबी देओल थे। इस फिल्म में प्रीति जिंटा और बॉबी देओल की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सोल्जर सुपरहिट साबित हुई। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म क्या कहना प्रीति जिंटा के कॅरिअर के लिए अहम फिल्म साबित हुई। इके पहले लोगों की धारणा थी कि प्रीति जिंटा केवल चुलबुले किरदार निभा सकती है लेकिन इस फिल्म में प्रीति जिंटा ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। इसके बाद दिल चाहता है प्रीति जिंटा के कॅरिअर की महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है। वर्ष 2003 प्रीति जिंटा के लिए खास साल साबित हुआ। इस साल उनकी कल हो ना हो और कोई मिल गया जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुई। कल हो ना हो के लिए प्रीति जिंटा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गई, वहीं कोई मिल गया के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार से नामांकित की गई। वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म वीर जारा भी खूब पसंद की गई। वर्ष 2005 में सलाम नमस्ते, 2006 में कभी अलविदा ना कहना प्रीति जिंटा के कॅरिअर की अंतिम सुपरहिट फिल्म साबित हुई। इसके बाद उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया। वर्ष 2013 में फिल्म इश्क इन पेरिस के जरिये प्रीति जिंटा ने कमबैक किया लेकिन यह फिल्म सफल नहीं रही है। प्रीति जिंटा ने वर्ष 2016 में अमेरिकन जीन गुडइनफ से शादी की है। शादी के बाद प्रीति जिंटा ने फिल्मों में काम करना बंद कर दिया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

रामलला की स्तुति के बाद अब कोई इच्छा नहीं : अनुराधा पौडवाल

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामलला की स्तुति के बाद अब कोई इच्छा नहीं है। मेरी 20 साल पुरानी इच्छा पूरी हो गई। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर भजन गाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। जब-जब रामलला बुलाएंगे, मैं आऊंगी। ये कहना है पहुंची जानी-मानी पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल का। वो बुधवार शाम शहर के एक होटल में 'अमृत विचार' से खास बातचीत कर रहीं थीं। कहा कि रामलला के समक्ष राम भजन प्रस्तुत करना उनके जीवन का अप्रितम क्षण है।

सुप्रसिद्ध गायिका ने अपने कॅरिअर के हर पड़ाव पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बचपन से ही उनकी रुचि संगीत में थी। इसके लिए उनकी मां ने प्रोत्साहित किया। लता जी उनकी आदर्श रही हैं, उन्हीं से प्रेरणा लेकर वह रेडिया व संगीत सुनकर गाने का अभ्यास करती थीं। उन्हें कॅरिअर का पहला ब्रेक अभिमान फिल्म से मिला। उसके बाद उन्होंने फिल्मी बहुत फिल्मी गाने गए। फिल्मों में करीब 20 साल गायकी के बाद उनकी रुचि भक्ति गाने की तरफ हुई। सन् 92-93 में उन्होंने भजन-स्तुति का गायन शुरू किया।

उन्होंने कहा कि करीब 20 साल पहले जब अयोध्या आई थी तो रामलला को टेंट में देखकर मन बहुत दुखी हुआ था। उस समय सिर्फ एक ही भाव मन में आया था कि प्रभु आप जल्द अपने भव्य मंदिर में विराजमान हों और उस दिन मैं आपके भजन गाऊं। उन्हीं की कृपा और आशीर्वाद से प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में रामलला के समक्ष राम भजन की स्तुति करने का अवसर मिला। जो मेरे जीवन का सबसे सौभाग्यशाली क्षण है। अब इसके आगे कोई इच्छा शेष नहीं है। जीवन की सारी तपस्या फलीभूत हो गई है। ये भी सच है कि बिना ईश्वर की मर्जी के जीवन में आप कुछ नहीं कर सकते। कहा कि मेरी बेटी की भी धार्मिक रुचि है और अब वो अधिकतर कार्यक्रम में मेरे साथ रहती है। वार्ता के समय उनकी पुत्री गायिका कविता पौडवाल भी साथ थीं।

- पार्श्व गायिका बोलीं- प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर राम भुजंग गा कर 20 साल की इच्छा हुई पूरी
- कहा- प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर भजन गाना मेरे लिए सौभाग्य की बात, जब-जब रामलला बुलाएंगे, मैं आऊंगी

पौडवाल के सुरों से सजी राग सेवा उत्सव की शाम

मंदिर के गर्भगृह में रामलला के प्रतिष्ठित होने के बाद जन्मभूमि परिसर में राग सेवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन शाम को आयोजित हो सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नामी कलाकार गायन, वादन व नृत्य प्रस्तुत कर अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बुधवार को पहुंची जानी-मानी पार्श्व गायिका अनुराधा ने राम भजन प्रस्तुत कर रामलला के प्रति श्रद्धा निवेदित की। उन्होंने पायोजी मैंने राम रतन धन पायो..., ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजानिया... समेत कई राम भजन और संसकृत में राम भुजंग गाकर लोगों का मन मोह लिया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उन्होंने राम भुजंग की दो लाइनें गाईं थीं। जिसे आज पूरा किया।

मराठी, गुजराती और बंगाली में भी किया गायन

जानी-मानी पार्श्व गायिका ने बताया कि हिन्दी फिल्मों, भजन-स्तुति के अलावा उन्होंने बहुत से भाषाओं में गायन करने का मौका मिला। उन्होंने हिन्दी के अलावा मराठी, उड़िया, बंगाली, मराठी, गुजराती में भी गायन किया है। अनुभव भी अच्छे रहे हैं लेकिन भजन-स्तुति के गायन के बाद उनके कॅरिअर को एक नई दिशा मिली और हृदय में एक असीम शांति की अनुभूति भी हुई। उन्होंने बताया कि भजन के अलावा कुछ और करने की इच्छा नहीं है।

आशा, हेमंत और किशोर दा के साथ गायन करना सबसे अच्छा अनुभव

गायिका अनुराधा पौडवाल ने कहा कि गायिकी में उनकी आदर्श रहीं लताजी के साथ काम करने की ख्वायिश अधूरी रह गई, लेकिन उनकी प्रेरणा से आज यहां तक पहुंची हूं। उन्होंने बताया कि आशा, हेमंत, किशोर दा, तलत महमूद के साथ उन्हें काम करने का मौका मिला। इससे उन्हें बहुत कुछ अनुभव भी हासिल हुए।

मोदी और योगी जी की वजह से बदल गई अयोध्या

उन्होंने कहा कि भव्य मंदिर में रामलला के दर्शन कर बहुत सुखद अनुभूति हुई। यही नहीं अब तो पूरी अयोध्या ही बदल गई। यहां की गलियां चौड़ी सड़कों में बदल गईं। ये सब मोदी जी और योगी जी के विजन के कारण ही संभव हुआ है। आज अयोध्या आकर बहुत अच्छा लगता है।

अब अचानक नहीं बदलेगा ट्रेन का प्लेटफार्म

अयोध्या धाम समेत चारों रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण प्रणाली की गई लागू | सीओ स्तर के अधिकारी तैनात, कड़े सुरक्षा मानकों से गुजर रहे श्रद्धालु

500 आरपीएफ जवान यात्रियों की सुरक्षा में हुए तैनात

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनगरी में आने वाली ट्रेनों का अब अचानक प्लेटफार्म नहीं बदला जाएगा। भगदड़ की स्थिति न हो, इसलिए रेल प्रशासन से इसका अनुरोध किया गया है। दर्शनार्थियों के सुविधा के लिए अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, दर्शननगर और सलालपुर रेलवे स्टेशन पर सीओ स्तर का अधिकारी तैनात कर भीड़ नियंत्रण प्रणाली लागू की गई है। स्टेशन पर 500 आरपीएफ की जवान, लीडकमांडो व स्वान दस्ता तैनात कर सुरक्षा के व्यापक के इंतजाम किए गए हैं। यात्रियों को कतार बद्ध करने के लिए क्यू मैनेजर की नियुक्ति की गई है। यात्रियों सुरक्षा के अलग-अलग मानकों को पूरा करने के बाद ही प्लेटफार्म और स्टेशन की बिल्डिंग में जाने दिया जा रहा है।

ये जानकारी बुधवार को सीनियर डिवीजनल सिक्योरिटी कमिश्नर आशुतोष पांडेय ने दी। वो अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के बाद स्टेशन के पुराने भवन में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि स्पेशल ट्रेन के लिए विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है। यात्रियों को विशेष सुविधाएं भी दी जा रही हैं। सुरक्षा के लिहाज से स्पेशल ट्रेनों को हर स्टेशन पर स्कॉर्ट कराया जा रहा है। सुरक्षा घेरे को अपग्रेड भी किया गया है। अयोध्या में चारों स्टेशन पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैस कैमरे सुरक्षा के लिहाज से लगाए गए हैं। सीसीटीवी से नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही रेलवे ने बैग स्कैनर और डीएफएमडी लगाकर सुरक्षा को और भी मजबूत घेरा बनाया है। यात्रियों को जांच के बाद ही स्टेशन पर प्रवेश हो रहा है।

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर तैनात जीआरपी कमांडो।

200 से ज्यादा आस्था स्पेशल ट्रेनें आएंगी

सीनियर डिवीजनल सिक्योरिटी कमिश्नर आशुतोष ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। अगले दो महीनों में 200 से ज्यादा आस्था स्पेशल ट्रेन यहां पहुंचेंगी। इन ट्रेनों के जरिए अलग-अलग प्रांत के राम भक्त रामलला का दर्शन करेंगे। रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा को लेकर विशेष तैयारी की गई है। अयोध्या जिले के चार रेलवे स्टेशन को स्पेशल ट्रेनों के संचालन के लिए चयन किया गया है। जिसमें सलारपुर, दर्शननगर, अयोध्या कैंट और अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन है। प्रतिदिन चार से पांच आस्था स्पेशल ट्रेन यहां पहुंच रही हैं।

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा उपकरण से होकर गुजरते हुए यात्री।

रामनवमी तक बंद रहेगा स्टेशन से होकर गुजरने वाले वाहनों का आवागमन

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के रास्ते अब स्थानीय लोगों के वाहनों के आवागमन पर भी रोक लगा दी गई है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को लेकर रामपथ पर रूट डायवर्जन किया जा रहा है। जिसको लेकर स्थानीय लोगों के लिए श्रीराम अस्पताल चौराहे से रेलवे स्टेशन के रास्ते रायगंज क्षेत्र से होकर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचते है। अब रेलवे ने इन मार्गों को बंद दिया है। जीआरपी के अधिकारियों के मुताबिक अयोध्या रेलवे स्टेशन की सुरक्षा के कारण उच्च स्तरीय फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस डायवर्जन प्लान को आने वाले रामनवमी तक लागू रखा जाएगा।

प्रवेश और निकास के लिए बनाया गया अलग मार्ग

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर आने-जाने के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं। सीनियर डिवीजनल सिक्योरिटी कमिश्नर आशुतोष पांडेय ने बताया कि टेढ़ी बाजार के आरओबी के बगल नए मार्ग से यात्रियों के प्रवेश द्वार बनाया गया है। जहां से होकर रेलवे स्टेशन पर पहुंच सकेंगे। ट्रेनों से आने वाले यात्री स्टेशन से श्रीराम अस्पताल और रायगंज के रास्ते निकालने वाले मार्ग को निकास द्वार बनाया गया है। जहां से होकर आसानी से यात्री राम मंदिर तक पहुंच सकेंगे।

दिल्ली के लिए बढ़ीं फ्लाइट, स्पाइस जेट के विमान आज से भरेंगे उड़ान

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनगरी में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्पाइस जेट गुरुवार से अयोध्या से अपनी विमान सेवा शुरू करने जा रहा है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, अहमदाबाद, जयपुर, पटना, दरभंगा और बंगलुरु तक की दूरी को कम करने के लिए स्पाइस जेट के विमान उड़ान भरते दिखाई पड़ेंगे। अब सबसे अधिक फ्लाइट्स दिल्ली के लिए हो गई है। एयर इंडिया, इंडिगो के अलावा अब स्पाइस जेट से भी यात्री दिल्ली आ-जा सकेंगे।

स्पाइस जेट को उड्डयन विभाग से मंजूरी मिलने के बाद दिल्ली, मुबई व चेन्नई से अयोध्या के बीच विमान प्रतिदिन उड़ान भरेंगे। स्पाइस जेट एयरलाइन्स के मुताबिक गुरुवार को छोड़कर अयोध्या से अहमदाबाद के लिए प्रतिदिन विमान संचालित होंगे। इसके अलावा अन्य महानगरों का भी शेड्यूल जारी हुआ है। अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विमानों की संख्या बढ़ते ही एक हेल्प डेस्क बनाया गया है। कंटेनर में बने हेल्प डेस्क में दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो आने वाले यात्रियों की हर प्रकार से मदद करेंगे। इसके अलावा एयरपोर्ट के प्रवेश द्वार पर एक भारी-भरकम हैंगर पंडाल बनाया गया है, जिसमें यात्रियों के रुकने व डाइनिंग तक के भव्य इंतजाम हैं। बुधवार को पांच फ्लाइट्स आईं, जिसमें दिल्ली से दो, कोलकाता, मुंबई और बंगलुरु से एक-एक आईं और गईं।

एयरपोर्ट पर बनाया गया सहायता केंद्र। अमृत विचार

स्पाइस जेट ने एयरपोर्ट पर उतारे दो कंटेनर ऑफिस

इतनी अधिक संख्या में फ्लाइट्स के संचालन के लिए स्पाइस जेट ने अपने कर्मचारियों को बड़ी संख्या में अयोध्या उतार दिया है। एयरलाइन्स के गुरमीत सिंह ने बताया कि स्टाफ के लिए दो कंटेनर ऑफिस भी अयोध्या पहुंचे हैं। कंटेनर में कंप्यूटर, वाईफाई, सीसीटीवी कैमरे के अलावा बैठने के भी उचित इंतजाम हैं। यह दोनों कंटेनर फरीदाबाद से आए हैं और इन्हें के एयरपोर्ट के बाहर ही रखाया गया है।

जूम एयरलाइंस ने भी दिल्ली के लिए शुरू की सेवा

स्पाइस जेट के ऐलान के बाद जूम एयरलाइंस ने भी अयोध्या से दिल्ली के बीच विमान सेवा शुरू कर दी है। जूम की पहली फ्लाइट बुधवार को एयरपोर्ट पर पहुंची। एयरलाइंस के एक प्रतिनिधि ने बताया कि जूम की फ्लाइट्स सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को अयोध्या से दिल्ली के बीच उड़ान भरेंगी। दिल्ली एयरपोर्ट से 10 :25 पर उड़ान भरने के बाद 11 :55 पर यहां पहुंचेगी। इसके बाद दोपहर में दो बजे दिल्ली के लिए वापस हो जाएगी।

भावनात्मक बुद्धिमत्ता से दूर होती है अनावश्यक चिंता: मनदर्शन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : बोर्ड परीक्षा की आहट से घबराहट होना एक हद तक तो सामान्य होता है। यह घबराहट यदि इस स्थिति तक बढ़ जाये कि खुद को संभालना मुश्किल होने लगे तो यह स्थति एक मनोविकार का रूप हो सकती है। जिसे पैनिक एंग्जाइटी या एंग्जायटी डिसऑर्डर कहा जाता है। घबराहट, बेचैनी, हताशा, चिड़चिड़ापन, दिल की धड़कन बढ़ना आदि लक्षण दिखते हैं। ऐसे छात्र चिंतालु या लापरवाह व्यक्तित्व के होते हैं।यह बातें डॉ.आलोक मनदर्शन ने बुधवार को उदया पब्लिक स्कूल में आयोजित एग्जाम एंग्जायटी एंड पर्सनालिटी टाइप विषयक कार्यशाला में कहीं। उन्होंने इससे बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि चिंतालु व लापरवाह व्यक्तित्व के प्रति सतर्क रहें। इमोशनल इंटेलीजेंस या भावनात्मक बुद्धिमता से नकारात्मक मनोभावों से दूरी बनाते हुए मनोस्वास्थ्य पर फोकस करें।कार्य या अध्ययन के बीच छोटे ब्रेक लेकर मनोरंजक गतिविधियों का भी पूरा आनन्द लें। तरल पदार्थो का सेवन करते रहें। छह से आठ घन्टे की गहरी नींद अवश्य ले। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रधानाचार्य जीवेन्द्र सिंह और संयोजन निधि सिन्हा ने किया।

ई-रिक्शा के चलते बाइक पलटी, 11 माह के बालक की मौत

बीकापुर, अयोध्या

अमृत विचार : कोतवाली अंतर्गत अयोध्या - प्रयागराज हाईवे पर बुधवार देर शाम सड़क हादसे में एक 11 माह के बालक की मौत हो गई। दुर्घटना में बाइक चालक और महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं जबकि चार साल की बच्ची बाल-बाल बच गई। यह दुर्घटना शेरपुर पारा के निकट एक ई-रिक्शा चालक द्वारा बिना देखे मोड़ देने से हुई। घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

महाराजगंज थाना क्षेत्र के दतौली निवासी पूजा मौर्य पत्नी राम नरेश मौर्य मायके बीकापुर यहां के मजरूद्दीनपुर आई हुई थी। उसके बाद बहन के घर रामपुर भगन गई थी। बुधवार शाम को बहन के पुत्र अभिषेक मौर्य के साथ बाइक से अपने पुत्री परी (4) पुत्र अंश 11 माह के मायके वापस जा रही थी। शेरपुर पारा के पास पानी का बोतल लादे ई रिक्शा चालक ने मोड़ दिया। बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। महिला की गोद से अंश छिटक कर सड़क पर जा गिरा। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सड़क पर गिरने से पूजा को भी गंभीर चोट आई है। बाइक चला रहे अभिषेक को भी हल्की चोट आई है। जबकि बाइक पर बैठी परी बाल बाल बच गई। घायल मां और मासूम बच्चे को सीएचसी बीकापुर लाया गया। चिकित्सक एसके मौर्य ने बालक को मृत घोषित कर दिया। मां को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया विधिक कार्यवाही की जा रही है।

सीएचसी पहुंच कर जांच करती पुलिस।

हादसे के बाद ओवरब्रिज से नीचे गिरा बाइक सवार

अयोध्या, अमृत विचार : शहर क्षेत्र में बुधवार को हुए तीन अलग-अलग हादसों में चार लोग घायल हो गए। इनमें से एक को लखनऊ और एक को दर्शननगर मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। बताया गया कि एक बाइक सवार दो युवक लखनऊ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कैंट थाना क्षेत्र स्थित सहादतगंज ओवरब्रिज पर किसी वाहन से टक्कर बचाने के दौरान बाइक डिवाइडर से टकरा अनियंत्रित हो गई और पीछे बैठा युवक उछलकर ओवरब्रिज से नीचे गिर पड़ा, जबकि बाइक चला रहा युवक सड़क पर गिरा और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। चौकी प्रभारी यशवंत द्विवेदी ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया तो चिकित्सक डॉ. आशुतोष प्रताप सिंह ने ओवरब्रिज से नीचे गिरे घायल युवक को लखनऊ रेफर कर दिया, जबकि उसके साथी 30 वर्षीय अवनीश कुमार पुत्र छेदन लाल निवासी तोराई थाना असंदरा जिला बाराबंकी को भर्ती किया है। चौकी प्रभारी का कहना है कि बाइक के आधार पर गंभीर घायल की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। उधर नगर कोतवाली क्षेत्र में मकबरा रेलवे क्रॉसिंग के पास गिरने के चलते बाइक सवार 33 वर्षीय अनूप जायसवाल पुत्र रमेश जायसवाल निवासी पुरानी मछली मंडी चौक घायल हुआ है। हादसे के समय वह नाका से फतेहगंज की ओर आ रहा था। वहीं सिविल लाइन स्थित प्रेस क्लब के पास ऑटो की टक्कर से बाइक सवार 35 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र जानकी प्रसाद निवासी मऊ यदुवंशपुर पलिया थाना कैंट घायल हुआ है। हादसे के समय वह अपने घर से सिविल लाइन अंग्रेजी शराब गोदाम अपनी ड्यूटी पर आ रहा था। घायल को उसके मित्र राम मूरत मिश्रा ने जिला चिकित्सालय पहुँचाया तो डाक्टर ने हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर रेफर कर दिया।

सार-संक्षेप

राम नाम जप के साथ गुटखा छोड़ने के लिए कर रहे प्रेरित

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : महाराष्ट्र से आए ज्ञान विज्ञान सत स्वरूप के सदस्यों ने राम नाम जाप के लिए श्रद्धालुओं से माइक के माध्यम से अपील की। ज्ञान विज्ञान सत स्वरूप नामक संस्था का लगभग 40 सदस्यों का एक दल जिसमें 8 महिलाएं भी है आएं हैं। सदस्यों ने अयोध्या धाम के प्रमुख मंदिर के मार्गो पर दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं को रोककर माइक के माध्यम से राम नाम जाप के लिए प्रेरित किया। संस्था के सदस्यों का मुख्य उद्देश्य गुटखा पान मसाला को छोडाना और श्री राम नाम का जाप करवाना है।महाराष्ट्र के जल गांव से आए संस्था के सदस्यों ने कहा कि प्रमुख तौर से हेमंत, बाबू, मुकेश भाई के साथ हम लोग 3 दिनों से यह काम कर रहे है।

राजकुमार पांडेय अध्यक्ष व राम सुरेश बने मंत्री

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश की स्थानीय शाखा नलकूप खंड का चुनाव हुआ। जिसमें राजकुमार पांडेय को अध्यक्ष एवं राम सुरेश कनौजिया को मंत्री तथा दु:ख हरण सिंह को संप्रेक्षक निर्वाचित घोषित किया गया। कर्मचारियों का अधिवेशन एवं रिटायर्ड कर्मियों के लिए विदाई समारोह एक साथ हुआ। जिसमें सभी कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त जिलेदार सतीश को विदाई दी। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष अरविंद सिंह चुनाव अधिकारी रहे। पर्यवेक्षक के रूप में प्रभाकर नाथ त्रिपाठी शामिल रहे। शपथ ग्रहण परिषद के नेता अरविंद सिंह ने कराया। दीपराज सिंह जिलेदार पंचम, विजय पांडे जिलेदार चतुर्थ, डेनियल भारती, अनुपम दुबे, नित्यानंद सिंह, राम यज्ञ कनौजिया, ज्ञान प्रकाश मौजूद रहे।

बूथों पर छह फरवरी तक घूमेगी वोटर एलईडी वैन

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : लोक सभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान के तहद बीकापुर विधान सभा क्षेत्र में चल रही वोटर एलईडी वैन सभी 410 बूथों पर छह फरवरी तक घूमेगी। इसमें क्षेत्र के बीएलओ और सुपरवाइजर मतदान की निष्पक्षता का डेमो मतदाताओं से कराएंगे। यह जानकारी बुधवार को उपजिला जिलाधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने देते हुए अभियान में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि इसमें सहयोग करने की अपील की। वो तहसील मुख्यालय पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक कर रहे थे। उन्होंने जन प्रतिनिधियों को चुनावी आदर्श आचार संहिता का पाठ भी पढ़ाया। बैठक में भाजपा मंडल महामंत्री अरुण तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, कांग्रेस जिला सचिव लाल मोहम्मद, अपनादल एस प्रदेश सचिव सत्रोहन वर्मा, सपा विधान सभा क्षेत्र महासचिव विजय प्रकाश, रालोद जिला अध्यक्ष राजेश तिवारी, तहसीलदार विनोद चौधरी मौजूद रहे।

डॉ. एनपी गुप्ता बनाए गए प्रभारी सीएमएस

अयोध्या। अमृत विचार : जिला अस्पताल में वरिष्ठ आर्थो सर्जन डॉ.एनपी गुप्ता ने बुधवार को प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का पदभार ग्रहण कर लिया। डॉ. बृज कुमार ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया। डॉ. एनपी गुप्ता ने बताया कि शासन से मिले निर्देशों का पालन कराया जाएगा। अस्पताल में दलालों पर लगाम लगाने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

पुराने भवन में कटवाइए परचा, नए भवन में कराइए इलाज

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में मरीज पुराने से नए भवन का चक्कर काटते-काटते परेशान होते जा रहे हैं। पर्चा कटाने से लेकर इलाज व दवा तक के लिए कई बार मरीजों को इधर-उधर भागदौड़ करनी पड़ती है। इसमें गंभीर मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

मेडिकल कॉलेज में मरीजों की सुविधाओं के लिए नए भवन में स्वास्थ्य सेवाएं संचालित करा दी गई हैं। इसमें भूतल पर ट्रॉमा सेंटर के अलावा प्रथम तल पर ओपीडी संचालित हो चुकी हैं। सर्जरी, मेडिसिन, आर्थो के विभाग अब नए भवन में संचालित हो रहे हैं। यहां ओपीडी में चिकित्सकों को दिखाने के लिए मरीजों को पुराने भवन में पर्चा कटाना पड़ता है। चिकित्सक को दिखाने के लिए नए भवन में जाना पड़ता है। चिकित्सक ने मरीज को देखने के बाद सीटी स्कैन के लिए बोल दिया तो फिर पुराने भवन में आकर जांच करानी पड़ती है। जांच के बाद फिर नए भवन में जाकर चिकित्सक को जांच दिखाने के बाद दवाएं लिखी जाती हैं। इसके बाद मरीजों को फिर से पुराने भवन में जाकर दवाएं लेनी पड़ती है। सब कुछ ठीक रहा तो कोई बात नहीं अगर दवा नहीं मिली तो फिर से नए भवन में जाकर डॉक्टर साहब को बताना पड़ता है। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान मरीजों को इधर से उधर कई चक्कर लगाने पड़ते हैं।

हाल मेडिकल कॉलेज का, ऑर्थो व सर्जरी के मरीजों की बढ़ गई भागदौड़

पुराने भवन में बने काउंटर पर पर्चा कटवाते मरीज व तीमारदार एवं नए भवन में बने ओपीडी में बैठे मरीज व तीमारदार।

लिफ्ट में अकेले जाने में डर लगता है

कटरा बाजार से आईं प्यारी भी थककर कैंपस में बैठी हुई थीं। उन्होंने बताया कि वह टांका कटाने आई थीं। लिफ्ट से जाने से भी डर लगता है। सीढ़ियां चढ़कर जाना पड़ता है। ऊपर-नीचे करते-करते दर्द बढ़ गया। अब सिर्फ दवा लेनी है। भांजा लाइन में लगकर दवा ले रहा है।

नए भवन में ही पर्चा और दवा की व्यवस्था हो

बारुन बाजार से आईं माया देवी ने बताया कि उनके हाथ में प्लास्टर बंधा है। पर्चा बनवाने के बाद वह डॉक्टर को दिखाने नए भवन में पहुंची। कुछ दवा नहीं मिली। अब डॉक्टर को बताने जाना था, लेकिन जाने की हिम्मत नहीं पड़ रही है। इसलिए बैठ गई हूं। नए भवन में ही पर्चा और दवा का काउंटर होना चाहिए।

> चार विभाग नए भवन में शिफ्ट हुए है। पर्चा काउंटर अलग-अलग नहीं बन सकता है। यह सेंट्रलाइज्ड होता है। पर्चे में सीआर नंबर के साथ बार कोड भी रहता है। अलग-अलग जगह पर पर्चे बनेंगे तो बार कोड मिलाने में बड़ी दिक्कत आएगी। सभी बड़े अस्पतालों में यही सुविधाएं रहती हैं। हालांकि मरीजों को किसी तरह की परेशान न हो। इसका ध्यान रखा जा रहा है।
> **-डॉ. डीके सिंह, सीनियर प्रोफेसर, मीडिया प्रभारी**

एक नजर

सपा ही एकमात्र विकल्प : तेज नारायण

पूराबाजार, अयोध्या। विकासखंड पूराबाजार के ग्राम पंचायत मोहतसिमपुर में पीडीए पखवाड़ा के तहत चौपाल हुई। पूर्व राज्य मंत्री तेज नरायन पाण्डेय पवन ने भाजपा सरकार में बढ़ी महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को लेकर निशाना साधा। कहा कि समाजवादी पार्टी ही एकमात्र विकल्प है। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रक्षाराम यादव व संचालन महासचिव गोपीनाथ वर्मा ने किया। राम शंकर वर्मा, शिवबरन यादव, चौधरी जगदीश, हरिराम वर्मा, प्रधान राजेश कोरी आदि मौजूद रहे।

हनुमत नगर चौराहे पर पुलिया की दीवार टूटी

मसौधा, अयोध्या। भरतजी की तपोभूमि नंदीग्राम भरत कुंड से दर्शनार्थ अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए हनुमत नगर चौराहे पर पुलिया की दीवार टूट गई है। यही नहीं वहां एक गड्ढा भी बन गया है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि ये गड्ढा जानलेवा साबित हो सकता है। स्थानीय लोगों ने पुलिया निर्माण की मांग उठाई है।

सिटी मजिस्ट्रेट का तबादला

अयोध्या। अमृत विचार : एडीएम प्रशासन अमित सिंह के तबादले के बाद अब सिटी मजिस्ट्रेट का भी स्थानांतरण हुआ है। शासन ने सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद द्विवेदी को मथुरा-वृंदावन प्राधिकरण का सचिव बनाकर भेजा है।

तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

मवई, अयोध्या। अमृत विचार : बाबा बाजार थाना पुलिस ने एक शख्स को अवैध देशी तमंचा व पांच मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि पकड़े गए शख्स की पहचान पारापहाड़पुर निवासी रवि कुमार के रूप में हुई है।

पशु आरोग्य मेला तीन को

अयोध्या, अमृत विचार : मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जगदीश सिंह ने बताया कि तीन फरवरी को विकासखंड मवई के ग्राम माजनपुर में पंडित दीन दयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य मेले का आयोजन पशुपालन विभाग द्वारा किया गया है।

आरोपी की जमानत खारिज

अयोध्या। क्रेशर पर काम करने वाले नौकर कौशल द्वारा किशोरी का अपहरण करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। यह आदेश अपर जिला जज अशोक कुमार दुबे की अदालत से बुधवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रोहित पांडेय ने बताया कि घटना 12 अप्रैल 2023 की है। सीतापुर निवासी कौशल बीकापुर कोतवाली के एक गांव में स्थित क्रेशर पर काम कर रहे थे। वहां से उसने वहां काम कर रही किशोरी का अपहरण कर लिया और उसे लेकर सीतापुर गया। घटना के तीसरे दिन किशोरी क्रेशर के समीप गन्ने के खेत से बरामद की गई थी। इसकी रिपोर्ट किशोरी के परिजनों द्वारा लिखाई गई थी। कोर्ट ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने से इनकार कर दिया।

एनपीएस में शिक्षकों का लाखों रुपये दबाए बैठा विभाग!

हजारों शिक्षकों के एरियर में कटौती के बावजूद एनपीएस में नहीं भेजा गया पैसा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा जहां एक ओर पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा चलाई जा रही नवीन पेंशन योजना में शिक्षकों के खाते से कटौती होने के बावजूद लाखों की धनराशि शिक्षकों के एनपीएस खाते में नहीं भेजी जा रही है। जिससे जिले के शिक्षकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

मुद्दा

केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा अप्रैल 2004 के बाद नियुक्त शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए नवीन पेंशन योजना लाई गई थी। जिसमें 10 प्रतिशत की कटौती शिक्षकों व कर्मचारियों से की जाती है। इसके बाद सरकार द्वारा 14 प्रतिशत का अंशदान नवीन पेंशन योजना में दिया जाता है। यहां जिले में शिक्षकों और कर्मचारियों के खाते से प्रत्येक माह वेतन की भुगतान के समय 10 प्रतिशकी धनराशि काट ली जाती है, लेकिन शिक्षकों के एनपीएस खाते में चार-चार छह - छह बाद पोस्ट होती है। हाल यह है कि कुछ शिक्षकों का एनपीएस लगातार एक वर्ष से कट रहा है लेकिन अभी तक खाते में धनराशि नहीं दिखाई दे रही है।

राज्य सरकार द्वारा पिछले कई वर्षो से जब-जब डीए बढ़ाया गया तो डीए एरियर के भुगतान से 10 प्रतिशत एनपीएस की कटौती लेखा कार्यालय द्वारा कर ली गई, लेकिन धनराशि शिक्षकों के एनपीएस खाते में नहीं दिखाई दी रही है। जिससे शिक्षकों में धनराशि को लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

बोले शिक्षक - उठाना पड़ रहा है आर्थिक नुकसान

बीकापुर के प्राथमिक विद्यालय जलालपुर में कार्यरत शिक्षिका छाया चौहान का कहना है कि एनपीएस महंगाई भत्ते के कटौती की धनराशि एनपीएस खाते में नहीं आ रही है। जिससे नुकसान हो रहा है।

प्राथमिक विद्यालय सोनौरा माझा में कार्यरत प्रतिभा का कहना है कि एनपीएस कटौती महंगाई भत्ते से लगातार की जा रही है, लेकिन खाते में कटौती और सरकारी अंशदान दोनों नहीं आ रहा है।

प्राथमिक विद्यालय मेदनीपुर में कार्यरत शिक्षिका आराधना सिंह का कहना है कि एक साल से लगातार एनपीएस प्रति माह कट रहा है। खाते में रकम नहीं दिखती।

प्राथमिक विद्यालय दिवापुर में कार्यरत शिक्षिका ज्योति पांडेय का कहना है कि महंगाई भत्ते के एरियर से 10 प्रतिशत धनराशि की कटौती की गई, लेकिन खाते में पैसा नहीं भेजा गया।

मया के प्राथमिक विद्यालय महाराजीपुर में कार्यरत अध्यापक अमित कुमार का कहना है कि जनवरी 2023 से एनपीएस वेतन खाते से कट रहा है, लेकिन अकाउंट में शो नहीं कर रहा है। कई बार प्रार्थना पत्र दे चुका हूं।

कंपोजिट विद्यालय त्रिलोकपुर में कार्यरत अध्यापक अवनीश दुबे ने कहा कि एनपीएस लगातार कट रहा है, लेकिन कई महीनो का एनपीएस खाते में पोस्ट नही हुआ है।

प्राथमिक विद्यालय बैतीकला के सहायक अध्यापक गुलाबचंद ने कहा कि एनपीएस के महंगाई भत्ते से धनराशि काट ली जाती है। कभी भी खाते में प्रेषित नहीं की गई।

कंपोजिट विद्यालय पूरे नंदा तिवारी में कार्यरत सगीर अख्तर खान का कहना है कि एनपीएस कटौती के बावजूद खाते में धनराशि पोस्ट नही हो रही है। जिससे हमारा ब्याज का नुकसान हो रहा है।

नवीन पेंशन योजना में शिक्षकों के एरियर से लगातार कटौती की जा रही है। पैसा शिक्षकों के एनपीएस खाते में नहीं भेजा जा रहा है। शिक्षकों के खाते से कटौती की गई धनराशि अविलंब शिक्षकों के खाते में भेजी जानी चाहिए। **-अनूप द्विवेदी, मीडिया प्रभारी, अटेवा।**

बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत 18 तक करें आवेदन

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत अब नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए आवेदन शुरू कर दिया गया है। पहले चरण का आवेदन 18 फरवरी तक चलेगा। आवेदन चार चरणों में जून तक होगा। चयनित बच्चों को नजदीक के विद्यालयों में निशुल्क दाखिला दिलाया जाएगा। निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत अलाभित समूह व दुर्बल वर्ग के बच्चों को प्री प्राइमरी कक्षा एक से आठ तक निशुल्क शिक्षा दिलाने का प्रावधान है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन आरटीई 25 डॉटयूपीएसडीसीडॉटजीओवीडॉटइन पर चल रहा है। इसमें पहले चरण का आवेदन 20 जनवरी से शुरू है जो 18 फरवरी तक होगा। 19 से 25 फरवरी के बीच बीएएस द्वारा आवेदन पत्रों का सत्यापन करके लॉक किया जाएगा। सत्यापन के बाद विद्यालय आवंटन के लिए लाटरी 26 फरवरी को निकाली जाएगी। इन बच्चों को छह मार्च तक विद्यालय में प्रवेश दिला दिया जाएगा। दूसरे चरण का आवेदन एक से 30 मार्च तक होगा। एक से सात अप्रैल के बीच बीएसएस इसका सत्यापन करेंगे। आठ अप्रैल को बच्चों का लाटरी निकालकर विद्यालय आवंटित किया जाएगा। 17 अप्रैल को बच्चों का दाखिला स्कूलों में करा दिया जाएगा। तीसरे चरण का आवदेन 15 अप्रैल से आठ मई के बीच होगा। बीएसए नौ से 15 मई के बीच सतयपन कर लॉक करेंगे। 16 मई को लाटरी निकालकर 23 मई तक बच्चों का दाखिला आवंटित विद्यालय में करा दिया जाएगा। बीएसए संतोष कुमार राय ने बताया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ हो रही है।

चार चरणों में जून तक मिलेगा समय नि:शुल्क शिक्षा व्यवस्था का लाभ

शिक्षकों के वेतन खाते से एनपीएस की कटौती और महंगाई भत्ते से हुई कटौती शिक्षकों की नवीन पेंशन योजना खाते में जल्द प्रेषित की जानी चाहिए। - **अनुज सिंह, जिला उपाध्यक्ष, अटेवा।**

एनपीएस में कटौती नियमानुसार हो रही है। जिनका खाते में शो नहीं कर रहा वह प्रान नंबर के अभाव में। ऐसे कुछ ही शिक्षक होंगे। एनपीएस का पैसा कहीं और नहीं ट्रेजरी में जाता है। एक माह में सभी की समस्या का समाधान हो जाएगा। **-रविन्द्र कुमार सिंह, वित्त एवं लेखाधिकारी**

रोडवेज की पुरानी बसों का बेड़ा बना मुसीबत

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : परिवहन निगम की पुरानी बसों का बेडा कर्मियों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। रंगाई-पुताई के बाद बसें दिखने में तो आकर्षक हो गई हैं, लेकिन आए दिन ब्रेकडाउन के चलते चालकों-परिचालकों का निर्धारित परिचालन लक्ष्य पूरा नहीं हो रहा। जिसके चलते कर्मी वेतन में कटौती को मजबूर हैं। अयोध्या सरकार और शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में होने के बावजूद नई बसों की खेप में क्षेत्र को केवल छह नई बसें मिली थीं, जिसमें एक भी अयोध्या डिपो के हिस्से नहीं आई। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर डिपो को तीन नई बसें मिली हैं, जिनका रामरथ के रूप में संचालन कराया जा रहा है। हाल यह है कि डिपो के बेड़े में शामिल रोडवेज की 90 बसों में 85 फीसदी 12 लाख किमी परिचालन का लक्ष्य हासिल कर चुकी हैं।

संविदा चालक-परिचालक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने बताया कि परिवहन निगम प्रबंधन ने खस्ता हाल बसों को ऊपर से रंगवा-पुतवा दिया, लेकिन नीलामी की स्थिति में पहुँच चुकी रोडवेज बसों का जबरिया संचालन कराया जा रहा है। बसों के इंजन की हालत खराब होने के चलते बसें आये दिन ब्रेक डाउन का शिकार हो रही हैं। चालक-परिचालक ड्यूटी पर आते हैं और बुला-बुलाकर किसी तरह सवारी बैठाते हैं, कुछ दूर की यात्रा के बाद ही बस खड़ी हो जाती है। उधर ब्रेकडाउन की शिकायतों के चलते स्टाफ को अपेक्षित ड्यूटी नहीं मिल पा रही।

आए दिन खराबी से हो रहे दो चार, नहीं पूरा हो रहा कोरम

डिपो पर खड़ी रोडवेज बस।

सुनील मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष

संविदा परिचालक को एक चक्कर में 750 किलोमीटर का परिचालन पूरा करना होता है। हम लोग ड्यूटी के लिए डिपो आते हैं, लेकिन समय से ड्यूटी नहीं मिल पा रही। डिपो पर कभी चालक की कमी रहती है तो कभी रोडवेज बस उपलब्ध नहीं रहती। एक ओर बचत से आने-जाने का किराया-भाड़ा खर्च करना पड़ रहा है और लक्ष्य न पूरा होने के चलते संविदा समाप्त होने की तलवार लटकी रहती है। **-अंकुर द्विवेदी, परिचालक**

हम सबका प्रतिमाह 18000 रूपये पारिश्रमिक तय किया गया है। साथ ही प्रतिमाह 27 हजार 800 किलोमीटर संचालन की शर्त तय की गई है। निर्धारित किलोमीटर और ड्यूटी का दिन पूरा न होने पर निगम की ओर से 7000 रुपये की कटौती कर ली जाती है। परिवहन निगम की कमी के चलते हाल यह है कि मेहनत करने के बावजूद चालक-परिचालक परेशान हैं। **- अभिमन्यु, चालक**

पांच जनपदों के 10 परीक्षा केंद्रों पर विवि की परीक्षाएं पांच से

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की बीबीए, बीसीए एवं ओल्ड कोर्स बैक पेपर तथा आवासीय परिसर के एमटेक एवं एमबीए विषम सेमेस्टर परीक्षाएं पांच से शुरू होकर नौ फरवरी तक चलेगी।

परीक्षा के लिए अयोध्या, गोंडा, सुल्तानपुर, बहराइच, बाराबंकी के जनपदों में कुल 10 केंद्र बनाए गए। प्रथम पाली की परीक्षा 9:30 से दोपहर 12:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दो बजे से सायं पांच बजे तक होगी। विश्वविद्यालय परिसर के एमटेक फुल टाइम व पार्ट टाइम तथा एमबीए विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं आईईटी संस्थान एवं व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में दो पालियों में होंगी। इस केंद्र पर प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे दोपहर एक बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दो बजे सायं पांच तक होगी। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी की जा चुकी है।

▸▸ बीबीए, बीसीए, एमटेक, एमबीए विषम सेमेस्टर की परीक्षा घोषित

स्नातक एवं परास्नातक बैक पेपर की परीक्षाएं पांच से

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने सम्बद्ध महाविद्यालयों की स्नातक एवं परास्नातक की बैक पेपर परीक्षाएं पांच से शुरू होकर नौ फरवरी तक चलेगी। सात जनपदों अयोध्या, गोंडा, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, बाराबंकी, बहराइच, अमेठी में कुल 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। परीक्षा दो पालियों प्रात: 9:30 बजे दोपहर 12:30 बजे तक तथा दो बजे से सायं पांच बजे तक होगी।

सार-संक्षेप

विदाई समारोह में पुलिस अधिकारियों के साथ सेवानिवृत अधिकारी व कर्मी।

अधिवर्षिता आयु पूरी कर सीओ समेत आठ पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त

अयोध्या। अमृत विचार : पुलिस विभाग में तैनात एक डिप्टी एसपी समेत आठ पुलिस कर्मी बुधवार को अपनी अधिवर्षिता आयु पूरी कर सेवानिवृत हो गए। सभी को पुलिस लाइन स्थित सभागार में समारोह पूर्वक विदाई दी गई है। कार्यक्रम में एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर व एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह तथा अन्य राजपत्रित अधिकारियों की ओर से सेवानिवृत राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में तैनात डिप्टी एसपी राकेश कुमार श्रीवास्तव, तारून थाने के उप निरीक्षक राजेश चंद तिवारी, महाराजगंज के उप निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह, कुमारगंज के श्रीपाल वर्मा, खंडासा थाने के उपनिरीक्षक योगेंद्र प्रसाद पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक अमीचंद सिंह के अलावा पुलिस कार्यालय में तैनात उर्दू अनुवादक रज्जब अली और पुलिस लाइन में तैनात स्वीपर रामप्यारे को स्मृति चिह्न, शॉल, छाता आदि भेंट किया गया तथा सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर एएसपी/सीओ सदर अरुण कुमार सिंह, सीओ आशुतोष मिश्रा, सीओ आशीष निगम, प्रतिसार निरीक्षक बृजेंद्र कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी उमाशंकर प्रसाद आदि मौजूद रहे।

तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से युवक घायल

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार : तारुन थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम रामपुर भगन से सहसीपुर घर वापस बाइक से जा रहा युवक गाड़ी की टक्कर से घायल हो गया। घटना देवकाली मोड़ पर मंगलवार शाम सात बजे के करीब हुई। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। घायल युवक का नाम सौरभ वर्मा पुत्र राज कुमार बताया गया है।

कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया केंद्रों का निरीक्षण

कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष की मिड टर्म परीक्षाएं चल रहीं हैं। कृषि विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने विभिन्न महाविद्यालयों में बने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। मिड टर्म में स्नातक, परा स्नातक एवं पीएचडी के छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षाएं पांच फरवरी तक समाप्त हो जाएंगी। परीक्षा केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी द्वारा की जा रही है। नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर विवि प्रशासन द्वारा सचल दस्ता की टीम गठित की गई है।

काली मंदिर का दानपात्र तालाब में मिला

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : कुमारगंज थाने के ग्राम पाराधमथुआ में स्थित प्राचीन काली माता मंदिर का ताला तोड़कर अराजक तत्वों ने मंदिर में रखा दान पात्र, पूजा सामग्री सहित अन्य सामान गायब कर दिया। मंदिर के पुजारी देवराज बुधवार सुबह जब पूजन आरती के लिए मंदिर पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीण पहुंच गए और आक्रोश व्यक्त किया। पुलिस के साथ खोजबीन के बाद मंदिर के बगल ही एक तालाब से दान पात्र सहित सारा सामान बरामद हो गया। एसओ रतन सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

स्वर्ण पदक विजेता शूटिंग खिलाड़ी हुए सम्मानित

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : एयर पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर पुलिस विभाग का मान बढ़ाने वाले दो खिलाड़यों अभय प्रताप सिंह व मोइन खान को बुधवार को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सीओ प्रोटोकॉल आशुतोष मिश्र व सीओ लाइन आशीष निगम ने खिलाड़ियों मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जनवरी माह में भवदीय शूटिंग रेंज में हुई अयोध्या शूटिंग प्रतियोगिता में अयोध्या पुलिस की ओर से अभय व मोइन ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर शूटिंग कोच अयोध्या शनि कुमार वर्मा सहित खिलाड़ी व अन्य मौजूद रहे।

सेवानिवृत्ति पर जज को अधिवक्ताओं ने दी विदाई

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय रामायण शर्मा बुधवार को सेवानिवृत हो गए। आचार्य नरेंद्र देव सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उनका माल्यार्पण कर अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर उन्हें विदाई दी गई। जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव व बार एसोसिएशन अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय ने उनकी पुस्तक क्रिमिनल ट्रायल का विमोचन किया। समारोह में रामायण शर्मा ने अपनी पुस्तक के विमोचन पर कहा कि क्रिमिनल ट्रायल पुस्तक में उन्होंने अपने अनुभव को पिरोया है। अधीनस्थ न्यायालय से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में क्रिमिनल ट्रायल की प्रक्रिया को बताने का प्रयास किया है। समारोह को अधिवक्ता आदित्य पांडेय, पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह, बब्बन चौबे, पूर्व मंत्री राम शंकर यादव व एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय ने भी संबोधित किया। संचालन अधिवक्ता आशुतोष पांडेय ने किया।

बच्चे होंगे संस्कारित तो बुलंद होगा भारत : पं. राजीव

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : बच्चों को उचित शिक्षा, संस्कार देकर धरती पर स्वर्ग लाया जा सकता है। इस पुनीत कार्य में प्रथम योगदान मां का होता है। यह बातें हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम बसवार खुर्द पूरे बद्री तिवारी में स्थित गोसाईं वीर स्थान पर सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा में पंडित राजीव कृष्ण तिवारी ने कहीं। कथा व्यास ने कहा भगवान श्री कृष्ण ने पृथ्वी पर फैले अत्याचार को समाप्त करने के लिए जन्म लिया था। आजकल उचित शिक्षा संस्कार के अभाव में बच्चे पत्नी आने के बाद माता-पिता की जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लेते हैं। भगवान प्रसाद तिवारी, रामसूरत, राममूरत तिवारी, अमित तिवारी, जगदीश प्रसाद यादव आदि मौजूद रहे।

ट्रेन और फ्लाइट्स पर पड़ रही कोहरे की मार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिले में भले ही दो दिन से सूर्य देव ने राहत दिला रखी है, लेकिन अन्य महानगरों को अभी कोहरे की मार झेलनी पड़ रही है। नतीजतन पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर गहरा असर पड़ रहा है। कोहरे के चलते बुधवार को कई ट्रेनें देरी से अयोध्या पहुंचीं। यही नहीं दिल्ली और मुंबई से आने वाली फ्लाइट भी आधे घंटे की देरी से महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लैंड कर सकीं।

ट्रेन संख्या 12226 दिल्ली से चलकर आजमगढ़ को जाने वाली कैफियत सुपरफास्ट एक्सप्रेस बुधवार को दस घंटे से भी अधिक की देरी से अयोध्या कैंट स्टेशन पहुंची। बठिंडा से मालदाटाउन जाने वाली ट्रेन संख्या 13484 फरक्का एक्सप्रेस छह घंटे, 22129 तुलसी सुपरफास्ट एक घंटे, 13010 दून एक्सप्रेस दो घंटे की देरी से अयोध्या कैंट स्टेशन पहुंची। इसके अलावा गोमतीनगर से अयोध्या धाम तक जाने वाली ट्रेन संख्या 04278 भी एक घंटे की देर से अपने आखिरी स्टॉपेज पर पहुंची।

हल्के बादल छाने की संभावना

दो दिन से धूप निकलते ही तापमान में काफी सुधार हुआ है, लेकिन मौसम वैज्ञानिकों ने अगले 24 घंटे में हल्के बादल छाने की संभावना जताई है। हालांकि बारिश का अंदेशा नहीं है। अधिकतम तापमान 25.5 व न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री दर्ज किया गया।

दुष्कर्मी को 20 साल की सजा

अयोध्या, अमृत विचार : दुष्कर्म के एक मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। युवक पर 5000 रुपये जुर्माना भी हुआ है। जुर्माने की संपूर्ण रकम पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी हुआ है। यह आदेश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नूरी अंसार की अदालत से बुधवार को हुआ। पाक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक कालिका प्रसाद सिंह व आशीष द्विवेदी ने बताया कि घटना 8 अगस्त 2008 की है। हैदरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी अपनी मां के साथ नित्य क्रिया के लिए गई थी। तभी एक बाइक से विजय निवासी दशलावन व सचिन वर्मा निवासी गौहानी खुर्द आए और किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ एक कमरे में ले गए। जहां विजय ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। 9 अगस्त को सुबह किशोरी को लेकर फैजाबाद गए वहां भी एक स्थान पर रखकर उसके साथ दुष्कर्म किया। वहां से किशोरी किसी तरह भाग निकली और 10 अगस्त को हैदरगंज कस्बा पहुंची। इसकी रिपोर्ट पीड़िता की मां ने दर्ज कराई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने विजय को दोषी पाते हुए सजा दी।

टेंट सिटी में छह ब्लॉक, प्रत्येक में होंगे लॉकर और एटीएम

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : नव्य अयोध्या में पर्यटन विकास निगम द्वारा बनाई जा रही टेंट सिटी छह ब्लॉक में विभाजित रहेगी। अंजनेरी, मिथिला, पंचवटी, प्रयाग व चित्रकूट अतिथि गृह में दो-दो हजार लोग व वाल्मीकि अतिथि गृह (वीआईपी) में 500 लोगों के ठहरने की व्यवस्था होगी। निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि टेंट सिटी में 20,500 श्रद्धालुओं के ठहरने की सुविधा है। प्रत्येक ब्लाक में किचन, डायनिंग एरिया, सांस्कृतिक मंच, हेल्थ क्लीनिक सहित सभी में एक कामन एरिया में लाकर की सुविधा उपलब्ध है। एक 20 बेड का अस्थाई चिकित्सालय भी बनाया गया है। प्रत्येक ब्लाक में मोबाइल एटीएम की भी व्यवस्था हो। सभी में एक-एक एंबुलेंस व फायर बिग्रेड की गाड़ियां भी लगाई गई है। टेंट सिटी में मॉनीटरिंग स्टेशन स्थापित है जहां पर सीसीटीवी, कंट्रोल रूम, पब्लिक अनाउन्समेंट सिस्टम आदि व्यवस्थाएं हैं। जिलाधिकारी ने सीएमओ डॉ. संजय जैन स्थापित चिकित्सालय में पर्याप्त चिकित्सीय संसाधन व स्टाफ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिए। नगर निगम द्वारा हनुमान गुफा के पास 2500, साकेत पेट्रोल पंप के पास 1500 व स्फटिक शिला के पास 1000 लोगों के ठहरने हेतु टेंट सिटी बनाई गई है।

▸▸ पर्यटन निगम की टेंट सिटी में 500 वीआईपी के लिए बना वाल्मीकि अतिथि गृह

मजिस्ट्रेट की निगरानी में हटाया गया अतिक्रमण

हैदरगंज, अयोध्या। कई वर्षों से किए गए अवैध कब्जे की जमीन पर बुधवार को जेसीबी चली। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से सात बीघे से ज्यादा जमीन पर हुए अतिक्रमण की जोताई मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में राजस्व कर्मियों ने कराया। बता दें कि हैदरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत पारा हाथिगौ में भूमि गाटा संख्या 50 रकबा 7.55 एयर पर लगभग वर्षों से अवैध कब्जेदारों ने कब्जा कर रखा था। गांव के रहने वाले उपदेश तिवारी ने उपजिलाधिकारी से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की थी। एसडीएम बीकापुर के आदेश पर बुधवार को नायब मजिस्ट्रेट रिशु जैन, राजस्व निरीक्षक श्यामलाल, अखिलेश पांडेय के साथ राजस्वकर्मी प्रहलाद, हरिओम ने पहुंचकर जेसीबी मशीन से जुताई कराकर खाली कराया। जमीन ग्राम प्रधान मनोज कुमार की सुपुर्दगी में दे दी गई।

बदले हालात क्षीरेश्वर नाथ के सामने स्थित प्रवेश द्वार को बनाया जा रहा वीआईपी दर्शन मार्ग

विशिष्ट बना महोबरा अवध आगमन पथ

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : सरकार की ओर से रामनगरी में जन्मभूमि व भक्तिपथ के साथ धर्मपथ और रामपथ जैसे विशिष्ट मार्ग का निर्माण कराया गया है। हवाई अड्डे और अयोध्या धाम जंक्शन समेत इन पथों के उद्घाटन को पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने धर्मपथ व रामपथ पर रोड शो भी किया था। लखनऊ हाईवे को टेढ़ी बाजार से सीधे जोड़ने वाले महोबरा अवध आगमन पथ पर पीएम ने रेलवे क्रॉसिंग तक की दूरी तय की थी। अब यह महोबरा अवध आगमन पथ विशिष्ट बनता जा रहा है। ऐसा जन्मभूमि तक हाईवे और हवाई अड्डे की सबसे कम दूरी का मार्ग होने तथा क्षीरेश्वर नाथ के सामने स्थित प्रवेश द्वार को वीआईपी दर्शन मार्ग बनाये जाने की कवायद के चलते हुआ है।

प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामलला के दर्शन-पूजन के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते समारोह के बाद से ही धर्मपथ और रामपथ पर विशेष रूप से श्रीराम अस्पताल तक सामान्य वाहनों का आवागमन नहीं हो पा रहा है। दर्शनार्थियों की सहूलियत और सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन ने इस इलाके को सुरक्षा घेरे में लिया हुआ है। फरवरी माह में प्रस्तावित भाजपा शासित राज्यों के मंत्रिमंडल के दर्शन-पूजन कार्यक्रम को लेकर समीक्षा में मुख्यमंत्री ने जन्मभूमि पथ के इतर विशिष्ट जनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय करने की बात कही थी। जिसको लेकर पुलिस-प्रशासन क्षीरेश्वर नाथ मंदिर के सामने स्थित परिसर के संपर्क मार्ग को वीआईपी दर्शन के रूप में तब्दील करने में जुटा है। इन्हीं मार्गों से प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में पीएम-सीएम और अन्य अति विशिष्ट जनों का आवागमन हुआ था। वहीं शासन के निर्देश पर रामपथ पर टेढ़ी बाजार से नयाघाट और धर्मपथ के प्रवेश द्वार तक के इलाके को वाहन रहित इलाका बनाने की योजना पर अनुपालन शुरू कराया गया है। इस क्षेत्र में केवल दो पहिया वाहनों के आवागमन को अनुमति दी जा रही है। शहर की ओर से जाने वाले इलेक्ट्रिक सिटी बसों समेत चार पहिया वाहनों को टेढ़ी बाजार से ही मोड़ दिया जा रहा है।

एसपी ट्रैफिक एपी सिंह का कहना है कि दर्शनर्थियों की सुरक्षा व सहूलियत के लिए टेढ़ी बाजार से चार पहिया वाहनों को डाइवर्ट कराया जा रहा है।

टेढ़ी बाजार स्थित महोबरा अवध आगमन पथ का प्रवेश द्वार।

हाईवे और हवाई अड्डे से जन्मभूमि तक सबसे कम दूरी के चलते हुआ ऐसा

भीतरखाने आवगमन के लिए वैकल्पिक मार्ग की तलाश

शासन-प्रशासन की ओर से कई मार्गों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कराया गया है। बावजूद इसके बदली परिस्थितियों में अयोध्या के मुख्य मार्गों पर भीड़ वाहनों का आवागमन संभव नहीं हो पा रहा है। टेढ़ी बाजार स्थित रेलवे ओवरब्रिज का एक लेन शुरू होने के बाद लोगों को महो

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
आप सभी को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की हार्दिक शुभकामनाएं
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

एक-दूजे के हुए 604 जोड़े, जिलाधिकारी ने किया कन्यादान

सामूहिक विवाह

▸▸ अकबरपुर हवाई पट्टी पर हुए कार्यक्रम में एमएलसी, भाजपा जिलाध्यक्ष व सीडीओ भी पहुंचे

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बुधवार को अकबरपुर हवाई पट्टी पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का भव्य रूप से आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने 604 कन्याओं के अभिभावक के रूप में बारात का स्वागत किया और कन्यादान भी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष त्रयंबक तिवारी समेत अन्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना और दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मौजूद एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, जिलाधिकारी अविनाश सिंह व वर-वधू।

बता दें कि एक ही मंडप में 604 जोड़ों का विवाह कराया गया। जिसमें 2 मुस्लिम पक्ष के वर-वधु का निकाह मुस्लिम रीति-रिवाज से किया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक हिंदू नव दंपतियों का विवाह हवन-पूजन और पूरे विधि-विधान के साथ कराया गया। वहीं मौलाना ने कुरान की आयतों के साथ वर-वधु को निकाह पढाया। जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आए हुए वर-वधू के परिवारों में असीम उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम के दौरान वर-वधू पर पुष्प से वर्षा की गई। भारी भीड़ को देखते हुए महिला सहायता केंद्र, पुरुष सहायता केंद्र और चिकित्सा सहायता केंद्र स्थापित किया गया था। अकबरपुर हवाई पट्टी पर आयोजित सामूहिक शादी समारोह में 604 जोड़ो, परिजन, रिश्तेदारों और अन्य आए हुए लोगो के बैठने और भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई। जिस पर जिलाधिकारी ने ड्यूटी पर लगाए गए सभी अधिकारियों की प्रशंसा किया। वर-वधुओं को आर्शीवचन देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी जोड़े अपनी जिंदगी की नई शुरुआत करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री की मंशा है कि ऐसे आमजन जो शादी विवाह समारोह में होने वाले व्यय को वहन करने में सक्षम नहीं हैं, उनका भी विवाह समारोह सम्मानपूर्वक और धार्मिक रीति-रिवाज से सम्पन्न हो सके। इसीलिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की शुरुआत की गई है। उन्होंने जिले के लोगों से अपील किया कि जो भी पात्र योजना का लाभ नहीं ले सके हैं, वह जल्द से जल्द ऑनलाइन आवेदन करें। शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई शेष धनराशि से जिला प्रशासन द्वारा जल्द ही ऐसा भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित कर उन्हें लाभान्वित किया जाएगा।

वर-वधु को प्रमाण पत्र देते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व सीडीओ अनुराज जैन।

जोड़ों को वितरित किया गया प्रमाण-पत्र

एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय ने भी वर-वधु को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कौशल ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह में सरकार प्रति जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपए का व्यय कर रही है जिसमें 35 हजार कन्या के खाते में भेजे जाते और 10 हजार का आवश्यक सामान दिया जाता है। 6 हजार रुपये विवाह समारोह के आयोजन में व्यय किए जाते हैं। 604 जोड़ों को उनके खाते में धनराशि, समान और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका लोगों ने आनंद लिया।

सार-संक्षेप

सर्राफा कारोबारी सहित 4 शातिर चोर गिरफ्तार

आलापुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : चार शातिर चोरों सहित चोरी के माल बिकवाने में मददगार एक सर्राफ को भी गिरफ्तार कर विभिन्न चोरी की घटनाओं का खुलासा कर उनके पास से 43,600 की नकदी व दो मोबाइल भी बरामद करने का जहांगीरगंज पुलिस ने दावा किया है। पुलिस के मुताबिक सर्विलांस व स्वाट टीम के सहयोग से 31 जनवरी को रात गश्त के दौरान उप निरीक्षक भवानी प्रसाद मिश्र, कांस्टेबल उमेश यादव, मणिशंकर, राम प्रवेश यादव, ब्रह्मानंद शर्मा की पुलिस टीम ने धरमपुर करमैतेपुर निवासी महेंद्र उर्फ सोनू, सुतहरपारा के सूर्य नाथ उर्फ सूर्या प्रजापति व मुन्नीलाल गौड़ व चंदनपुर निवासी विजय कुमार दुबे उर्फ जन्तुल सहित एक सर्राफ राजेश कुमार उर्फ राजू सोनी को गिरफतार कर लिया है। उक्त अभियुक्तों के बीते दिनों आदमपुर निवासी रमेश पांडेय व महमदपुर बाजार में हरिगोविंद पांडेय के यहां हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा अनावरण करते हुए दावा किया गया कि इस गैंग के पास से 43,600 नकदी व दो मोबाइल भी बरामद किए गए। गिरफ्तार सर्राफ राजेश सोनी कस्बे के मामपुर निवासी बड़े सर्राफा कारोबारी का पुत्र है जो कि गैंग द्वारा चोरी किए गए सोने व चांदी के आभूषणों को बिकवाने में सहयोग करता था। हालांकि पुलिस चोरी हुए सोने चांदी के आभूषणों व अन्य सामानों को बरामद नहीं कर सकी है। बताया गया कि सामानों को अभियुक्तों ने बेंच दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध जहांगीरगंज थाने में पहले से ही कई चोरियों सहित मारपीट, जानलेवा हमले, एनडीपीएस एक्ट आदि के अलग-अलग मामले दर्ज हैं। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी।

सर्राफा की दुकान से लाखों का सामान किया पार

आलापुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : शटर तोड़ कर चोरों ने आभूषण व्यवसायी की दूकान से करीब दो लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दिया है। बता दें कि आलापुर के ढोलबजवा बाजार में व्यवसाई राजन की वैश्णव ज्वैलर्स के नाम से आभूषण की दूकान है। बीते मंगलवार की रात में चोरों ने दूकान के शटर को साइड से उखाड़ दिया और अंदर घुसकर आलमारी तोड़ी और उसमें रखा सोने व चांदी के चेन, अंगूठी, पायल आदि जेवर चुरा कर फरार हो गए। बुधवार को सुबह पड़ोस के दूकानदारों ने शटर टूटा देखा तो राजन को घटना की जानकारी दिया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने छानबीन कर घटना की पड़ताल की, लेकिन चोरों का कुछ सुराग नहीं लग सका। हालांकि दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में मुंह पर नकाब लगाए चार चोरों की तस्वीर कैद हुई है, जिसकी फुटेज लेकर पुलिस पड़ताल में जुटी हुई है। पीडित दुकानदार ने थाने पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दिया है। थानाध्यक्ष गजेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी है, छानबीन की जा रही है।

सर्राफा की इसी दुकान में हुई चोरी।

एक नजर

दबंगों ने प्रधान पुत्र को पीटा, मुकदमा दर्ज

आलापुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : ब्लॉक से निकलकर जा रहे प्रधान पुत्र पर आरोपी ने हमला कर घायल कर दिया। आलापुर के शाहपुर औरांव निवासी दीपक कुमार मौर्य ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसके पिता ग्राम प्रधान हैं। बीते दिन वह रामनगर ब्लॉक कार्यालय से निकलकर रोड पर पहुंचा ही था तभी वहां पहले से खड़े मसेना मिर्जापुर निवासी आरोपी मनोज विश्वकर्मा ने रोक लिया और गाली-गलौज देते हुए उस पर हमला बोल दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। थानाध्यक्ष गजेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

दीपक मौर्य।

पशुधन प्रसार अधिकारी से कार्रवाई की उठाई मांग

आलापुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : आबादी के बीच में सूअरबाड़े का निर्माण किए जाने के मामले में आधा दर्जन ग्रामीणों ने पशुधन प्रसार अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पशुधन प्रसार अधिकारी विवेक सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया। मामला आलापुर तहसील क्षेत्र के सैदपुर रसीदपुर गांव का है। गांव निवासी सचिन, अरविंद, विकास, शैलेश समेत अन्य ग्रामीणों ने पशुधन प्रसार अधिकारी रामनगर को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि गांव में एक व्यक्ति द्वारा आबादी के मध्य सूअरबाड़े का निर्माण किया जा रहा है जिससे भविष्य में प्रदूषण और अन्य समस्याओं से जूझना पड़ेगा। शिकायत के बाद गांव पहुंचे पशुधन प्रसार अधिकारी विवेक सिंह ने जांचकर आधा दर्जन लोगों का बयान दर्ज किया।

धूस लेते लेखपाल को किया गिरफ्तार

जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए किसान से मांगी थी रिश्वत, मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार : जमीन सीमांकन करने के नाम पर किसान से चार हजार रुपए घूस लेते हुए एंटी करप्सन टीम ने लेखपाल को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है। टीम ने घूस लेते लेखपाल को रुपए लेने के बाद उसका हाथ धुला कर सेंपल कलेक्ट किया और उसे मालीपुर थाना लाया। निरीक्षक ने थाना में आरोपी लेखपाल व पीड़ित किसान को बैठाकर लिखापढ़ी की और उसके विरुद्ध में मुकदमा पंजीकृत कर गोरखपुर चले गए।

घटना जलालपुर तहसील परिसर में बुधवार दोपहर की है, जहां किसान ने लेखपाल को चार हजार रुपए हाथ में दिया। लेखपाल ने जैसे ही रुपये हाथ में पकड़े, एंटी करप्शन की टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया। तहसील के श्यामपुर दरियापुर निवासी किसान महावीर वर्मा ने गांव निवासी राम अचल की दो बीघा सात बिस्वा खेती की जमीन बैनामा लिया था। इसी गाटा में राम फेर शुक्ल और अंगद तिवारी ने एक एक बीघा बैनामा लिया था। किसान महावीर को रकबा के हिसाब से लगभग 10 बिस्वा जमीन कम मिला था। किसान महावीर शेष 10 बिस्वा जमीन पर कब्जा किए थे। लगभग 6 माह पहले जिलाधिकारी के आदेश पर तत्कालीन उपजिलाधिकारी हरिशंकर लाल ने टीम के साथ पैमाइश किया था। राजस्व टीम वापस लौटी, उधर अंगद तिवारी आदि में खूंटा आदि उखाड़ कर फेंक दिया। तब से लेकर आज तक पीडित किसान महावीर वर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर तहसील का चक्कर लगाता रहा लेकिन खूंटा उखाड़ने वाले किसान के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। टीम में दिनेश उपाध्याय, हरिओम मिश्रा, विश्वनाथ सिंह, कृष्ण कुमार शुक्ल, देवव्रत यादव, शैलेंद्र सिंह, शम्स तबरेज, अंगद कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे। निरीक्षक राय साहब द्विवेदी ने बताया कि आरोपी लेखपाल के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के साथ 13/2 की धारा में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में लिया गया है।

आरोपी लेखपाल। अमृत विचार

पहले भी किसान से लेखपाल ने लिए थे 10 हजार रुपये

लेखपाल रामजस को किसान ने 10 हजार रुपये भी दिए थे लेकिन लेखपाल रिपोर्ट लगाने और जमीन कब्जा करवाने के लिए और रुपये की मांग कर रहा था। पीड़ित महावीर जब अधिकारियों के चक्कर लगाते लगाते परेशान हो गया तो उसने अयोध्या मंडल पहुंच कर एंटी करप्शन पुलिस को शपथ पत्र के साथ तहरीर दी।

रजनीश बने सपा के प्रदेश सचिव

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने विधानसभा कटेहरी के ग्राम खैरपुर मखदूमनगर निवासी रजनीश मौर्य को पार्टी के उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी हैं। रजनीश लंबे समय से समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए हैं। उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपे जाने पर पूर्व मंत्री व टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा, जिलाध्यक्ष जंगबहादुर यादव, धर्मेंद्र मौर्य, वीरेंद्र मौर्य, हिमांशु मौर्य, सुनील, दिनेश मौर्य, वैभव, नरेश मौर्य, सभाजीत वर्मा, वीरेंद्र यादव, आदित्य कुशवाहा सहित अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

जनता के हित के लिए कांग्रेसियों ने किया संघर्ष

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : पिछले 35 सालों से यूपी में कांग्रेस की सरकार ना होने के बावजूद भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनता के हितों के लिए जो अनवरत संघर्ष किया उसकी जितनी भी तारीफ किया जाए वह कम है। उप्र कांग्रेस के महासचिव और जनपद के प्रभारी मनोज गौतम ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा भारत माता की गरीब जनता, युवाओं, बेरोजगारों जवानों और किसानों को न्याय दिलाने के लिए चल रही है और उप्र में यह नया इतिहास लिखेगी। जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी डॉ. विजय शंकर तिवारी ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव उप्र सहप्रभारी सत्यनारायण पटेल और उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित संगठन विस्तार बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप्र कांग्रेस महासचिव जनपद प्रभारी मनोज गौतम मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष अमित कुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा राज में चल रही मंहगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ न्याय की बुलंद आवाज उठाने वाले कांग्रेसजनों को सम्मानित किया जाएगा

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना सं.-
याँ/301/इज्जत/23-24/ओटी-37
मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदापत्र में अंकित योग्यता मापदंडो के अनुसार ई निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:- **क्रम सं.:- 1., कार्य का संक्षिप्त विवरण:-** मैकेनिकल वर्कशॉप, इज्जतनगर में 01 वर्ष की अवधि के लिए, डेमू पावरकार के 1400 एचपी 10 नग ट्रैक्शन अल्टरनेटर (मैसर्स बीएचईएल और मैसर्स सीजीएल निर्मित) की छोटी मरम्मत/सर्विसिंग/सफाई/ओवरहालिंग (कार्य के दायरे के अनुसार)., **अनुमानित मूल्य (रु० में):-** ₹ 9175390.00 (रुपये इक्यान्वे लाख पचहत्तर हजार तीन सो नब्बे मात्र), **बिड सिक्योरिटी (रु०में):-** ₹ 183500.00 (रु. एक लाख तिरासी हजार पांच सौ मात्र), **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु०):-** शून्य, **कार्य अवधि:-**एक वर्ष, **निविदा खुलने की तिथि व समय:-** 20.02.2024 15:30 बजे, **नोट:-1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 30.01.2024 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर टेंडर खुलने की तिथि 20.02.2024 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है।, **2.** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वो अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत CA द्वारा जारी क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ ireps वेबसाइट पर पंजीकृत कराएं।, **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी लैटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा। **4.** ई-निविदा हेतु बिड सिक्योरिटी का भुगतान निविदा प्रपत्र के अनुसार स्वीकार की जायेगी।
उपमुयाँइ/प्लांट यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर
मुजाधि/यांत्रिक-120
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

महिला की फोटो वायरल करने व धमकी देने में दो पर मुकदमा

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : सोशल मीडिया पर महिला की फोटो वायरल करने और फोन पर धमकी देने के मामलें में कोतवाली पुलिस ने दो युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

मामला जलालपुर कोतवाली अंतर्गत जैनापुर गांव का है। जहां की शकुंतला पत्नी रामसूरत ने पुलिस से शिकायत की है कि गांव के ही अरुण पुत्र भभूति और अनिल पुत्र रामसूरत उस की पुत्री की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करके उसे बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं और उसके नंबर पर बार-बार फोन कर धमकाने लगाया। आरोपी पूर्व में दर्ज कराए गए मुकदमे में सुलह करने का दबाव बना रहे हैं। पूर्व में उसकी पुत्री को उक्त दोनों युवकों ने कुछ नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर उसे चंडीगढ़ लेकर चला गया था और पुत्री को बेचने का प्रयास कर रहा था। किसी तरह उसकी पुत्री जान बचाकर घर वापस आयी थी। इसका कोतवाली जलालपुर में मुकदमा भी दर्ज किया गया था। उसी से खार खाए युवक अनिल और अरुण अब उसकी पुत्री की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे और सुलह का दबाव बना रहे हैं। पीड़ित की मां शकुंतला देवी की तहरीर पर कोतवाली जलालपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

फीडिंग का कार्य जल्द करें पूर्ण : एडीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदान कार्मिकों की फीडिंग कराए जाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी सुनील तिवारी ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदान कार्मिकों की फीडिंग कराए जाने के लिए 10 जनवरी की बैठक में कार्मिकों की फीडिंग के लिए प्रशिक्षण प्रदान करते हुए 25 जनवरी तक संपूर्ण कार्मिकों की फीडिंग करने के निर्देश दिए थे। लेकिन कुछ लोगों द्वारा अभी तक फीडिंग का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि फीडिंग का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाएं, अन्यथा की दशा में कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान सभी कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया कि 31 जनवरी तक फीडिंग कराते हुए प्रमाण पत्र प्रेषित किया जाए। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, मुख्य कोषाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता। अमृत विचार

बैठक निवेश मित्र पोर्टल पर कुल 1847 आवेदन के सापेक्ष 1685 आवेदन का किया गया है निस्तारण

बैंक अधिकारी लंबित मामलों का प्राथमिकता से करें निस्तारण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार : जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग और व्यापार बंधु समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्योग बंधु और व्यापार बंधु की समस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बैंक अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता पर निस्तारण करने व योजनाओं के क्रियान्वन में सहयोग करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा के बाद प्रकरणों का प्राथमिकता पर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर कुल 1847 आवेदन के सापेक्ष 1685 आवेदन निस्तारित किया गया है। विभाग स्तर पर 19 आवेदन लंबित है जिसे समय सीमा अंतर्गत निस्तारित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग, जिला सूचना अधिकारी, उद्योग बंधु के लोग और संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला उद्योग और व्यापार बंधु समिति की बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व मौजूद अन्य।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु **आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली"** निविदा आमंत्रित करते है:- **कार्य का नाम:** औड़िहार-वाराणसी खण्ड में मेजर पुल सं. 178 का पुल के सुरक्षा का कार्य और मुफतीगंज-जौनपुर खण्ड के बीच किमी. 56/8-9 पर अतिरिक्त जलमार्ग का प्रावधान, **ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2023-219, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 2,92,35,906/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 2,96,200/-, **निविदा बन्द होने की तिथि:** 19.02.2024, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 12 माह। **नोट:** • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2023-219 दिनांक 19.02.2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी.) वाराणसी
मुजाधि/डब्ल्यू-521
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

एक नजर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवतहा में नहीं है एंबुलेंस

रुपईडीह, गोंडा : ब्लॉक की ग्राम पंचायत देवतहा में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एंबुलेंस की व्यवस्था न होने की शिकायत प्रधान पति अभिनव प्रताप रिशु सिंह ने क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना भैया से की है। उन्होंने बताया कि उक्त स्वास्थ्य केंद्र पर एंबुलेंस की व्यवस्था न होने से प्रसव के लिए आई महिलाओं को वाहन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

दहेज हत्या के आरोप में दो को किया गिरफ्तार

गोंडा कार्यालय : दहेज के लिए महिला की हत्या किया जाने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। रामबली दास पुत्र रामजीवन दास निवासी प्रजापति रामजानकी मंदिर धर्मकांटा जनपद अयोध्या ने कोतवाली मनकापुर में तहरीर दी थी कि पुत्री की शादी ग्राम वीरपुर मछली गांव के रहने वाले सूरज से हुई थी। उनकी पुत्री को ससुरालजनों द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते हुए जान से मार दिए है। पुलिस ने तहरीर की आधार पर थाना मनकापुर में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था तथा विवेचना क्षेत्राधिकारी मनकापुर कर रहे थे। विवेचना के दौरान दोषी पाये पर सूरज तथा गुलाबा उर्फ ज्ञानमती निवासी वीरपुर मछली गांव को गिरफ्तार कर लिया गया।

नेत्र परीक्षण शिविर आज

रुपईडीह, गोंडा : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर कल एक फरवरी को निशुल्क नेत्र प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र परीक्षण अधिकारी श्यामलाल गौतम ने बताया कि इस शिविर में नेत्र रोगियों के नेत्रों की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के बाद नेत्र रोगियों के नेत्रों में मोतियाबिंद पाए जाने पर आगामी आठ फरवरी को उन्हें ऑपरेशन के लिए अयोध्या भेजा जाएगा।

भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन समेत 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज

मकान और गुरुद्वारे पर कब्जे व लूटपाट का आरोप, एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: मनकापुर स्थित गुरुद्वारा पर कब्जा करने व लूटपाट के आरोप में एमपी/एमएलए कोर्ट के आदेश पर बुधवार को गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया, तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक व अपराध निरीक्षक सहित 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। दोषसिद्ध होने पर सांसद को तीन वर्ष तक की सजा हो सकती है।

मनकापुर कोतवाली क्षेत्र की गुरबचन कौर ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके ससुर मोहर सिंह ने मोहल्ला 'भगत सिंह नगर में मकान का निर्माण कराया था। मकान के भीतरी हिस्से में गुरुद्वारा भी स्थापित है। आरोप है कि 13 सितंबर, 2023 को मनकापुर निवासी भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह और अपराध निरीक्षक अरुण कुमार राय तथा अन्य लोगों के साथ पहुंचे और धमकी दी कि मकान खाली कर दो। इस भूमि को सांसद राजा भैया ने खरीद लिया है। 14 सितंबर को इसकी सूचना अपर पुलिस अधीक्षक को दी गई तो उन्होंने क्षेत्राधिकारी मनकापुर को जांच का आदेश दिया।

> कोर्ट के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराया गया है। अदालत के आदेश पर विधिक राय लेकर कोतवाली मनकापुर में सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये गये थे।
> –विनीत जायसवाल, एसपी

15 सितंबर को निरीक्षक अरुण कुमार राय 15 पुलिसकर्मियों के संग मौके पर पहुंचे और गुरुद्वारा खाली करने के लिए धमकी देने लगे। 16 सितंबर को कानपुर के इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट लालनगर निवासी कुलवंत कौर, उनके बेटे जसविंदर सिंह, फैजाबाद के मनिंदर पाल, अंग्रेज सिंह, सहदेव यादव, अमन यादव, इरफान खान, रिजवान खान, सुधीर कुमार सिंह और अरुण कुमार राय ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर मकान पर कब्जा कर लिया। पीड़िता गुरबचन कौर ने बताया कि इसकी जानकारी तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल को दी तो उन्होंने मनकापुर कोतवाल सुधीर कुमार सिंह को सहायता का निर्देश दिया, लेकिन प्रभारी निरीक्षक ने उल्टा याची के पुत्रों को ही जेल भेजने को धमकी देकर चुप रहने को कहा। इसके बाद कोर्ट के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, अपराध शाखा के निरीक्षक अरुण कुमार राय की भूमिका की जांच के लिए क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया। उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ में पीड़िता ने 17 सितंबर को याचिका दायर की। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व नरेंद्र कुमार जौहरी ने निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, वरिष्ठ निरीक्षक अपराध अरुण कुमार राय को गोंडा जिले से हटाकर किसी अन्य जिले में तैनात करने का आदेश दिया तथा एमपी/एमएलए कोर्ट को निर्देश दिया कि मामले में आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया जाए। एमपी एमएलए कोर्ट ने बीते 18 जनवरी को सांसद कीर्तिवर्धन सिंह सहित सभी 12 लोगों पर एफआईआर दर्ज किया जाए। बुधवार को न्यायालय के आदेश पर धारा 447, 323, 395, 504, 506, 427 तथा 188 आईपीसी के तहत कुलवंत सिंह पत्नी स्वर्गीय गुरदीप सिंह, जसविंदर सिंह उर्फ गोल्डी, महिंदर पाल सिंह, कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भइया, अंग्रेज सिंह, सहदेव यादव, अमन यादव, इरफान खान, जीशान जिस्सू खान, रिजवान खान, सुधीर कुमार सिंह व अरुण कुमार राय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

वन दरोगा ने नष्ट कराई कोयला भट्टी

करनैलगंज, गोंडा: आम के बाग के किनारे कोयला बनाने की भट्टी लगाने के मामले में वन दरोगा ने कोयला बनाने की भट्टी को नष्ट करा दिया। कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम कूरी बरगदी निवासी नईम ने कोतवाली मे तहरीर दिया था कि ग्राम कटरा शाहबाजपुर के मजरा भाटन पुरवा के पास उसके खाते की भूमि है जिसमें आम की बाग़ है। गांव के ही एक व्यक्ति ने गांव के साथ उसकी बाग़ के बगल कोयला बनाने की भट्टी संचालित कर रहा है। मामले में वन दरोगा अशोक कुमार पाण्डेय ने कोयला भट्टी को नष्ट करा दिया। उन्होंने बताया कि भट्टी को नष्ट कराकर बिना अनुमति कोयला बनाने के आरोप में कार्रवाई भी की जा रही है।

253 युवाओं को मिला रोजगार

परसपुर, गोंडा: दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत परसपुर ब्लाक मुख्यालय पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 502 युवाओं ने अपना पंजीकरण कराया जिसमें 253 लोगों को नौकरी के लिए चुना गया। उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक अजय सिंह व नपंअ वासुदेव सिंह ने किया।

रोजगार मेले में पंजीकरण कराते युवा। अमृत विचार

विधायक ने कंपनियों के स्टॉलों का निरीक्षण कर जानकारी ली। बीडीओ ने बताया कि मेले में 15 प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ग्रेट रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड, हीरो प्राइवेट लिमिटेड, ब्राइट फ्यूचर प्राइवेट लिमिटेड, यजाकी इंडिया प्रालि, टेक बीगो-360, एफआई इंटरप्राइजेज, ट्रीडेन्ट प्रालि, अजीव प्रा लि आदि कम्पनियों ने विभिन्न प्रकार के रिक्तियों के सापेक्ष विकासखण्ड के युवाओं का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया। मेले में विकासखण्ड के 658 युवाओं द्वारा प्रतिभाग करते हुए लगभग 502 युवाओं ने पंजीकरण कराया। इसमें 253 युवाओं को विभिन्न कंपनी में सेवायोजित किया गया। इस मौके पर जेएन राव, प्रभुनाथ मिश्रा, एके सिंह, सूरज सिंह व गुड्डू सिंह प्रधान, दीपक सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, अविनाश प्रताप सिंह, दीपक खरे, दिग्विजय सिंह पटेल, प्रधान, विकास खण्ड कार्यालय के समस्त कर्मचारी, प्रशिक्षण प्रदाता के प्रतिनिधि सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनी के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

गोंडा: कोतवाली मनकापुर क्षेत्र की रहने वाली किशोरी के साथ छेड़खानी करने व जान से मार देने के धमकी देने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना मनकापुर एक गांव के रहने वाली किशोरी में ने सूचना दी कि उनके ही गांव के रहने वाले रफीक नाम के युवक ने उसके साथ खेत में जाते समय छेड़खानी की है। तहरीर के आधार पर थाना मनकापुर में संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा विवेचना उप निरीक्षक शिवकुमार यादव को दी गई थी। विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी रफीक को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

चार सेवायोजकों को दी नोटिस

कटरा बाजार, गोंडा: जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर बाल श्रम निरोधक अभियान चलाया गया। श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, एएचटीयू यूनिट की संयुक्त टीम ने कटरा बाजार, चन्दवतपुर आदि स्थानों पर अभियान चला कर चार प्रतिष्ठानों पर बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। बाल श्रम करने के आरोप में सेवायोजकों के विरूद्ध नोटिस जारी की गयी।

दुकानों के सामने मौजूद बालश्रम निरोधक टीम। अमृत विचार

खतरनाक प्रक्रिया के अंतर्गत दोषी पाए जाने वाले सेवायोजकों के विरूद्ध दो वर्ष तक की सजा या 50000/ रुपए तक का जुर्माना तथा गैर खतरनाक प्रक्रिया के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर सेवायोजक को एक माह तक की सजा या 10000/ रुपए तक जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। टीम ने अपील की है कि 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों व किशोरों से काम न लें। अभियान में श्रम विभाग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सतेन्द्र प्रताप, चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आशीष मिश्रा, अपराजिता संस्था के जिला समन्वयक विकास जायसवाल, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर माखन लाल तिवारी, एएचटीयू से प्रभारी उप निरीक्षक अरुण कुमार, उपनिरीक्षक राम किशोर प्रसाद हेका गऊ चरन व महिला आरक्षी अमिता पटेल आदि मौजूद रहे।

मैजापुर मिल ने 23 जनवरी तक 96.05 करोड़ रुपये किसानों का किया भुगतान

कटरा बाजार, गोंडा

अमृत विचार: क्षेत्र की बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की इकाई मैजापुर चीनी मिल ने गन्ना पेराई के नवीन सत्र 2023-24 का 23 जनवरी तक आपूर्ति गन्ना मूल्य का भुकतान 96.05 करोड़ रुपये का किया है।

चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक संदीप अग्रवाल ने बताया कि इस सत्र में करीब 29 लाख क्विंटल गन्ना का क्रय किया गया है जिसमें 23 जनवरी तक करीब 26 लाख क्विंटल खरीद की गयी। गन्ने के मूल्य का भुकतान व अंतर गन्ना मूल्य सहित कुल भुकतान 96.05 करोड़ रुपये गन्ना किसानों के बैंक खाते में भेजी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप चीनी मिल द्वारा किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान एक सप्ताह के अंतराल में किया जा रहा है। अग्रवाल ने बताया कि चीनी मिल अपनी बढ़ी हुई पेराई क्षमता 50000 क्विंटल प्रतिदिन कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान गन्ना बेचने की जल्दबाजी न करें व गन्ने के वजन को बढ़ाने के लिए गन्ने की सिंचाई करते रहें। चीनी मिल के महाप्रबंधक गन्ना पवन कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि किसान बसंत कालीन गन्ना बुवाई का प्रारंभ हो गया है। अधिक उपज देने वाली उन्नतशील प्रजाति का ही बुवाई करें।

15 बकाएदारों से 18 लाख रुपये ऋण की वसूली

रुपईडीह, गोंडा: पिछले एक सप्ताह में इंडियन बैंक की शाखा आर्य नगर ने बकाया वसूली अभियान के तहत 15 बकायेदारों से 18 लाख रुपए का ऋण वसूल किया।

शाखा प्रबंधक वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि सभी योजनाओं के तहत बकायेदारों से बकाया वसूली का कार्य नियमित रूप से गांव गांव जाकर किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि कुल 18 लाख रुपये अब तक वसूल किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस बकाया वसूली में सहायक प्रबंधक विनय कुमार शुक्ल का विशेष सहयोग रहा है।

विधायक ने सुनीं लोगों की समस्याएं

इटियाथोक, गोंडा

अमृत विचार: मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने बुधवार को इटियाथोक रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण करते हुए विधायक ने बताया कि स्थानीय लोगों की मांग पर अंडरपास का निर्माण व इंटरसिटी ठहराव कराया जाएगा।

इटियाथोक बाबागंज मार्ग की रेलवे से एनओसी मिल चुकी है। शीघ्र ही इस मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग शुरू करा रहा है। शीघ्र ही कस्बे में होने वाले जलभराव की समस्या दूर हो जायेगी। स्टेशन रोड बाजार की मुख्य सड़क का आरसीसी निर्माण शुरू किया जा रहा है। इटियाथोक बाबागंज मार्ग पर अंडरपास भी बनाया जाएगा। यह सारे कार्य लोकसभा चुनाव से पूर्व कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार लगातार विकास के मार्ग पर अग्रसर है। आम जनमानस की हर समस्याओं के निस्तारण पर त्वरित कार्य करती है। आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। एक बार फिर से लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी के अगुवाई वाली पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सत्यव्रत ओझा ने तीन सूत्रीय मांग पत्र सांसद को सौपा था। विधायक ने उस पर शीघ्र ही अमल किये जाने का संकेत विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने दिया। इस अवसर पर तमाम भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

इटियाथोक स्टेशन पर निरीक्षण कर लोगों से बात करते विधायक मेहनौन।

लेखपाल बनीं रोली को तरबगंज में मिली तैनाती

करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार : नगर के मोहल्ला गुड़ाही बाजार के निवासी शिव प्रसाद जायसवाल की होनहार बेटी रोली जायसवाल का चयन लेखपाल पद पर होने के बाद अब उन्हें तहसील तरबगंज में तैनाती मिली है। जिससे परिजनों व शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सफलता हासिल कर लेखपाल पद पर चयनित होकर रोली जायसवाल ने यह साबित कर दिया की बेटियां भी बेटों से कम नहीं हैं और आजकल बेटियां बेटों से कदम से कदम मिलाकर हर क्षेत्र में मुकाम हासिल कर अपना व अपने परिजनों का नाम रोशन कर रहीं हैं।

रोली ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, परिवार और गुरुजनों को दिया है। रोली की इस सफलता पर तमाम लोगों ने हर्ष जताते हुए बधाई दी है।

आउट ऑफ स्कूल बच्चों का घर-घर हो सर्वे

गोंडा कार्यालय: बुधवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के जिला अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग की फीडिंग, निपुण, यू-डायस, बच्चों का रजिस्ट्रेशन, आधार सीडिंग, आपरेशन कायाकल्प, जर्जर भवन के ध्वस्तीकरण, आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन की स्थिति, हाउस होल्ड सर्वे के अन्तर्गत बच्चों को नवीन कक्षाओं में नामांकन कराने की स्थिति, मध्याह्न भोजन, आधार नामांकन के सत्यापन आदि बिंदुओं पर समीक्षा की और प्रगति के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित सभी योजनाओं पर शत प्रतिशत कार्य कराएं। सीएम डैशबोर्ड पर फीडिंग भी कराना सुनिश्चित करें। शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार लाया जाए। समीक्षा के दौरान बच्चों के शिक्षा की गुणवत्ता, शौचालय, पेयजल, विद्युत कनेक्शन, एमडीएम में भोजन की गुणवत्ता, अध्यापकों की उपस्थिति, स्कूलों की साफ-सफाई आदि सभी बिन्दुओं पर ध्यान देकर सुधार लाया जाए। डीएम ने कहा कि आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हांकन करें तथा तथा हाउस होल्ड सर्वे के अन्तर्गत बच्चों को नवीन कक्षाओं में नामांकन कराएं। ऑपरेशन कायाकल्प में जो स्कूल बच गए हैं उनका सर्वे कर नियमानुसार कायाकल्प किया जाय। स्कूलो में पुनः सर्वे कर पेयजल, शौचालय, विद्युत कनेक्शन आदि के बारे में परीक्षण कर लिया जाय यदि कहीं गड़बड़ हो तो उसे तत्काल ठीक कराया जाय। जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पुराने जर्जर भवन को तकनीकी समिति के द्वारा परीक्षण कराकर 15 दिन के भीतर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाए। बैठक में एम.अरुन्मोली, सुशील कुमार, चन्द्रशेखर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, राजेश चौधरी, मनोज कुमार, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, एआरपी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बेसिक शिक्षा विभाग के अनुश्रवण समिति की बैठक करतीं डीएम व सीडीओ।

सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित

रुपईडीह, गोंडा: ब्लॉक कार्यालय के पत्रवाहक कंथ राम के सेवानिवृत्त होने पर ब्लॉक के अधिकारियों व कर्मचारियों ने खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव की अगुवाई में उन्हें फूल माला व अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित किया। समारोह के बाद उन्हें खंड विकास अधिकारी के सरकारी वाहन द्वारा ससम्मान उनके निवास स्थल गांव कल्याणपुर ब्लॉक रुपईडीह भेजा गया। एडीओ आईएसबी आजम खान, राजेश चौधरी, प्रसून, अमरजीत, गरिमा यादव, शबाना बानो, अजीत कुमार, मालिक राम, यमुना प्रसाद, लेखाकार अशोक कुमार, प्रधान सहायक दर्शन पाल सिंह, नरेंद्र कुमार, राजकुमारी रहीं।

सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों का बढ़ जाता है सामाजिक दायित्व

गोंडा कार्यालय: जब पुलिसकर्मी सेवानिवृत होता है तो उसका सामाजिक दायित्व बढ़ जाता है। उक्त बातें पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों के सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कही।

उन्होंने कहा कि सेवा क्षेत्र से निवृत होने के बाद अब सामाजिक भूमिका बढ़ जाती है। पुलिस विभाग में तैनात रहे अवधेश कुमार तिवारी, एफएसएसओ रामचरित्र तिवारी, अनिरूद्ध सिंह, उम्मे सलमा के पुलिस सेवा में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के साथ मौजूद पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन सभागार में उन्हें फूलमाला पहनाकर, अंग वस्त्र व धार्मिक पुस्तकें भेट कर विदाई दी तथा भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा, आरआई राकेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

अधिवक्ताओं ने की अंकित तिवारी के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग, सांसद प्रतिनिधि ने भी परिजनों को दी सांत्वना

गोंडा कार्यालय: बुधवार को इंडियन एसोसिएशन आफ लायर्स के बैनर तले राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम नेहा शर्मा को सौंपा गया। जिसमें अंकित तिवारी के हत्या आरोपी के गिरफ्तारी की मांग की गई है। साथ ही एक करोड़ अंकित के परिजनों को मुआवजा देने, परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने, जिले में ध्वस्त कानून व्यवस्था की समीक्षा कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने, प्रदेश भर में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू किए जाने की अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी से मांग की है। इस मौके पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के अध्यक्ष वीरेंद्र त्रिपाठी एडवोकेट, दीनानाथ त्रिपाठी, विजय प्रकाश त्रिपाठी, कौशल किशोर पांडे, जगन्नाथ प्रसाद शुक्ला, राम बुझारत दूबे, कौशल किशोर पांडे, संतोष ओझा, अशोक तिवारी, रमेश चौबे, राहुल पांडे, लाल बिहारी शुक्ला, शशिकांत शुक्ला, संदीप तिवारी, संजय सिंह, मोहित तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, ममता द्विवेदी, रामधन यादव, भगवान दयाल सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

जिलाधिकारी को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

सांसद प्रतिनिधि ने बंधाया ढांढस धानेपुर: नारायण हॉस्पिटल में काम करने वाले मृतक नर्सिंग सहायक अंकित तिवारी की मौत के बाद उसके घर पर शोक संवेदना जताने वालों का तांता लगा रहा। सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के प्रतिनिधि राजेश सिंह ने मृतक के गांव अचलपुर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि दोषी को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जायेगा। वहीं भाजपा नेता महेश नारायण तिवारी ने भी पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी है। इस मौके पर पंकज पांडेय, दद्दन शुक्ल, सालिकराम बारी, विनोद सिंह, चन्द्र प्रकाश शुक्ल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

घटनास्थल का सीओ ने किया निरीक्षण

गोंडा कार्यालय : अंकित हत्याकांड की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी नगर ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की सिविल पुलिस ने केस डायरी जीआरपी से लेते हुए जहां पड़ताल दायरे बढ़ा दिया है। क्षेत्राधिकारी नगर विनय सिंह रेलवे ट्रैक पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। गौरतलब है कि अभी तक अंकित हत्याकांड की जांच जीआरपी कर रही थी। लेकिन अब जांच सिविल पुलिस के पाले में आ गई है। अंकित की हत्या का आरोप नारायण अस्पताल के डॉ दीपक सिंह पर लगा है। मामले में जीआरपी ने मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन अब यह जांच क्षेत्राधिकारी नगर कर रहे हैं। इस हत्याकांड में अस्पताल के डॉक्टर दीपक सिंह व सहयोगियों पर मुकदमा दर्ज हो गया था। जांच गति धीमी थी। जीआरपी एसपी ने भी मौके पर जाकर जांच पड़ताल की थी। मामला जीआरपी के जांच के दायरे से बाहर बताया गया। जिस पर जीआरपी के अधिकारियों ने जांच सिविल पुलिस को दे दिया है। क्षेत्राधिकार विनय सिंह ने रेलवे ट्रैक पर पहुंचकर पड़ताल करते हुए घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। इससे जुड़े अभिलेख व केस डायरी को भी कब्जे में ले लिया है। नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया जांच क्षेत्राधिकार कर रहे हैं।

मंदिर पर कलशयात्रा प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से

नवाबगंज, गोंडा

अमृत विचार: नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम सभा दुबौली में नवनिर्मित मां काली माता मंदिर के संयोजक समिति के अध्यक्ष कामता प्रसाद दूबे ने बताया कि गांव में नवनिर्मित मां काली माता मंदिर पर तीन दिवसीय कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। भंडारे में स्थानीय एवं दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

गुरुवार को सुबह धार्मिक रीति रिवाज के साथ विद्वान कथा व्यास के नेतृत्व में गांव की महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन करते हुए कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलशयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों की सहभागिता रहेगी। शुक्रवार को प्राण प्रतिष्ठा समारोह और शनिवार को मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन कर समस्त श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा। सभी श्रद्धालु प्रसाद को ग्रहण करेंगे। समिति संयोजक ने आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मंदिर प्रांगण में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करें और मां काली माता का आशीर्वाद प्राप्त करें।

एक नजर

स्क्रीनिंग नेत्र शिविर में 90 मरीजों की हुई जांच

करनैलगंज, गोंडा : जिला अंधता निवारण समिति गोंडा के तत्वाधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पर स्क्रीनिंग नेत्र शिविर चिकित्सा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मोतियाबिंद ग्लूकोमा, नाखूना, नासूर, दृष्टि दोष, व अन्य बीमारियों का जांच व इलाज किया गया। ऑपरेशन योग पाए गए मोतियाबिंद मरीजों को अयोध्या नेत्र चिकित्सालय के निजी वाहन से निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण विधि द्वारा ऑपरेशन के लिए बुधवार को अयोध्या नेत्र चिकित्सालय भेजा गया। 90 मरीजों की जांच हुई एवं 12 मरीज ऑपरेशन योग्य पाए गए। राधा, हाशीब, ललन, बिटाना आदि मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया। यह जानकारी नेत्र परीक्षण अधिकारी एके गोस्वामी ने दी।

खेत की रखवाली करने गए युवक की मौत

परसपुर, गोंडा : खेत की रखवाली करने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। भाई की सूचना पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परसपुर थाना क्षेत्र के नन्दौर निवासी कृष्ण कुमार ने बताया कि उसका भाई राजू (30) मंगलवार की शाम को खेत की रखवाली करने गया था। सुबह घर वापस आया तभी उसे उल्टी होने लगी और अजात कारणों से उसकी मृत्यु हो गई। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि शव को कब्जे लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जायेगी।

महिला की पिटाई पर मुकदमा दर्ज

धानेपुर, गोंडा : थाना क्षेत्र के माधवगंज के मजरा खन्जहा पुरवा की रहने वाली कनीजा बानो पत्नी ताज मोहम्मद ने आरोप लगाया है कि बच्चों के विवाद को लेकर गांव के रहने वाले विपक्षीगणों ने अपशब्द कहते हुए लाठी डंडे से पिटाई कर दी। जिससे उसकी आंख में चोट आई है। विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ल ने बताया कि नानबाबू उर्फ तौहीद, आरिफ, समीना बानो व हसिरून्निशा के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज किया गया है।

परिषदीय स्कूलों में छात्रों को दी जाएं सुविधाएं

गोंडा : विकास भवन सभागार में सीडीओ एम. अरुनमोली ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा किया। निर्देश दिया स्कूल में छात्रों को सुविधा मिले। उन्होंने नाराजगी जताई कि छात्रों की आधार फीडिंग नहीं हो सकी है। इसके अलावा उन्होंने स्कूलों का निरीक्षण कर आपरेशन कायाकल्प का कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। बीएसए प्रेम चंद यादव ने बताया कि शिक्षकों को निर्देश दिया गया है। लापरवाही बरतने वाले 35 प्रधानाध्यापकों को चेतावनी दी गई है। सीडीओ ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्कूलों का निरीक्षण कर योजनाओं को समयबद्ध पूरा कराने का प्रयास करें।

देवीपाटन मंडल में रिक्त हैं कोटे की 50 दुकानें

गोंडा में 22, बहराइच में 16, बलरामपुर में सात तथा श्रावस्ती में कोटे की पांच दुकानें चल रहीं रिक्त

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: देवीपाटन मंडल में 2 माह से अधिक 50 गांव में उचित दर दुकानों के निरस्त होने के बाद भी नई दुकानों का चयन नहीं हुआ है। जिससे उपायुक्त खाद्य देवी पाटन मंडल ने नाराजगी जताते हुए एक माह में अभियान चलाकर रिक्त दुकानों की जगह नई दुकानों के चयन का निर्देश दिया है। उपायुक्त खाद्य के कड़े तेवर से खाद्य विभाग में हड़कंप मचा है।

देवीपाटन मंडल में चार जिले हैं जिसमें गोंडा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती है। मंडल में निरीक्षण के बाद दुकान निरस्त होती हैं। नियम के मुताबिक यदि दंड स्वरूप दुकानदार की निलंबित दुकान निरस्त की जाती है तो निरस्तीकरण आदेश की तिथि से अधिकतम एक माह के अंदर में उचित दर के दुकान की नियुक्ति अनिवार्य रूप से हो जानी चाहिए। ताकि दुकानों की संबद्धता जल्दी समाप्त हो सके। मंडल में इस नियम के धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। एक माह की बात छोड़िए तीन माह से अधिक बीतने के बाद भी 50 दुकान ऐसी हैं। जिनके निरस्त होने के बाद भी नई दुकान नहीं बन पाई है।

ऐसे में उपायुक्त खाद्य देवी पाटन मंडल ने मंडल के चारों जिलों के जिला पूर्ति अधिकारी को पत्र भेज कर रिक्त दुकान वाले गांव में विशेष अभियान चलाई जाने को कहा है। स्पष्ट तौर पर कहा है कि शासनादेश के मुताबिक दुकानों के चयन में लापरवाही बढ़ती जा रही है। जो ठीक नहीं है जिन गांवों में तीन माह अधिक समय से दुकानों का संचालन नहीं हो रहा है । वहां के लिए अभियान चलाया जाए। 3 माह से निरस्त होने वाले दुकानों में सबसे अधिक संख्या गोंडा जनपद की है। आंकड़ों के मुताबिक यहां 21 गांव की दुकान है। जहां काफी दिनों से निलंबित चल रही हैं। ऐसे ही हालात बहराइच जनपद के भी हैं। यहां पर 16 दुकान रिक्त हैं।

बलरामपुर में 7 तथा श्रावस्ती में पांच दुकानें दो माह से अधिक समय से निरस्त चल रही हैं। दुकानों के न होने से ग्रामीणों को खाद्यान्न लेने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जो बुजुर्ग व दिव्यांग राशन कार्ड धारक हैं, वह दूरी के चलते खाद्यान्न उठान करने में असफल रहते हैं।

शासन की मंशा है कि प्रत्येक राशन कार्ड धारक को उसके हिस्से का खाद्यान्न उसके गांव की कोटे की दुकान से ही मिल जाए। इसलिए नियम भी बनाया गया था कि एक माह के बाद हर हाल में दुकानों का चयन हो जाए। लेकिन पूर्ति विभाग के जिम्मेदार अफसर नियमों का पालन नहीं कर पा रहे हैं। जिसके चलते प्रत्येक माह कई राशन कार्ड धारक खाद्यान्न से भी वंचित हो जाते हैं। शासन निरस्त्रीकरण दुकानों के चयन के लिए कई बार आदेश निर्देश भी दे चुका है। लेकिन हर बार जिम्मेदार अफसर गड़बड़ी कर देते हैं।

उपायुक्त खाद्य देवीपाटन मंडल सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जिस जनपद में दो माह से अधिक समय से निरस्त चल रही दुकानों के स्थान पर नई दुकानों के चयन के लिए मंडल के चारों जिले के जिला आपूर्ति अधिकारियों को रिक्त दुकानों के चयन के लिए निर्देशित किया गया है। उम्मीद है जल्द ही सभी रिक्त स्थानों पर नई दुकान का चयन हो जाएगा। लापरवाही बरतने वाले जिला पूर्ति अधिकारियों के खिलाफ शासन को कार्रवाई के लिए पत्र भेजा जाएगा।

मिशन शक्ति कार्यालय का लोकार्पण करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

मिशन शक्ति कार्यालय का हुआ उद्घाटन

गोंडा कार्यालय : पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के तहत बलरामपुर फाउण्डेशन के सौजन्य से पुलिस कार्यालय परिसर में बने नवनिर्मित जनपदीय मिशन शक्ति कक्ष का लोकार्पण किया। एसपी की उपस्थिति में क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा ने नवनिर्मित मिशन शक्ति कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति कक्ष में प्रतिदिन महिला पुलिस अधिकारी उपस्थित रहेंगी जो पीड़ित महिलाओं को साइबर एवं अन्य महिला उत्पीड़न व उनके अधिकार, महिलाओं के उत्पीड़न को रोकने के लिए बने कानूनों की जानकारी प्रदान करेंगी। महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करेंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति अपराधों को लेकर शासन गम्भीर है। उनको असुविधा ना हो इसका विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि जिनको जो दायित्व मिला है उसका अनुपालन पूरी गंभीरता के साथ करें।

यूपी बोर्ड:92 हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल, 2700 शिक्षकों की डिमांड

उल्टी गिनती हुई शुरू, 143 केंद्रों पर 22 फरवरी से होगी परीक्षा

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: यूपी बोर्ड परीक्षा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। सभी विद्यालयों में कमोवेश प्रायोगिक परीक्षा हो चुकी है और अब 22 फरवरी से मुख्य बोर्ड परीक्षा की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। परीक्षा को सुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए अभी सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती को अंतिम रूप दिया जा रहा है लेकिन परीक्षा कराने के लिए 2700 शिक्षकों की कमी है जिसे बेसिक शिक्षा विभाग से मांगा गया है।

लोकसभा चुनाव से पहले यूपी बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड सहित अन्य बोर्डों की परीक्षा को संपन्न कराने के लिए तारीखों की घोषणा बहुत पहले की कर दी गई है। जनवरी में सभी विषयों की प्रायोगिक परीक्षा भी पूरी हो गई है। 22 फरवरी से बोर्ड परीक्षा शुरू होगी। गोंडा में इसके लिए 143 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसमें 92000 परीक्षा देंगे। 2023 में भी इतने ही परीक्षा केंद्र थे जिसमें 93000 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए थे लेकिन इस बार परीक्षार्थियों की संख्या पिछले साल की तुलना में 500-1000 तक कम हैं।

बोर्ड परीक्षा केंद्र का एक कॉलेज। अमृत विचार

इसमें हाईस्कूल के 52000 तथा इंटरमीडिएट के 46000 विद्यार्थी शामिल हैं। बोर्ड परीक्षा कराने के लिए कम से कम चार हजार से अधिक कक्ष निरीक्षकों की जरूरत पड़ेगी। इसमें माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी सीधे माध्यमिक शिक्षा परिषद से लगाई जाएगी। परीक्षा कराने के लिए 2700 अतिरिक्त शिक्षकों की आवश्यकता जताई गई है। इसके लिए डीआईओएस की तरफ से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा गया है। परिषदीय स्कूल के शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक बनाने के लिए बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेज दिया है और शिक्षकों के नाम मांगे हैं जो कक्ष निरीक्षक का कार्य करेंगे।

यूपी बोर्ड परीक्षा 2024
कुल बोर्ड परीक्षार्थी-92000
हाईस्कूल-52000
इंटरमीडिएट-46000
परीक्षा केंद्र-143

> बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी हो गई है। सभी केंद्रों में सीसीटीवी, जनरेटर व सीटों के लिए निर्देश दे दिए गए हैं। केंद्रों का निरंतर निरीक्षण कर जो कमियां हैं उसे पूरा कराने का कार्य किया जा रहा है। 2700 बेसिक शिक्षकों की डिमांड की गई है।
> **-राकेश कुमार**, डीआईओएस, गोंडा

मेहनौन को आदर्श विस बनाना लक्ष्य

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: मेहनौन विधानसभा को आदर्श क्षेत्र बनाना लक्ष्य है। यह बात मेहनौन के विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने मूसापुर में सड़क शिलान्यास के दौरान कही। उन्होंने सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह के साथ मंगलवार को 4 करोड़ की लागत से 3.5 किलोमीटर मूसापुर से डिहवा, मूसापुर से दुर्जपुर छेदाजोत स्कूल तक, मतवरिया से छोटका मतवरिया तक, ढुढ़ाव में मुख्य सड़क से पहलेपार तक सड़क का फीता काटकर शिलान्यास किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने कहा अपने विधानसभा को एक आदर्श विधानसभा बनाएंगे। मेहनौन विधानसभा में बिना भेदभाव के सभी वर्गों ओर सभी क्षेत्रों विकास कार्य हो रहा है। सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के प्रतिनिधि राजेश सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जायें। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शेषराम बारी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मंशाराम वर्मा, पूर्व जिलामंत्री चन्द्र प्रकाश शुक्ला, महामंत्री अंगद वर्मा, प्रधान कृष्ण गोपाल मिश्रा, प्रधान गब्बर, प्रधान जगदम्बा वर्मा, राम लाल मोर्या, बिजय सिंह, गुड्डू शुक्ला, रानू सिंह, गुरुदास शर्मा, हीरालाल यादव, राघव राम शर्मा, भागीरथ वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

छेड़छाड़ के मामले में केस

मनकापुर, गोंडा: महिला से छेड़छाड़ के मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक पर छेड़छाड़ समेत विभिन्न धाराओ.में मुकादमा दर्ज किया है। क्षेत्र के एक गांव निवासिनी विवाहिता ने दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि उसका विवाह छः वर्ष पूर्व हुआ था।

पिछले कुछ दिनों पूर्व पति पत्नी के बीच कुछ अनबन हो गयी थी जिसके बाद पीड़िता अपने पिता के घर पर रहकर गुजर-बसर कर रही है। ऐसे में वह घर गृहस्थी के साथ खेती में भी पिता का हाथ बटाती है। बीते गुरुवार को खेत में जाते समय क्षेत्र के अमवा गांव निवासी मोहम्मद रफीक बाइक से सवार होकर छेड़छाड़ करते हुए उसके साथ शादी करने का दबाव बनाने लगा। ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

पीड़िता ने कहा कि आये दिन आरोपी उसके घर जाकर उसे परेशान करता है। मामले में पीड़िता के तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध छेड़खानी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से चर्चा करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने लगाई चौपाल

नवाबगंज, गोंडा : नवाबगंज थाना क्षेत्र के चौखड़िया गांव के मजरे पंडित पुरवा में बुधवार को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों, क्षेत्र में शांति व्यवस्था और निष्पक्ष, निर्भीक और अधिकाधिक मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस ने चौपाल लगाई। कार्यक्रम की शुरुआत गांव के प्रधान मनीष कुमार पाठक एवं प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय और अन्य पुलिस कर्मियों का स्वागत किया। प्रभारी निरीक्षक ने इस दौरान लोगों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने लोगों को मतदान का महत्व बताते हुए बढ़ चढ़कर लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि आप सभी निर्भीक होकर मतदान करें यदि कोई अराजक तत्व आपको परेशान कर रहा है। तो उसकी सूचना पुलिस को दें। ऐसे उपद्रवी लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन आपके साथ सदैव खड़ा है।

तीन के खिलाफ दलित उत्पीड़न का केस दर्ज

उमरी बेगमगंज, गोंडा

अमृत विचार: न्यायालय के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के तहत उमरी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के ग्राम सभा अकौनी निवासी शिवपूजन पुत्र राजा राम को गत वर्ष 7 जुलाई समय करीब शाम 5 बजे विपक्षी बदलू पुत्र परशुराम, दशरथ पुत्र झगरू, खूंटी ने बरसात के पानी को निकालने को लेकर घर में घुसकर लाठी मुक्का थप्पड़ से मारना पीटना शुरू कर दिया तथा जान से मार देने की धमकी देते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया था।

अब न्यायालय के आदेश पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस बाबत थाना अध्यक्ष उमरी बेगमगंज संजीव वर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच क्षेत्राधिकारी तरबगंज को स्थानांतरित कर दी गई है।

नगर पंचायत धानेपुर में दस करोड़ रुपये से होंगे 31 कार्य

धानेपुर, गोंडा

बैठक
- बोर्ड की मीटिंग में सदस्यों ने किया अनुमोदन

अमृत विचार: नगर पंचायत धानेपुर बोर्ड की बैठक बुधवार को चेयरमैन उमा देवी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 31 प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए दस करोड़ की कार्ययोजना अनुमोदन किया गया।

बैठक में तय हुआ कि नगर पंचायत के सभी प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। नाला सफाई के लिए छोटी जेसीबी क्रय किए जाने, धानेपुर थाने के सामने के तालाब का सौंदर्यीकरण व फव्वारा निर्माण कार्य कर आकर्षक बनाया जायेगा। बीएचडी इंटर कॉलेज के सामने के तालाब का सौंदर्यीकरण कराकर लाइट से लैस किया जायेगा। यहां पर सैर करने के लिए बोटिंग, बैठने के लिए बेंच व सेल्फी प्वाइंट बनाया जायेगा। नगर पंचायत में वार्डों में सामुदायिक शौचालय, सरकारी स्कूलों में भवन मरम्मत व स्वच्छ पेयजल के लिए हैंडपंप रिबोर, समरसेबल पंप की मरम्मत व नया समरसेबल का निर्माण, नगर पंचायत की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न वार्डों में निर्मित पंचायत भवनों को बारात घर के रुप में परिवर्तित करने व सौंदर्यीकरण, डाक-बंगला के पास रैन बसेरा, सामुदायिक शौचालय निर्माण कराये जाने सहित 31 प्रस्तावों पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया। मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना, ईओ रागिनी वर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि मंशाराम वर्मा, सभासद अखिल सिंह, सुशील सिंह, शकील, भगवान दीन, सुरेश मोदनवाल, अन्नू, योगेन्द्र मोदनवाल, मेलाराम वर्मा, बजरंगी, पवन तिवारी, नफीस अंसारी, रक्षाराम वर्मा सहित अन्य लोग रहे।

बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

बेलसर, गोंडा: निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत बीआरसी बेलसर पर चल रहे शिक्षकों के चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान(एफएलएन)प्रशिक्षण के दूसरे दिन आज भाषा शिक्षण की वार्षिक शिक्षण योजना, साप्ताहिक शिक्षण चक्र व दैनिक योजना की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

प्रशिक्षक पुष्कर तिवारी, सत्यव्रत वर्मा, एस एन पान्डेय व अनिल मिश्रा ने विभिन्न सत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया। एआरपी आरपी सिंह ने बताया कि निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत विकास खण्ड के 625 शिक्षकों का प्रशिक्षण होना है। जिसके क्रम में अभी तक 200 शिक्षकों का प्रशिक्षण हो चुका है। इस बैच में 50 शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण उपरान्त शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्यालयों में विभाग के मंशानुरूप वार्षिक शिक्षण योजना के अनुसार नवीन शिक्षण विधाओं व सामग्री का उपयोग कर अपने विद्यालय और विकासखंड बेलसर को निपुण बनाने में योगदान देंगे। प्रशिक्षण सत्र को प्रान्तीय लेखाकार जूनियर शिक्षक संघ राजेश शुक्ल ने सम्बोधित करते हुए शिक्षकों से एकजुट रहते अपने अधिकारों के प्रति सचेष्ट रहते हुए अपने दायित्वों व बच्चों के प्रति निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी आरके सिंह ने प्रशिक्षण में हो रही गतिविधियों को विद्यालय तक पहुंचाने को प्रेरित किया।

कार्य संस्था को दी गई नोटिस

करनैलगंज, गोंडा: कार्य में लापरवाही बरतने पर रेलवे के सेक्शन इंजीनियर ने कार्यदाई संस्था को नोटिस देकर 48 घंटे के भीतर सड़क मरम्मत कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया है। इसको लेकर बुधवार को अमृत विचार ने खबर प्रकाशित किया था।

पूर्वोत्तर रेलवे जरवल रोड के सेक्शन इंजीनियर ने मेसर्स अंश कंस्ट्रक्शन जानकी नगर निकट कोल्ड स्टोरेज गोंडा को पत्र भेजा है। जिसमे कहा गया है कि गोंडा लखनऊ मार्ग स्थित सम्पार संख्या 288 व 286 पर आपको प्री मिक्सिंग कार्य कराने की स्वीकृति विभाग द्वारा दी गई थी। तब से लगातार बताया जा रहा है कि दोनों सम्पार के सड़क की सतह काफी खराब है जगह जगह गड्ढे बने चुके है। जिससे किसी भी समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। मगर पांच माह बीतने के बाद भी आप द्वारा सम्पार पर सड़क का मरम्मत नहीं कराया गया है। जिससे दोनों सम्पार पर आये दिन दुर्घटना हो रही है। साथ ही रलवे की सुरक्षा और संरचना प्रभावित हो रही है। यही नहीं सड़क मरम्मत के लिए तीन दिवस पूर्व सम्पार 288 पर पुरानी गिट्टी गिरवाई गई है। जिसकी चपेट में आकर लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया है कि पुरानी गिट्टी सम्पार 288 से तत्काल उठवाकर 48 घंटे अंदर सड़क का मरम्मत कार्य पूर्ण करवा दें। ऐसा करने में विफल होने पर समझा जायेगा कि आप कार्य करवाने के इच्छुक नहीं हैं।

खस्ताहाल सड़क। अमृत विचार

कार्यशाला में बाल अपराधों की समीक्षा

गोंडा कार्यालय: पुलिस लाइन सभागार कक्ष में क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा की अध्यक्षता में बाल किशोर पुलिस इकाई कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त थानों के बालकल्याण अधिकारी, किशोर न्याय बोर्ड के अधिकारियों, कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

क्षेत्राधिकारी सदर ने बैठक में बाल संरक्षण, पॉक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, ह्यूमन ट्रैफिकिंग इत्यादि विषयों के सम्बन्ध में वार्ता कर जानकारी दी। बैठक के दौरान पाक्सो एक्ट व महिला सम्बन्धी अपराधों में की जाने वाली कार्यवाहियों के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया तथा बालश्रम, जुबेनाइल एक्ट, पाक्सो एक्ट, गुमशुदगी, बाल भिक्षावृत्ति, बाल-विवाह, बाल तस्करी आदि के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए बताया कि थानों पर घटनाओं की सूचना मिलने पर तत्काल विधिक कार्यवाही करते हुए तलाश गश्ती व अन्य प्रचार-प्रसार कराए, गुमशुदा बालक, बालिकाओं की बरामदगी होने पर नियमानुसार सादे वस्त्रों में बालकल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। पाक्सो एक्ट के मामलों में नाबालिग से बातचीत के दौरान सादे वस्त्रों में ही रहे। बाल श्रम व बाल-भिक्षावृत्ति के उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाकर उनको मुक्त कराया जाए। कार्यशाला में अध्यक्ष न्यायपीठ बाल कल्याण समिति किशोर न्याय बोर्ड सहायक अभियोजन अधिकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्रम विभाग आदि मौजूद रहे।

बाल अपराधों की समीक्षा करतीं सीओ सदर। अमृत विचार

खामियां मिलने पर डीएम ने फटकारा

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: बुधवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने नगर पालिका परिषद गोंडा के जलकल प्रतिष्ठान पर गाड़ियों को समय से डीजल न देने की मिली शिकायत पर औचक निरीक्षण कर साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई खामियां मिलने पर जिलाधिकारी ने जलकल प्रतिष्ठान के अधिकारी एवं कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई एवं कार्यों में सुधार लाने की चेतावनी दी।

निरीक्षण का दौरान उन्होंने कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों को समय से डीजल न देने पर वाहन प्रभारी मोहम्मद मुस्तफीक को जमकर फटकार लगाई और कार्य में सुधार न लाने पर दंडात्मक कार्यवाही करने की चेतावनी दी। इसके अलावा उन्होंने लाइट प्रभारी बाल गोपाल को भी शहर में जगह-जगह पर लाइट व्यवस्था दुरूस्त न होने पर कड़ी फटकार लगाते हुए सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि शहर में सभी जगह पर लाइट की व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिये। साथ ही उन्होंने जलकल प्रभारी आशीष आनंद से टैंकर की उपलब्धता की जानकारी ली एवं उन्होंने सभी व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यदि कूड़ा उठान, लाइट व्यवस्था आदि में लापरवाही बरती जाएगी तो सम्बन्धित के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जलकल के कर्मचारी से पूछताछ करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

गला दबाकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

मनकापुर, गोंडा : नव विवाहिता की दहेज के लिए गला दबाकर हत्या करने में आरोपी पति व सास को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव वीरपुर का है। पीड़ित रामबली दास प्रजापति पुत्र राम जियावन दास निवासी राम जानकी मंदिर धर्मकांटा अयोध्या जनपद अयोध्या का आरोप है कि उसने अपनी बेटी की शादी 29 मई 2023 को वीरपुर गांव, थाना मनकापुर के रहने वाले सूरज प्रजापति के साथ किया था। दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजन प्रताड़ित करते थे। इसी कारण से उसकी गलादबाकर मार डाले तथा हल्ला कर दिया कि फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया है। घटना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्टम कराया तो मृत्य का कारण गला दबाकर मारने की पुष्टि हुई।

तलाश अपहृता

थाना नवाबगंज, जनपद गोण्डा (उ0प्र0)
अपहृता का नाम – कु0 पारूल
उम्र – 19 वर्ष करीब , पिता का नाम – तेज लाल, निवासी – मो0 पड़ाव, कस्बा व थाना– कस्बा नवाबगंज, थाना नवाबगंज, जनपद – गोण्डा, गुमशुदा होने का दिनांक – 25 जून 2023 , हुलिया – एकहरा मजबूत जिस्म आँख, नाक, कान औसत कद करीब 5 फुट लम्बा , पहनावा – ब्लैक कलर की कुर्ती, ब्लैक कलर जीन्स, चप्पल पहने, पहचान का निशान – बाल लम्बा काला, आँखे काली, होठ मोटा, बाल एक चोटी करती है, नाक गोल, चेहरा लम्बा, उपरोक्त अपहृता कुमारी पारूल के अपहृत के सम्बन्ध में थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा पर मु0अ0सं0 306/2023 धारा 363/366 ipc पंजीकृत है। अतः आप सभी से निवेदन है कि उपरोक्त अपहृता कु0 पारूल के बारे में कोई जानकारी हो तो नीचे दिये मोबाइल नम्बर पर सूचना दें।

प्रभारी निरीक्षक
थाना नवाबगंज, गोण्डा
मो0 – 9454403493

क्षेत्राधिकारी तरबगंज
जनपद गोण्डा।
मो0 – 9454401375

पुलिस अधीक्षक
जनपद गोण्डा।
मो0–9454400272

निर्देशों का अवहेलना पर मिलेगी प्रतिकूल प्रविष्टि

▸▸ डीएम का डिजीटल क्राप सर्वे कार्य को 15 दिन में पूरा करने के निर्देश

बहराइच

कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक को सम्बोधित करतीं डीएम। अमृत विचार

अमृत विचार। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, आईजीआरएस सन्दर्भों का निस्तारण, विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि मेरिट के अनुसार अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। डीएम ने कहा कि सभी पीठासीन अधिकारियों के कोर्ट पर दायरा से अधिक निस्तारण होना चाहिए विशेषकर पुराने वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाये।

डीएम मोनिका रानी ने डिजीटल क्राप सर्वे कार्य की धीमी गति पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए राजस्व, कृषि, पंचायत राज एवं ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि डे-बाई-डे क्राप सर्वे कार्य के प्रगति की समीक्षा करते हुए मिशन मोड में 15 दिवस में कार्य को पूर्ण कराएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश उच्चाधिकारियों के स्तर से प्राप्त होने वाले दिशा निर्देशों का पूर संजीदगी के साथ अनुपालन सुनिश्चित कराएं। समीक्षा के दौरान उदासीनता या लापरवाही संज्ञान में आने पर सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ वेतन बाधित करने के साथ-साथ प्रतिकूल प्रविष्टि से भी दण्डित किया जाएगा। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत अवशेष लक्ष्य को पूरा करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र लोगों के आवेदन-पत्र प्राप्त करें तथा 15 फरवरी से पूर्व सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न कराएं। साथ ही ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित आवास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित अन्य फ्लेक्सी योजनाओं की प्रगति में अपेक्षित सुधार की बात कही। मुख्यमंत्री डैश बोर्ड पर ऊर्जा, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, स्वास्थ्य, दुग्ध, दिव्यांग जन सशक्तिकरण, जल जीवन मिशन, पंचायती राज, वन, पर्यटन, बेसिक शिक्षा, पशुपालन, पिछड़ा वर्ग, महिला कल्याण, मत्स्य, लोक निर्माण, कौशल विकास, श्रम, उद्योग, सिंचाई, राजस्व, डूडा, बांट माप इत्यादि के प्रगति की फीडिंग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिला स्तरीय अधिकारी अपनी देख-रेख में डाटा फीडिंग का कार्य सम्पन्न करायें तथा नियमित रूप से फीडिंग कार्य की समीक्षा भी अपने स्तर से करते रहें।जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि जिले में अवस्थित मतदान केन्द्रों पर नेटवर्क की उपलब्धता से सम्बन्धित रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध करा दें। एसडीएम को यह भी निर्देश दिया गया कि विगत तीन वर्षों में विभिन्न न्यायालयों द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के साथ-साथ एन्टी भू-माफिया से सम्बन्धित प्रकरणों का शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारण भी कराया जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्वत, सीएमओ डॉ. एसके सिंह, उप निदेशक कृषि टीपी शाही, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, पीडी डीआरडीए राज कुमार, उपायुक्त मनरेगा केडी गोस्वामी, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे जबकि एसडीएम व बीडीओ द्वारा बैठक में वर्चुअली प्रतिभाग किया गया।

चोरी के समान के साथ दो शातिर गिरफ्तार

रूपईडीहा, बहराइच। रुपईडीहा पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर बदमाशों को चोरी के समान के साथ गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर रुपईडीहा पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि बुधवार को वरिष्ठ उप निरीक्षक रुदल बहादुर सिंह, उप निरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह, उप निरीक्षक जंगली प्रसाद भारती, दीवान अशोक प्रजापति रवि सिंह, धर्मनाथ सहनी और रामवीर चौहान की टीम ने अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया। नगर पंचायत में स्थित सीमन डिग्री कॉलेज के निकट से भूरे और अख्तर अली पुत्र वाजिद अली निवासी नईबस्ती और नसरुद्दीन पुत्र नासिर निवासी रेलवे स्टेशन रुपईडीहा को गिरफ्तार किया। इनके पास से लगभग 5800 रूपये नकदी, नेपाली रुपए और चांदी के जेवरात बरामद हुए। दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

कौशल प्रशिक्षण केंद्र का सीडीओ ने किया निरीक्षण

बहराइच

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन अन्तर्गत जनपद में प्रदाता रामा इन्फोटेक द्वारा चाकूजोत में संचालित आवासीय कौशल प्रशिक्षण केन्द्र का मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।

सीडीओ के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि प्रशिक्षण केन्द्र पर कुल 80 प्रशिक्षु जिसमें 45 बालक व 35 बालिका प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सभी 80 प्रशिक्षु उपस्थित पाये गये। सीडीओ ने आवासीय व्यवस्था के साथ कक्ष-कक्षों का निरीक्षण कर निर्देश दिया कि स्थानीय आवश्यक्ताओं को मद्देनज़र रखते हुए छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जाये ताकि उनका बेहतर से बेहतर प्लेसमेन्ट हो सके। सीडीओ ने आवासीय प्रशिक्षुओं को स्टेशनरी व ड्रेस का वितरण किया तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं से रू-ब-रू होते हुए केन्द्र की व्यवस्थाओं, सुरक्षा व्यवस्था, खान-पान, प्रसाधन इत्यादि के बारे में जानकारी ली। सीडीओ ने छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि मन लगा कर प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं स्वावलम्बी बनें और दूसरी महिलाओं को भी प्रेरित करें। इस अवसर पर संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी राधेश्याम, जिला कौशल प्रबन्धक रविशंकर पाठक, जिला कार्यकम प्रबन्धक भानु प्रताप, सेंटर प्रबंधक ललित सहित कौशल प्रशिक्षक मौजूद रहे।

आमान परिवर्तन के चलते 10 से बंद हो जाएगी ट्रेनें

बढ़ेंगी सुविधाएं, मैलानी रेल प्रखंड पर चलती रहेंगी ट्रेनें

बहराइच

अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे के बहराइच नेपालगंज रेल प्रखंड पर 10 फरवरी से अमान परिवर्तन का कार्य शुरू हो जाएगा इसको लेकर रोड पर संचालित ट्रेनों का संचालन भी बंद हो जाएगा यात्रियों को बसों से ही आगमन करना होगा। बड़ी रेल लाइन का फायदा नेपाल के यात्रियों को भी मिलेगी।

बहराइच से नेपालगंज रेल प्रखंड पर इस समय पैसेंजर ट्रेनों का संचालन होता है। यह रेल लाइन छोटी रेल लाइन है। इस पर एक अप और एक डाउन ट्रेन का संचालन इस समय होता है। लेकिन अब यह रेल लाइन एक कहानी बनकर रह जायेगी। इस रेल लाइन को अमान परिवर्तन में तब्दील किया जायेगा। इसके लिए 10फरवरी से कार्य शुरू होगा। 10 फरवरी से बड़ी रेल लाइन का कार्य शुरू होने के चलते ट्रेनों का संचालन भी बंद हो जायेगा। ऐसे में रुपईडीहा और नेपालगंज से आने जाने वाले यात्रियों को अपने निजी और प्राइवेट वाहनों का ही सहारा रहेगा। इससे यात्रियों की जेब पर अधिक खर्च आयेगी। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि 10 फरवरी से बहराइच से नेपाल के मध्य ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया जाएगा अमान परिवर्तन पूरा होने के बाद ही इस प्रखंड पर ट्रेनों का संचालन शुरू होगा। उन्होंने बताया कि बड़ी रेल लाइन होने से जिले के लोगों का हर तरह से विकास होगा।

बहराइच नेपाल रेल प्रखंड पर निर्माण के लिए रेलवे द्वारा जारी किया गया पत्र।

निर्माण में लग जायेंगे दो वर्ष

बहराइच से नेपालगंज रेल प्रखंड का अमान परिवर्तन कार्य होगा। इस कार्य को पूरा होने में 2 वर्ष से अधिक समय लगेगा कार्य पूरा होने के बाद ही ट्रेनों का संचालन शुरू होगा लेकिन तब बड़ी रेल लाइन पर बड़ी ट्रेन है संचालित होंगी।

–पंकज सिंह, पीआरओ पूर्वोत्तर रेलवे

अज्ञात बस की टक्कर से सगे भाई घायल, एक की मौत

बहराइच, अमृत विचार। गोंडा बहराइच मार्ग पर चिलवरिया के निकट बुधवार शाम को अज्ञात बस में बाइक में ठोकर मार दी। जिसमें सगे भाई घायल हो गए एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल लाया गया यहां पर छोटे भाई को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया जबकि बड़े भाई का इलाज चल रहा है। गोंडा जनपद के कटरा थाना अंतर्गत रायपुर लब्दहनपुरवा गांव निवासी बंसराज (20) पुत्र जुगल किशोर और इंद्र कुमार श्रीवास्तव (18) सगे भाई थे। वंशराज ने बहराइच में स्थित एक ट्रैक्टर एजेंसी से पूर्व में ऋण पर ट्रैक्टर की खरीद की थी। जिसकी किस्त जमा करने के लिए सगे भाई बुधवार को बाइक से जिला मुख्यालय आए थे। किस्त जमा करने के बाद सगे भाई वापस अपने घर जा रहे थे। कोतवाली देहात क्षेत्र के गोंडा बहराइच मार्ग पर चिलवरिया बाजार के पास बाइक सवार पहुंचे। तभी बाइक सवारों को अज्ञात बस ने ठोकर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में लाया गया। यहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर शिवम मिश्रा ने छोटे भाई इंद्र कुमार श्रीवास्तव को मृत घोषित कर दिया। जबकि वंशराज का इलाज चल रहा है डॉक्टर शिवम ने बताया कि इंद्र कुमार मृत हालत में ले गए थे। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा गौड़ ने बताया कि दुर्घटना में मौत हुई है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज अज्ञात वाहन की तलाश की जायेगी।

लूट की खबर झूठी, पिता से बचने के लिए लगाया आरोप

कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने मंगलवार को 65 हजार रूपये लूटे जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। अब युवक ने पत्र देकर आरोप गलत लगाने की माफी मांगी हैं। कैसरगंज थाना अंतर्गत ग्राम नौगईया निवासी विवेक गुप्ता ने सोशल मीडिया पर खबर चलाई की 65000 रुपये थाना कोतवाली के महज एक किलोमीटर दूरी पर कोनारी बंगाला के निकट उनसे बदमाशों ने लूट लिया। बदमाशों का पीछा भी किया पर बदमाश भागने में सफल रहे। इसकी तहरीर भी कोतवाली में विवेक ने दी। लेकिन जब कैसरगंज पुलिस ने इसकी तहकीकात करना शुरू किया, सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालाना शुरू किया तो हकीकत कुछ और ही निकली। विवेक गुप्ता नौगाईंया निवासी ने बताया कि मैंने 30 जनवरी 2024 को बैंक से कोई भी ट्रांजैक्शन नहीं किया। पापा का पैसा था मुझसे कहीं वह खर्च हो गए तो पापा के डर की वजह से मैंने यह फर्जी एप्लीकेशन दिया और फर्जी खबरें चलाई। इस झूठे कृत्य के लिए विवेक ने माफी भी मांगी है।

आरटीओ को देख चालक ने पेट्रोल पंप के खंभे से लड़ाई बस, सीज

बहराइच

▸▸ बस चालक को पुलिस को सौंपा, नशे में मिला चालक

▸▸ शहर में चले अभियान में 25 ई रिक्शा सीज, 25 पर जुर्माना

अमृत विचार। जिले में बुधवार को ट्रैफिक और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की ओर से जांच अभियान चलाया गया। शहर में 25 ई-रिक्शा वाहनों को सीज करते हुए 25 का चालान हुआ। नानपारा में संचालित एक बस चालक ने बचने के लिए पेट्रोल पंप के खंभे से ही बस भिड़ा दिया। जांच में वह शराब के नशे में मिला। बस को सीज कर जुर्माना लगाया गया है।

जिले में बिना परमिट और कागजात के बसों का संचालन विभिन्न रूटों पर होता है। इसको लेकर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ओपी सिंह और एआरटीओ को जांच के बाद कार्यवाई के निर्देश दिए हैं।

नानपारा में आरटीओ ने पकड़ी बस।

डीएम के निर्देश पर बुधवार को आरटीओ ने नानपारा क्षेत्र में अभियान चलाया। जांच के दौरान मछली मंडी के पास से बस संख्या यूपी 31 एटी 0027 को रुकने का संकेत दिया गया तो चालक ने बस को तेजी से भगाया। इसके बाद वह मोड़ पर स्थित पेट्रोल पंप के खंभे से जा भिड़ा। टीम ने उसे पकड़ लिया। जांच के दौरान वह शराब के नशे में मिला। आरटीओ ने बताया कि चालक की पहचान हरदी थाना क्षेत्र के महसी निवासी पिंटू पुत्र श्याम लाल के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध कोतवाली में पत्र दिया गया। पुलिस ने केस दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि बस को सीज कर दिया गया है। साथ ही 36 हजार का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि शहर में ट्रैफिक पुलिस और विभाग की ओर से संयुक्त अभियान चलाया गया। जिसमें शहर के डिगिहा और अस्पताल चौराहा के निकट जांच अभियान चलाया गया। जिसमें 25 ई रिक्शा को सीज कर दिया गया है। जबकि 25 ई रिक्शा वाहनों का चालान काटा गया है।

कबीर मगहर महोत्सव के चौथे दिन आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

मगहर, संतकबीरनगर। कबीर मगहर महोत्सव के चौथे दिन बुधवार को बन विभाग द्वारा पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की व्यस्तता के कारण गोष्ठी संक्षिप्त रही। बतौर मुख्य अतिथि डीएफओ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना हमारा परम कर्तव्य है। इन दिनों लगातार जल स्तर घट रहा है, जो चिंता का विषय है। जल हमारे जीवन जीने के लिये आवश्यक है। आगे कहा कि वृक्ष लगाना और उसकी सुरक्षा करना हमारा दायित्व बनता है। पीपल और बरगद का वृक्ष लगाया जाए। उन्होंने वन विभाग से अपील की कि सभी लोग गांवों में जाकर पीपल वृक्ष लगवाएं। नीम के बाग लगाएं जाएं क्योंकि इसका बेहतर उपयोग हमारे जीवन के लिये विभिन्न रूपों में काम आता है। पर्यावरण की रक्षा के साथ धन का भी लाभ मिलता है। रेंजर ख़लीलाबाद रणविजय सिंह ने कहा कि आम, अशोक, अर्जुन आदि जो साल भर हरे भरे रहते हैं। इन पेड़ों को लगाया जाये। ध्वनि प्रदूषण से पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है। आम,अशोक,अर्जुन आदि जो साल भर हरे भरे रहते हैं।इन पेड़ों कोलगाया जाये। ध्वनि प्रदूषण से पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। इसको बचाने की जरूरत है। अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं।इस कार्यक्रम का संचालन प्रदीप त्रिपाठी ने किया। इस दौरान डीएफओ अशोक कुमार सिंह, एसडीएम सदर शैलेश दूबे, रेंजर खलीलाबाद रणविजय सिंह, रेंजर मेंहदावल रामसूत यादव, रेंजर हैंसर महेन्द्र यादव, तहसीलदार सदर जनार्दन मौर्या, विनोद यादव, प्रदीप साहू,शशीभूषण शर्मा, अवनीश कुमार, राधेश्याम मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

आल्हा सम्राट फौजदार सिंह ने लोकगीत से किया जागरूक

मगहर। आल्हा सम्राट फौजदार सिंह द्वाराहरियाली और पर्यावरण पर आधारित लोक गीत गाकर लोगों को अपने गांवों की ओर लौटने की बात कहकर जागरूक किया। जिन्होंने कार्यक्रम का शुभारम्भ राग बसंत शारदा की बंदन" जै तेरी दरबार भवानी" से की। इस से माहौल को भक्तिमय बना दिया। राग बसंत अन्तर "के हो चढ़ावे केला नारियन" को अल्हा गीत के अंदाज में प्रस्तुत कर लोगों को गांवों का बड़ी खूबसूरती के साथ चित्रण किया।

सपा कार्यालय में आयोजित हुई बैठक में शामिल हुए पदाधिकारी

बराबरी का हक पाने को बनवाएं पीडीए की सरकार: जिलाध्यक्ष

बहराइच

अमृत विचार। सपा पार्टी कार्यालय में बुधवार को सभी विधायकों, पूर्व विधायकों, विधानसभा अध्यक्षों, वरिष्ठ नेताओं की बैठक जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एड. की अध्यक्षता मे हुई। बैठक मे राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वाहन पर प्रदेश भर मे चल रहे पीडीए पखवाड़ा चौपाल पर चर्चा व 5 फरवरी को समाजवादी बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती के जनपद आगमन कार्यक्रम की रूप रेखा बनाने व अंतिम प्रकाशन से पहले मतदाता सूचियों का गहन अध्ययन कर नये नामों को शामिल एवं छुटे नामों को पुनः दर्ज करवाने के दिशा-निर्देश दिये।

बैठक का संचालन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जफ़र उल्ला खान 'बंटी' ने किया। जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने सम्बोधन करते हुए कहा कि शोषित, पीड़ित, दलित, वंचित, महिला व अल्पसंख्यक सभी लोगों को समाज मे सम्मान और राजनीतिक भागीदारी देने के लिए हमारे नेता अखिलेश यादव सदैव संकल्पित है और इसी लिए उन्होंने इस बार पीडीए सरकार का नारा जोरों से बुलंद किया है। पीडीए मूल रूप से 'पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक व आधी आबादी' पर हो रहे शोषण, उत्पीड़न, अत्याचार व उपेक्षा के खिलाफ पैदा हुई आवाज़ है। उन्होंने बताया कि 5 को पीडीए पखवाड़ा के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का संदेश लेकर आ रहे मिठाई लाल भारती, बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पार्टी के वरिष्ठ नेता है। बैठक को जिला महासचिव सुनील कुमार निषाद, पूर्व विधायक दिलीप कुमार वर्मा, पूर्व विधायक शब्बीर बाल्मीकि, पूर्व विधायक रमेश गौतम, संत कुमार पासी, बाबा साहेब वाहिनी के जिलाध्यक्ष पेशकार राव आदि ने सम्बोधित किया। बैठक मे जिला उपाध्यक्ष देवेश चंद्र मिश्रा, उत्तम कुमार सिंह एड., राम जी यादव, हाजी वसीम शेरवानी, अफशाल शानू, शैलेश सिंह शैलू, धनजन्य सिंह सभासद, सुमन शर्मा, रेखा राव, कुमारी निशी खान, मो. आसिफ, गौरव यादव, जवाहर यादव, अयोध्या प्रसाद सोनी, विश्राम सिंह यादव सहित तमाम पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

सपा कार्यालय आयोजित बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष।

वर्ग पहेली-329

बाएं से दाएं

1.1. किसी का विनाश करने वाली, विनाशिनी 2. मार डालने वाली,नष्ट करने वाली।

5. अंगारों पर दग्ध किया हुआ, भूना हुआ, जलाया हुआ।

7. हठधर्मी, दुराग्रही, अड़ियल।

8.1. धांधली करने वाला, घोटालेबाज़ 2. भ्रष्टाचारी, बेईमान 3. धूर्त।

ऊपर से नीचे

2. तीन रंगों वाला।

3.1. (संगीत) एक रागिनी जिसे प्रात :काल गाते हैं 2. (संगीत) चार मात्राओं का एक ताल।

4. भौतिकवादी, पदार्थवादी।

6.1. धोखा देने वाला, जालसाज़ी या कपटपूर्ण व्यवहार करने वाला, ठग, विश्वासघाती 2. छली, कपटी, बेईमान, दगाबाज़, धूर्त, कुटिल।



वर्ग पहेली - 328 का हल

1 ज		2 के		3 सिं
तु		जु		गा
क		अ		रि
	4 ढो	ल	5 कि	या
6 पू			लो	7 झाँ
ज		8 पी	ल	पाँ व
न				ली

सुडोकू -46

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

3			4		8			
5			6				7	1
		9		2		6		
			8		6			5
	3	4				2	9	
1			9		2			
2		3		1		8		
6	7				4			3
			3		5			2

सुडोकू - 45 का हल

5	4	2	9	6	7	8	1	3
8	9	1	5	3	4	6	2	7
6	3	7	1	8	2	9	5	4
3	6	5	2	1	9	7	4	8
1	8	4	7	5	3	2	9	6
2	7	9	8	4	6	1	3	5
7	1	3	6	9	5	4	8	2
4	2	8	3	7	1	5	6	9
9	5	6	4	2	8	3	7	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-षष्ठी 14.03 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-10.31-11.14, 14.53-15.37 तक।

दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-चित्रा 2 फरवरी 03.49 तक तत्पश्चात स्वाती।

मेष – आज व्यवसाय और करियर में आपको अच्छा धन लाभ होगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कई सारे रुके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। बातचीत द्वारा परिस्थितियों को सम्भाल लेंगे।

वृष – आज व्यापार में नया अनुबंध कर सकते हैं। किसी सहकर्मी से आपका झगड़ा हो सकता है। घर की जरूरतों का ध्यान रखें। आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। एकाग्रता के साथ कार्य करेंगे, तो परिणाम बेहतरीन तरीके से मिलेंगे।

मिथुन – आज जॉब में किसी तरह के बदलाव को लेकर विचार बनेगा। प्रेम संबंधों को लेकर परिजनों का रुख सहयोगात्मक रहेगा। घर की जिम्मेदारियां आपको संभालनी होंगी। गरिष्ठ भोजन के सेवन से आपको कब्ज की शिकायत हो सकती है।

कर्क – आज भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। चिकित्सा के पेशे से जुड़े लोगों के ऊपर काफी दबाव हो सकता है। अपने शौक को पूरा करने में समय लगा सकते हैं। दिखावे और आडंबर के चक्कर में गलती न हो इसका ध्यान रखें।

सिंह – आज व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आपको व्यवसाय में काफी लाभ मिल सकता है। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा।

कन्या – आज आपको लक्ष्यों के प्रति सहज रहना चाहिए। समय पर काम नहीं होने से तनाव हो सकता है। आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी,लेकिन इसका आपको सकारात्मक परिणाम भी अवश्य मिलेगा। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रखें।

तुला – आज दांपत्य और प्रेम संबंधों के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप व्यस्त होंगे। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशन्सा होगी।

वृश्चिक – आज बातचीत के माध्यम से कई सारी परेशानियां सुलझने की संभावना बन सकती है। आत्मविश्लेषण में समय जरूर व्यतीत करें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय और धन बर्बाद न करें।

धनु – आज निजी संबंधों में प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। व्यापार में आप नया प्रयोग कर सकते हैं जिसमें शीघ्र ही आपको सफलता भी मिल सकती है। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। दूसरों के मामलों में अधिक हस्तक्षेप न करें।

मकर – आज जॉब में बदलाव के के विषय में सोच सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। सकारात्मक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। रूढ़िवादी विचारों से आपको बचना चाहिए। इससे लोग आपके बारे में गलत राय भी बना सकते हैं।

कुंभ – आज साझेदारी वाले कार्यों के लिए समय उत्तम है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम कर रहे लोगों का जॉब में स्थानांतरण या विभागीय बदलाव हो सकता है। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं।

मीन – आज उतना ही काम करें जितना आप संभाल सकते हैं। झूठे वायदे करने से आपको बचना चाहिए। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना आपके लिए बेहद जरूरी है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
परदेसी बाबू सुबह : 10.00
दानवीर रात : 07.00

SONY MAX
तुम्हारी सुलु सुबह : 10.50
सड़क रात : 09.17

SONY PIX
वर्टिकल लिमिट सुबह : 08.46
इट शाम : 06.30

ZEE CINEMA
हम साथ साथ हैं सुबह : 10.30
मुक्काबाज रात : 07.30

colors CINEPLEX
नमक हलाल दोपहर : 12.14
कभी खुशी कभी गम रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह-10.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी- किसी को इस शादी से ऐतराज
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

एक नजर

राजनीतिक दलों के साथ बैठक आज

बहराइच। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु निर्वाचन व्यय दाखिल किये जाने सामग्री हेतु रेट-चार्ट का निर्धारण कर सूची तैयार कर ली गयी है। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु तैयार की दर सूची पर आवश्यक विचार-विमर्श के लिए 01 फरवरी को मध्यान्ह 12:00 बजे कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी के कक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई है। एडीएम रंजन ने सभी सम्बन्धित से समय से बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

जूनियर खिलाड़ियों का हुआ चयन

बहराइच। 19वीं नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए जनपदीय अंडर 14 व अंडर 16 बालक और गर्ल्स टीम का चयन किया गया है। जिले से शरीफ खान, रियाजुद्दीन, नीतू गुप्ता, मुस्कान, विजय कुमार, हिमांशु का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी अहमदाबाद गुजरात मे आयोजित हो रहे नेशनल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। चयन के दौरान डिस्ट्रिक्ट एथेलेटिक्स अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, सचिव अटल सिंह, कोच मनोज पाल, कुसमेन्द्र सिंह राणा, सहित लोग उपस्थित रहे।

एसपी ने न्यायालय की सुरक्षा की जांची स्थिति

बहराइच। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला बुधवार शाम को पुलिस टीम के साथ दीवानी न्यायालय परिसर पहुंच गईं। उन्होंने परिसर में लगे सीसीटीवी मॉनिटरिंग सेल न्यायालय के चारों मुख्य द्वार, बैग स्कैनर, मेटल डिटेक्टर व गेट चेकिंग की स्थिति जांची। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर मौजूद महिला सिपाहियों को बेपर्दा चेकिंग की आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

उप निरीक्षक को दी विदाई

बहराइच। पुलिस विभाग के उप निरीक्षक शिव सहाय सिंह बुधवार को सेवानिवृत हो गए। जिस पर पुलिस लाइन में विदाई समारोह का आयोजन हुआ अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने उप निरीक्षक को फूल माला पहनकर स्वागत किया इसके बाद उपहार स्वरूप साल एवं भागवत गीता भेंट की। इस दौरान प्रतिशत निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

अभियुक्त को भेजा जेल

मुर्तिहा, बहराइच। प्रभारी निरीक्षक अमितेंद्र कुमार ने बताया कि कोतवाली मुर्तिहा क्षेत्र के गंगापुर गांव निवासी सोनू कुमार मोर्य पुत्र रामबालक ने क्षेत्र में चोरी की थी। बुधवार को उप निरीक्षक गजेंद्र पांडे दीवान सुभाष यादव और आशीष यादव की टीम में सीसीटीवी कैमरा, छत पंखा और स्पीकर के साथ सोनू को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

घायल युवक की इलाज के दौरान थमी सांसें

बहराइच। नगर कोतवाली के शहर स्थित मेडिकल कालेज में एक घायल लगभग 30 वर्षीय युवक को बेहोशी की हालत में भर्ती कराया गया था। जिसके सिर में चोट थी। उसने आसमानी कलर की शर्ट, हल्के पीला स्वेटर, गुलाबी व काले रंग का हाफ नेकर पहना हुआ था। उसकी बेहोशी खत्म न होने की वजह से उसकी पहचान नही हो सकी थी। बुधवार सुबह घायल की सांसे थमने पर अस्पताल पुलिस चौकी को मेमो भेजा। चौकी प्रभारी दिवाकर तिवारी ने शव को कब्जे में लेकर पहचान के प्रयास असफल होने पर फोटो व वीडियो ग्राफी कराकर शव पहचान को मार्च्युरी में रखवाया है। नियमानुसार 72 घंटे बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

19 लाख से ज्यादा बच्चों को खिलाई जाएगी दवा

बहराइच

▸▸ आज से शुरू होगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

सीएमओ डॉ. एसके सिंह।

अमृत विचार। पेट में कीड़े होने से बच्चों और किशोर-किशोरियों में खून की कमी, कुपोषण, भूख न लगना, कमजोरी, स्वास्थ्य खराब होना और समुचित मानसिक विकास का न होना जैसी समस्याएं हो जाती हैं। इन्हीं समस्याओं से बचाने के लिए हर वर्ष राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज जनपद में एक से 19 वर्ष के बच्चों व किशोरों को पेट से कीड़े (कृमि) निकालने के लिए एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई जाएगी। इस दिन दवा खाने से छूटे हुए बच्चों को पांच फरवरी को मॉपअप राउंड चला कर दवा खिलाई जाएगी।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि पेट के कीड़े निकालने के लिए हर वर्ष दो बार अभियान चलाकर दवा खिलाई जाती है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के 2927 सरकारी 1158 निजी विद्यालयों के अलावा 3145 आंगनबाड़ी केंद्रों को शामिल किया गया है। इस अभियान के तहत 19 लाख 65 हजार 742 बच्चों को एलबेंडाजॉल की गोली खिलाने का लक्ष्य है।

उन्होंने बताया कि एक से दो वर्ष तक के बच्चों को 200 मिग्रा, यानि आधी गोली व दो से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोरों को 400 मिग्रा, यानि पूरी गोली खिलाई जानी है। छोटे बच्चों को गोली पीसकर दी जानी है जबकि बड़े बच्चों को इसे चबाकर खाना है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला सलाहकार राकेश गुप्ता ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत एक से पांच वर्ष तक के बच्चों, छह से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बच्चों और घूमंतु व ईंट-भट्ठों आदि जगहों पर काम करने वाले श्रमिक बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से और छह से 19 वर्ष तक के स्कूल जाने वाले बच्चों को शिक्षक-शिक्षिकाओं के माध्यम से पेट के कीड़े निकालने वाली दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बाल विकास परियोजना अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी सहित स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, किशोर स्वास्थ्य काउंसलर, बीसीपीएम को जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

इस तरह बनता है कीड़ा

सीएमओ डॉ. सतीश कुमार सिंह ने बताया कि बच्चे अक्सर जमीन में गिरी चीज उठाकर खा लेते हैं। कई बार वह नंगे पैर ही संक्रमित स्थानों पर चले जाते हैं। इससे उनके पेट में कीड़े (कृमि) विकसित हो जाते हैं। इससे बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप कमजोर होने लगता है। एल्बेन्डाजॉल खा लेने से यह कीडे पेट से बाहर हो जाते हैं, जिससे शरीर में आयरन की शोषक क्षमता बढ़ जाती है, जिससे शरीर में एनीमिया अर्थात खून की कमी दूर होती है।

प्रदर्शन के बाद ज्ञापन देते पार्टी पदाधिकारी। अमृत विचार

भारतीय किसान पार्टी ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार। भारतीय किसान विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकृष्ण शुक्ल ने जनता से जुड़े मुद्दों से संबंधित पाँच सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम दिनेश कुमार को सौपा। पयागपुर में जनता से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को भारतीय किसान विकास पार्टी के अध्यक्ष ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार को सौपते हुये बिजली बिल माफ किये जाने, गौवंशो का संरक्षण करने, सरकारी कर्मचारियों का पेंशन बहाल किये जाने, पंचायत सहायको के मानदेय में बढ़ोतरी करने और बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने जैसी मांग की। कार्यकर्ताओ के साथ बस स्टॉप की बाजारों का भ्रमण करते किसान नेता तहसील मुख्यालय पहुंचे। इस अवसर पर अजय कुमार मिश्रा, विजय पांडे, चिनकू राव, फूलचंद राव, अमित यादव, नीरज तिवारी, भागीरथ यादव, ज्ञानेंद्र सिंह, सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूर्व चेयर मैन सहित पांच पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

बहराइच

▸▸ कूट रचित दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने का आरोप

अमृत विचार। रिसिया नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन सहित पांच पर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने का मुकदमा दर्ज हो गया है। इससे हड़कंप मच गया है।

रिसिया नगर के गायत्री नगर वार्ड निवासी आफान अहमद पुत्र अबरार ने प्रभारी निरीक्षक को दिए तहरीर में उल्लेख किया है कि मेरी पुस्तैनी जमीन खंडहर संख्या26/175गाटा स 565 मि मोहल्ला सरस्वती नगर में स्थित है। उस खंडहर को मैने जैनुल पुत्र जाहिद निवासी मुकाम को किराए पर दिया था। वर्ष 2019/2020 में खंडहर जमीन को तत्कालीन चेयर मैन महमूद अहमद पुत्र खलील अहमद ने नगर पंचायत कर्मियों के साथ मिली भगत कर नगर पंचायत के असेसमेंट रजिस्टर में लतीफअहमद पुत्र साकिर अली निवासी सरस्वती नगर के नाम उस जमीन को मकान दिखाकर लतीफ पुत्र साकिर के नाम दर्ज कर दिया गया। लतीफ पुत्र साकिर अली ने जमीन को आनन फानन में अपनी पत्नी साफिया बेगम के नाम 27सितम्बर 2023 को रजिस्ट्री कार्यालय बहराइच में बैनामा कर दिया। बैनामा के गवाह जाफर पुत्र लतीफ सरस्वती नगर थाना रिसिया और साहिल पुत्र रफी उल्ला निवासी वसीरगंज कोतवाली नगर बहराइच है। मेरे पिता का देहांत 21सितम्बर 2018 को हो गया है। प्रार्थी पिछले माह दिसंबर में जब वरासत कराने नगर पंचायत कार्यालय गया। तब मुझे इन बातो की जानकारी हुई, उपरोक्त महमूद अहमद, लतीफ अहमद, साबिया बेगम, जाफर व साहिल नेमिलकर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर मेरीजमीन को हड़प लिए है। रिसिया पुलिस ने आफान अहमद की तहरीर पर 29जनवरी 2024 को धारा419,420,467,468,471 का अभियोग दर्ज कर लिया है।

महिला ने फंदा लगाकर दी जान

महिला की मौत के बाद मौके पर जमा भीड़ और जांच करती पुलिस।

विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार। जनपद के अमकोलवा गांव निवासी एक विवाहिता ने देर रात को घर में फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह परिवार की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमकोलवा के मजरा गोसाई पुरवा निवासी 24 वर्षीय अनीता देवी ने देर रात फांसी लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार देर रात मृतका का पति अन्नू रात में नित्य क्रिया के लिए गया था। तभी उसकी पत्नी कमरे की छत से फंदा लगाकर लटक गई। मृतका के पास एक 10 महीने की पुत्री है, जिसके सर से मां का साया उठ गया। परिवार में मातम का माहौल छा गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कार्यवाहक थानाध्यक्ष शशि प्रताप सिंह ने बताया कि पंचनामा कर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मायके पक्ष की तहरीर पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

सार-संक्षेप

नुक्कड़ नाटक से बालिका शिक्षा पर दिया बल

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर ईक्विटिविटी के अंतर्गत ग्राम शिवदहा में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा पंजीकृत नुक्कड़ नाटक की टीम द्वारा नाटकों की संगीतमय प्रस्तुतियों के माध्यम से जनमानस को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, डीबीटी से प्राप्त धनराशि से बच्चों को यूनिफॉर्म, जूता-मौजा, बैग आदि सुविधाएं दिलाने के लिए प्रेरित किया। टीम के सदस्यों ने स्थानीय भाषा बोली में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों के दिलों में बेटियों के प्रति संवेदना उत्पन्न करने के साथ-साथ बालिका शिक्षा के महत्व को भी बताया। एआरपी राजेश मिश्र ने कहा कि बेटियों को बेटों के समान ही उन्नति के अवसर सुलभ कराना चाहिए जिससे कि वे अपने जीवन में शीर्ष स्थान प्राप्त कर सकें इसलिए बेटियों को विद्यालय अवश्य भेजें। इस दौरान नोडल प्रभारी अजय श्रीवास्तव, प्रमिला गुप्ता, अनिल सिंह, दिनेश कुमार, बंशीधर, संजय सिंह भदौरिया सहित भारी संख्या में बच्चे व अभिभावक उपस्थित रहे।

वन क्षेत्राधिकारी ने मौके पर पहुंच अवैध कटान रूकवाई

अवैध कटान की जांच करते वन अधिकारी। अमृत विचार

जैतापुर, बहराइच, अमृत विचार। कैसरगंज रेंज के शिवपुरा गांव में बिना परमिट के पेड़ काटे जाने की शिकायत पर वन विभाग को दी गई। जिस पर रेंजर के साथ वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। सभी ने पेड़ की कटान को रुकवा दिया। वन विभाग ने कागज न मिलने पर केस दर्ज करने की बात कही है। बहराइच वन प्रभाग के कैसरगंज रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवपुरा में गूलर का पेड़ बिना परमिट के काटा जा रहा था। जबकि दूध निकलने वाले पेड़ों की कटान करना अपराध है। इसके बाद भी बिना परमिट के पेड़ काटी जा रही थी। जिसकी शिकायत गांव के लोगों ने पुलिस और वन विभाग से की। वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह मौके पर पहुंचे। जांच के बाद सभी ने अवैध कटान को रुकवा दिया। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि कागजात मांगे गए हैं। कागज न मिलने पर रेंज केस दर्ज करने के साथ जुर्माना लगाया जाएगा। लकड़ी को कब्जे में ले लिया गया है। इस दौरान मोहम्मद जैकी, वन रक्षक और पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

वैदिक मन्त्रोच्चार से हुई श्री राम दरबार की पुनर्स्थापना

राम दरबार की स्थापना के दौरान पूजा करते लोग। अमृत विचार

जरवल, बहराइच, अमृत विचार। कैसरगंज के ग्राम पंचायत नौगइया के कटरिहा डीह में स्थित प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर में राम दरबार की पुनर्स्थापना का कार्यक्रम पूरे विधि विधान से संपन्न हुआ। कार्यक्रम स्वामी अक्षयानन्द महाराज के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। मुख्य यजमान श्रीमती जनक नंदिनी मिश्रा रही। नौगैइया निवासी सुधाकर मिश्रा, इं. दिवाकर मिश्रा व डॉ. प्रभाकर मिश्र ने पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा करवाई। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्र ने भगवान श्री राम की आरती उतारी। एसडीएम कैसरगंज पंकज दीक्षित, तहसीलदार अजय यादव व अधिशाषी अधिकारी शिवम द्विवेदी ने भी पूजन अर्चन कर भगवान श्री राम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम का जयघोष किया। इसके बाद श्रीराम दरबार की सभी मूर्तियों की कटरिहाडीह स्थित राम जानकी मंदिर में पुनर्स्थापना की गयी।

कक्ष निर्माण में घटिया सामग्री का हो रहा प्रयोग

बाबागंज, बहराइच। विकास खण्ड नवाबगंज क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में इन दिनों निमार्णाधीन सरकारी भवन में भ्रष्टाचार का बोलबाला बना हुआ है। यहां इन दिनों हो रहे भवन के निर्माण कार्य में मानक को ताख पर रखकर संबंधित ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग कर निर्माण कार्य से खेल किया जा रहा है। ग्रामीणों ने मानकविहीन बन रहे सरकारी भवन पर असंतोष व्यक्त करते हुए जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य में घटिया सीमेंट तथा पीले ईट व बालू का अधिक प्रयोग किया जाना रहा है। जो भविष्य के लिए चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। यह न केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए भयावह होगा बल्कि आने जाने वाले ग्रामीणों के जिंदगी के लिए भी खतरा साबित होगा। इसलिए ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों ने इसकी शिकायत जिला अधिकारी बहराइच से की है। सामाजिक कार्यकर्ता शमशाद, बद्री सिंह, जोखनलाल, अजय मिश्रा आदि ने उच्च अधिकारियों से की है। ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए बताया कि यदि सुधार नहीं किया गया तो सभी ग्रामवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

बीईओ ने बिना मान्यता संचालित स्कूल पर लगवाया ताला, हड़कंप

बाबागंज, बहराइच

नवाबगंज में बिना मान्यता के संचालित स्कूल।

अमृत विचार। क्षेत्र में बिना मान्यता के संचालित विद्यालय को खंड शिक्षा अधिकारी ने बंद करवा दिया। इससे अन्य विद्यालय संचालकों में हड़कंप मच गया है। खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा ने कस्बा नवाबगंज स्थित विद्यालय का निरीक्षण किया।

कस्बा नवाबगंज स्थित मैजिक स्टैंड निकट नूर चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल गैर मान्यता प्राप्त संचालित किया जा रहा था। जानकारी मिलने पर खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा ने बीते बुधवार को विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय के अभिलेखों में काफ़ी अनियमिततायें पाई गई। अभिलेखों के निरीक्षण मे विद्यालय गैर मान्यता के संचालित पाया गया। बीईओ वर्मा ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए विद्यालय को तत्काल बंद करवा दिया। वहीं, बीईओ ने विद्यालय प्रबंधन को भविष्य में बिना मान्यता के विद्यालय संचालित किए जाने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। इस कार्रवाई से अन्य संचालकों में हड़कंप मच गया है।

हादसों में मां-बेटे समेत छह घायल

बहराइच

▸▸ हुजूरपुर, विशेश्वरगंज और रिसिया क्षेत्र में हुईं घटनाएं

अमृत विचार। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। जिसमें मां बेटे समेत छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

विशेश्वरगंज थाने के चंद्राहावा गांव निवासी जसवंत चौधरी (35) पुत्र मदई मंगलवार रात अपनी भांजी की शादी समारोह में फखरपुर में शामिल होकर वहां से अपने गांव बाइक से निकले। उनके साथ में गांव के मोहित(30) पुत्र देवी दयाल भी थे। जैसे ही बाइक देहात कोतवाली के दोनक्का के पास पहुंची। विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना होते ही चालक वाहन सहित फरार हो गया। यूपी डायल 112 की पीआरवी टीम हेड कांस्टेबल कृष्ण नारायन, गायत्री यादव, सिपाही संगीता मौके पर पहुंचे। घायलों को आनन-फानन में जीप से मेडिकल कालेज लाए। चिकित्सकों ने घायलों की हालत नाजुक बनी हुई देखते हुए प्राथमिक इलाज कर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

रिसिया थाने के देवीपुरा निवासनी फूलजंहा(35) पत्नी मैनू अपने बेटे रेहान(8) के साथ मंगलवार रात रिसिया आने को ई रिक्शा पर सवार हुई। उसने तेज रफ्तार चला रहे ई रिक्शा चालक को कोहरे के चलते धीमा चलने को कहा। तो चालक ने रफ्तार और बढ़ा दी। अचानक रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जब तक लोग पहुंचे चालक ई रिक्शा सीधा कर घायल मां बेटे को छोड़कर फरार हो गया। घायलों को आस पड़ोस के लोगों ने एंबुलेंस मंगाकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

उधर, हुजुरपुर थाने के जगतापुर जलालपुर गांव निवासी जुग्गू(335) पुत्र बाउर व पंकज(25) पुत्र शिवकुमार हुजुरपुर स्थित गैस ऐजेंसी पर मजदूर है। वह मंगलवार रात बाइक से दोनो अपने गांव आ रहे थे। लौकाही के पास बाइक के सामने अचानक मवेशियों का झुंड आ गया। उसे बचाने के प्रयास में अचानक बाइक पलट गई। जिसके चलते दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना होते ही आसपास के लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से शहर स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घायलों का इलाज चल रहा है।

विजय अध्यक्ष व शालिनी बनीं महामंत्री

तेजवापुर, बहराइच

पंचायत सहायक संघ के चुनाव में शामिल पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। महसी विकास खंड सभागार में बुधवार को पंचायत सहायक संघ की ब्लॉक इकाई का गठन हुआ। इसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी में विजय कुमार मिश्र को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मनोनीत पदाधिकारियों ने ईमानदारी के साथ कार्य करने की शपथ ली।

संघ कार्यकारिणी के गठन की अध्यक्षता सिकंदरपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिवाकांत शुक्ल ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। भगवानपुर के पंचायत सहायक विजय शंकर मिश्र को अध्यक्ष बनाया गया। सिकंदरपुर की पंचायत सहायक शालिनी त्रिपाठी को महामंत्री मनोनीत किया गया। मयंकर शुक्ल को उपाध्यक्ष, अखिलेश कुमार राय को कोषाध्यक्ष, प्रमोद यादव व मालती को संगठन मंत्री, आरती यादव को प्रचार मंत्री, हरिओम बाजपेई, सहदेव को सचिव व अर्पित दीक्षित, गरिमा भार्गव को मंत्री व संजीत मौर्य को तकनीकी सहायक मनोनीत किया गया। बैठक में पंचायत सहायक संघ के पूर्व अध्यक्ष आजाद, अरुणवीर यादव, संध्या सिंह, पूर्णिमा मिश्रा, निर्मला देवी, रेखा मिश्रा, अनीता, वीरेंद्र, बब्लू, रिजवान, आरती गुप्ता, सोनम यादव, बिन्नो देवी, पम्मी देवी, दीपक कुमार सहित अन्य पंचायत सहायक मौजूद व अन्य लोग उपस्थित रहे।

नगरौर में आयोजित हुआ विधिक जागरुकता एवं साक्षारता शिविर

बहराइच, अमृत विचार। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उत्कर्ष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच तत्वावधान में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में श्रमिकों के हितार्थ नगरौर में विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान सचिव शिरोमणि द्वारा बताया गया कि भारत में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। इसी के अंतर्गत प्रत्येक जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्य कर रहा है। प्राधिकरण समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करता है। आर्थिक रुप से कमजोर व्यक्ति, जो न्यायालय अथवा तहसील में अपने वादों की पैरवी करने में असमर्थ है वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से नि:शुल्क अधिवक्ता की सुविधा प्राप्त कर सकते है। इसके अतिरिक्त सचिव द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के टोल फ्री नम्बर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गयी। पैनल लॉयर (रिसोर्स पर्सन) माधुरी लता मिश्रा द्वारा बाल श्रम अधिनियम, बंधुआ श्रम, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के बारे में लोगों को जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं श्रम कल्याणकार बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिक के लिये संचालित योजनाएं संत रविदास शिक्षा सहायता योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, मृत्यु एवं अंत्येष्ठी सहायता योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसी भी कार्यदिवस में श्रम विभाग से सम्पर्क कर सकते है। शिविर में प्रधान प्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मौका | दो फरवरी तक अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए कर सकते हैं आवेदन

बच्चों को मुफ्त शिक्षा के लिए जल्द कराएं आवेदन

संवाददाता बहराइच।

आवासीय शिक्षा मिलेगी

श्रम अधिकारी सिद्धार्थ मोदियानी ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय में श्रमिकों के बच्चों को रहकर शिक्षा ग्रहण करनी होगी। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों को नाश्ते के साथ भोजन नि:शुल्क मिलेगा।

अमृत विचार। जिले के श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए सरकार की ओर प्रवेश पत्र के लिए आवेदन मांगे गए हैं। ऐसे में बिना देरी किए गरीब तबके के लोग अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए फार्म भरवा सकते हैं। दो फरवरी के बाद फॉर्म नहीं भरे जायेंगे।

जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय ग्राम सिसवा तहसील मनकापुर जनपद गोण्डा के लिए प्रवेश शुरू हो गए हैं। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिको के तथा कोविड-19 की महामारी के दौरान कोरोना से निराश्रित बच्चों के लिए शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6 और 9 में कुल 140 सीट उपलब्ध हैं। इनमें 70 बालक व 70 बालिकाओं का अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आफ लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में श्रम विभाग एवं जिला सेवायोजन कार्यालय से प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे के बीच प्राप्त किये जा सकते है। श्रम अधिकारी सिद्धार्थ मोदियानी ने बताया कि पूर्ण भरे हुए आवेदन पत्र समस्त वांछित अभिलेखों एवं तीन अतिरिक्त पासपोर्ट फोटो के साथ 2 फरवरी की शाम 5 बजे तक श्रम विभाग कार्यालय में जमा किये जा सकते है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 25 फरवरी को कक्षा 6 के लिए पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक, कक्षा 9 के लिए पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। दिव्यांग छात्रों के लिए 40 मिनट अतिरिक्त समय दिया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए जिला प्रोबेशन कार्यालय के कमरा नम्बर 28 व 19 एवं सीयूजी नम्बर 7518024026 पर सम्पर्क कर सकते है।

4 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर 36 के कार्य क्षेत्र में बदलाव

बहराइच। पुलिस अधीक्षक ने 40 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। विभिन्न थानों में तैनात चार हेड कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया है। सभी को नई तैनाती स्थल पर जाने के निर्देश दिए हैं। इनमें एक उप निरीक्षक भी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने दो थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर करने के बाद पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस लाइन में तैनात उप निरीक्षक वीरेंद्र राय को न्यायालय की सुरक्षा में तैनात किया गया है। एसपी ने बताया कि विभिन्न थाने और सेल में तैनात सिपाहियों का स्थानांतरण किया गया है। एसपी ने जिले के विभिन्न थानों में तैनात अन्य पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। विभिन्न थाने में तैनात चार हेड कांस्टेबल लाइन हाजिर किए गए हैं। पुरुष सिपाहियों में 15 एक महिला हेड कांस्टेबल समेत 13 महिला सिपाही शामिल हैं।

जैविक खाद बनाने वाली महिलाओं का सम्मान

▸▸ इंडियन बैंक की ओर से आयोजित हुआ सम्मान समारोह

मटेरा, बहराइच।

महिलाओं को सम्मानित करते बैंक के उप महा प्रबंधक। अमृत विचार

अमृत विचार। इंडियन बैंक मटेरा शाखा में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को हुआ। जिसमें क्षेत्र की महिला किसानों को जैविक खेती के सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में रिसिया ब्लॉक अन्तर्गत निबिया बेगमपुर गांव निवासी रामप्यारी को अपने ही गांव में जैविक खाद व उर्वरक का उपयोग करके अत्यधिक फसलों की पैदावार को बढ़ाने के लिए किया गया। चमन आरा आगा खान फाउंडेशन में पिछले चार वर्षो से कमेटी कोऑर्डिनेटर के पद पर कार्यरत हैं। आगा खान फाउंडेशन में पिछले 4 वर्षों से समूह महिलाओं को जोड़ने व जैविक खाद उत्पादन को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। बुधवार को इंडियन बैंक शाखा मटेरा में आयोजित सम्मान समारोह में रामप्यारी व चमन आर को बैंक के उप महाप्रबंधक रविंद्र सिंह ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मटेरा इंडियन बैंक शाखा प्रबंधक सैयद जिया जाफरी ने भी समूह से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया एवं चमन प्रेरणा समूह को स्वीकृत पत्र भी दिया। अंचल प्रमुख ने सभी समूह से जुड़ी महिलाओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं बैंक से जुड़ने की सलाह भी दी। शाखा में सह प्रबंधक रत्नेश कुमार दीक्षित, अनुराग कुमार एवं विनेश कुमार इंडियन बैंक मित्र अनीस खान व बिस्मिल्लाह बेग व तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

एक : सम्पत्रमश्नाति वस्त्रे वासश्च शोभनम् ।
योऽसंविभज्य भृत्येभ्य : को नृशंसतरस्तत : ॥

जो व्यक्ति स्वार्थी है, कीमती वस्त्र, स्वादिष्ट व्यंजन, सुख-ऐश्वर्य की वस्तुओं का उपभोग स्वयं करता है, उन्हें जरूरतमंदों में नहीं बाटंता-उससे बढ़कर क्रूर व्यक्ति कौन होगा?

संपादकीय

बजट से उम्मीदें

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को बजट सत्र के उद्घाटन अवसर पर संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में कहा कि एक देश तेज गति से तभी प्रगति कर सकता है जब वह अतीत की चुनौतियों को हरा दे और भविष्य के निर्माण में अधिकतम ऊर्जा लगाता है। उन्होंने कहा सरकार का मानना है कि विकसित भारत की भव्य इमारत युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसानों और गरीबों के चार मजबूत स्तंभों पर खड़ी होगी। यानि स्पष्ट है कि भविष्य के लिए हम कौन सी राह पकड़ने वाले हैं। ध्यान रहे लोकसभा चुनाव से पहले संसद का यह आखिरी सत्र है। गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम अंतरिम बजट सदन में पेश करेंगी। इस बजट पर पूरे देश की नजर रहेगी। हालांकि बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी क्योंकि यह आम चुनाव से पहले लेखानुदान होगा। सरकार जो अंतरिम बजट पेश करेगी वह सिर्फ तब तक के लिए सरकारी खर्चों को पूरा करने के वास्ते होगा जब तक कोई नई सरकार नहीं बन जाती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि जब चुनाव का समय निकट होता है, तब आमतौर पर पूर्ण बजट नहीं रखा जाता है, हम भी उसी परंपरा का निर्वाह करते हुए पूर्ण बजट नई सरकार बनने के बाद लेकर आएंगे।

लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ताधारी पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिए मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी ऐसा होते देख चुके हैं। 'किसान सम्मान निधि' योजना की घोषणा फरवरी 2019 के अंतरिम बजट में ही की गई थी। उसके दो महीने बाद लोकसभा के चुनाव हुए थे। सर्वे एजेंसी सीएसडीएस के मुताबिक लोकसभा चुनाव में इस योजना ने खेल परिवर्तक की भूमिका निभाई। मौजूदा लेखानुदान में क्या होगा, किन योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, उनकी अटकलें ही लगाई जा सकती हैं, लेकिन देश के सामने जो समस्याएं और चुनौतियां हैं, उनके आधार पर विश्लेषण किया जा सकता है। दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात प्रतिशत रही है। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था कोरोना के बावजूद बेहतर स्थिति में है, लेकिन रोजगार, नौकरी, असमानता और देश पर कर्ज का बोझ आदि ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें अब बजट के जरिए गंभीरता से संबोधित किया जाना चाहिए।

शीत का प्रकोप, ऊष्मा और प्रकाश से हमारा नाता

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारत में उत्तर के मैदानी इलाकों में पिछले 20 दिन से अधिक हुआ, मौसम लोगों के शरीर और मन के अनुकूल नहीं है। गंगा-जमुना के मैदानी इलाकों में तापमान 0 .5 से लेकर 45-47 डिग्री सेल्सियस तक होता है।

सबसे ठंडा शहर साइबेरिया में साखा रिपब्लिक (रूस) का फेडरल डिस्ट्रिक्ट याकुत्स्क है। यहां 31 जनवरी को तापमान शून्य से नीचे 32 डिग्री सेल्सियस था। हर तरफ बर्फ था। लगता है याकुत्स्क फ्रीज हो गया है। फिर भी लोग जीते हैं और सक्रिय हैं। 'फिजियोलॉजी ऑफ कोल्ड' के लिहाज से देखा जाए तो यह बड़ी हिम्मत है। यहां रहने वाले लोगों के शरीर ने अनुकूलन कर लिया है। अमेरिका और याकुतिया के वैज्ञानिकों की रिसर्च यह बताती है कि दीर्घ निवास के कारण याकुट लोगों की शरीर क्रिया अनुकूलन की वजह से शीत को अद्भुत रूप से झेलने के काबिल हुई है। वैज्ञानिकों ने इन लोगों की शरीर क्रिया, मौसम के अनुसार शारीरिक गतिविधि, शरीर में वसा और कार्बोहाइड्रेट, हार्मोन और ठंड की वजह से शरीर के अंग-प्रत्यंगों में सूजन की संभावना होने के अलावा पोषण स्तर का आंकलन भी किया है। यह मालूम हुआ कि इनके शरीर में विशिष्ट प्रकार से मेटाबोलिक क्रियाओं की उत्पत्ति के बावजूद कुछ खास तरह से चयापचई विकारों का विकास होता है जिसे अमेरिका-रूस की संयुक्त मेडिकल रिसर्च टीम ने दर्ज किया। ऐसी ही कुछेक शारीरिक दिक्कतें भारत में मैदानी और पर्वतीय इलाकों में रहने वालों में देखा गई हैं जिनके कारण और नैदिनिकी कुछ अलग तरह की है।

भारत में उत्तर के मैदानी इलाकों में पिछले 20 दिन से अधिक हुआ, मौसम लोगों के शरीर और मन के अनुकूल नहीं है। गंगा-जमुना के मैदानी इलाकों में तापमान 0.5 से लेकर 45-47 डिग्री सेल्सियस तक होता है। राजस्थान में चुरू और हरियाणा के हिसार और नारनौल में तो यह शून्य दर्जे सेल्सियस से भी एक-दो दर्जा नीचे अनेक बार आंका गया है। गर्मी झेलने वाले लोग एक डिग्री सेल्सियस तक और 46 डिग्री तक तापमान पहुंचने पर अनुकूलन कैसे करते हैं। यह रहस्य शरीर की चयापचयी क्रियाओं और हार्मोन्स के स्राव की मात्रा के स्तर, रक्त में इसके विचरण और शरीर के रेस्पांस पर निर्भर करता है। हमारे लिए जून महीने में हीट-स्ट्रेस और शीत ऋतु में कोल्ड-स्ट्रेस को झेलना मुश्किल होता है। शरीर को अपने भीतर का 'कोर-टेम्परेचर' बनाए रखने से पहले कुछ परिवर्तन करने पड़ते हैं। यह तभी संभव है जब

> ठंडे प्रदेशों में लोग इन दिनों घर से बाहर नहीं निकलते और घर में बैठकर आग तापते हैं। हमने देखा होगा कि कॉलोनियल टाइप के बंगलों में बड़े कमरे में एक अंगीठी बनाई जाती थी जिसमें सूखी लकड़ी के छोटे टुकड़े डालकर कई घंटा तक इसके सामने घर के लोग बैठा करते।

शरीर के भीतर मौजूद एंडोक्राइन ऑर्गन्स का आपस में सही जैव-रासायनिक संबंध कायम रहे और कोशिकाओं और सिस्टम में मौजूद संवेदी अर्थात् रिसेप्टर्स अपना काम सही से करें। चूंकि ऋतु परिवर्तन के दौरान दिन और रात की अवधि, प्रकाश और अंधेरे के कुल समय और तापमान एवं वायुमंडल में मौजूद नमी में बदलाव धीरे-धीरे होता है। इसलिए अनुकूलन भी साथ-साथ, धीमी गति से होता रहता है। मई-जून में लू चलने पर वातावरण अत्यधिक गर्म होने से और शीत ऋतु में कंपकपा देने वाली पश्चिमी हवाओं के चलने या कोल्ड-वेव के दौरान शरीर का एक हिस्सा अगर उघड़ा रह जाए और शरीर में पानी की कमी हो जाए तो क्रमशः हीट-स्ट्रेस और कोल्ड स्ट्रेस होता है।

कोल्ड-स्ट्रेस के बाद अगर 'हाइपोथर्मिया' हो जाए और समय से शरीर को उष्मा के संपर्क में न लाया जाए तो मृत्यु निश्चित है। वैज्ञानिक अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि शरीर का भीतरी तापमान 85.1 डिग्री फारेनहाइट तक अगर गिर जाता है तो यह जानलेवा संकट की स्थिति है और ऐसे में प्रति मिनट एक-दो बार ही दिल धड़कता है। नब्ज़ और सांस तो करीब-करीब बंद ही मालूम पड़ते हैं। अगर तापमान गिर कर 68 डिग्री फारनहाइट हो जाए तो मृत्यु निश्चित है। उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप लंबी अवधि तक बना रहे तो प्रत्येक जीवधारी के शरीर में स्वैच्छिक रूप से चलने वाली मेटाबोलिक प्रक्रियाएं कुछ उत्पात कर सकती हैं। मधुमेह और हृदय रोग से पीड़ितों के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय होता है। बच्चों और वृद्ध लोगों के लिए यह बड़ी मुश्किलें पैदा करता है। सोने-जागने के समय और अवधि में अनिश्चितता होने लगती है, भूख बिगड़ जाती है और तरल भोजन का सेवन न करने और आहार की किस्म का ध्यान न रखने, पर्याप्त मात्रा में गुनगुना पानी न पीने के कारण भी शरीर का रेस्पोंस और जैव-रासायनिक संतुलन अत्यधिक ठंडे मौसम मैं चौपट हो जाता है।

ठंडे प्रदेशों में लोग इन दिनों घर से बाहर नहीं निकलते और घर में बैठकर आग तापते हैं। हमने देखा होगा कि कॉलोनियल टाइप के बंगलों में बड़े कमरे में एक अंगीठी बनाई जाती थी जिसमें सूखी लकड़ी के छोटे टुकड़े डालकर कई घंटा तक इसके सामने घर के लोग बैठा करते। अधिक ठंड और गर्मी में चिक को नीचे सरका कर लू और शीत से बचाव कर लिया जाता और अंदर के कमरों का तामपान 4-5 डिग्री सेल्सियस तक कम रखा जा सकता था। यूरोप, रूस, कनाडा, उत्तरी अमेरिका और जापान में पारंपरिक घरों को गर्म रखने के लिए एक केंद्रीय व्यवस्था बनाई जाती थी। इसमें एक दहन कक्ष में आग जलाकर इसकी ऊष्मा को पक्के सुरंगों और पाइप्स के जरिए पूरी इमारत में पहुंचाया जा सकता था। इसे सेंट्रल हीटिंग सिस्टम कहते हैं।

उत्तरी अक्षांशों में बसे शहरों में रईस लोगों और सरकारी इमारतों में आज भी यह सिस्टम चालू है। भारत में उत्तर के सर्दी झेलने वाले इलाकों में आजकल बनाए जाने वाले घरों के डिजाईन 'बिगाड़' दिए गए हैं। आर्किटेक्ट लोग आर्टिफीसियल-हीटिंग और कूलिंग को तरजीह दी जाए, ऐसा डिजाईन निकालते हैं। इससे घरों में एयर-कंडिशनर लगाने पड़ते हैं और जीवनयापन मंहगा हो जाता है। अत्यधिक शीत को सहने की क्षमता को पहचानने के लिए पृथ्वी पर अनेक चुनिंदा जगहों पर रहने वाले जीव-जंतुओं और मनुष्यों के शरीर पर अध्ययन किए गए हैं ताकि अनुकूलन कैसे होता है इसका पूरा मैकेनिज्म मालूम किया जाए और किसी वजह से इसके दुष्प्रभाव की चपेट में मनुष्य या पालतू जीव आए तो उसका सही से इलाज किया जा सके। ऊंचे और हिमपात वाले पर्वतों पर ऑक्सीजन की कमी भी गैर-रहवासियों को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है अगर अनुकूलन के नियमों का पालन न किया जाए। मैदानी स्थानों पर जहां हिमपात होता है या अत्यधिक शीत होती है, तब पालतू पशु और मनुष्य के विपत्ति में पड़ने पर इलाज करने के प्रोटोकॉल न केवल तय किए गए हैं, बल्कि अत्याधुनिक रिसर्च से इसमें बराबर सुधार भी आता रहा है। उत्तरी ध्रुव क्षेत्र और हिमपात होने वाले पर्वतों और मैदानी इलाकों में जो जीव-जंतु रहते हैं वे हिमपात से पहले या तो नीचे आ जाते हैं या वे दीर्घ निद्रा लेते हैं। दीर्घ निद्रा के दौरान इनके शरीर की चयापचयी प्रक्रियाएं सुस्त पड़ जाती हैं और अंदर के मल द्रव्य 'री-सायकल' होने शुरू हो जाते हैं। इसकी बायो-केमिस्ट्री बड़ी अद्भुत है और नाइट्रोजन वेस्ट पदार्थ सुसुप्तावस्था में भी बाहर न निकले तो भी किसी प्रकार की टॉक्सिसिटी पैदा नहीं करते। यह लाखों साल में क्रमिक विकास के दौरान अनुकूलन से ही संभव हुआ है।

एक और महत्वपूर्ण बात यह कि कोहरे और आकाश में जरूरत से अधिक नमी व्याप्त हो जाने से कई दिन तक मनुष्य को अगर सूरज दिखाई न दे शरीर के भीतर मौजूद 'जैव-घड़ी' अर्थात् बायो-लॉजिकल क्लॉक, की सुइयां स्लो हो जाती हैं या कूदने-फांदने लगती हैं, कंफ्यूज हो सकती हैं और व्यक्ति का ध्यान डिगा सकती हैं। इसे 'डिस-ओरिएंटेशन' कह सकते हैं। अगर किसी व्यक्ति को मेटाबोलिक डिसऑर्डर है और दवा पर निर्भर है तब उसकी दवा की रोजाना की डोज और दिनचर्या को हल्का सा बदलने की जरूरत भी हमारा डॉक्टर बताएगा।

स्वस्थ मनुष्य को शारीरिक गतिविधि और हल्का व्यायाम, तरल, गर्म और ताजा आहार लेने। मांस-मदिरा से बचने, धूम्रपान कम कर देने या बिल्कुल ही त्याग देने और आहार में नमक और मीठा कम करने की भी स्लाह तो देगा ही, डॉक्टर यह भी कहेगा कि दवा निश्चित समय नियमित तौर पर लें। इसलिए सूरज के उदय होने के बाद अस्त होने तक विभिन्न उष्मीय तीव्रता से दृष्टिगोचर होना और इसे महसूस करना, ऋतु में अत्यधिक शीत होने के दिनों में जरूरी माना गया है। सबसे जरूरी है कोल्ड-एक्सपोज़र से बचना और शरीर की अंदरूनी ऊष्मा को बचा कर रखना। कुल मिलाकर यह मामला 'डाईयुर्नल रिदम्स' और सोलर-रेडिएशन से जुड़ा हुआ है जिसके केंद्र में है सूर्य और इससे मिलने वाली ऊष्मा की मात्रा और प्रकाश की तीव्रता और अवधि। इस दौरान ऋतु अनुसार वायु के प्रवाह की गति और वर्षा जरूरी हैं।

प्रसंगवश

महात्मा गांधी के आखिरी घंटे

वो 30 जनवरी का दिन था। महात्मा गांधी सुबह 3:30 बजे उठे और कुछ कांग्रेस के कागजी मसौदों को तैयार करके वापस सोने चले गए। इस दौरान उन्होंने नींबू और शहद का गरम पेय और मौसमी का जूस पिया। दोबारा वे 8:00 बजे उठे अखबारों पर नजर दौड़ाई फिर बृज कृष्ण ने उनकी तेल से मालिश की, नहाने के बाद उन्होंने बकरी का दूध, उबली हुई सब्जियां टमाटर मूली, गाजर का सलाद और संतरे का रस लिया। इस दौरान उनके पुराने साथी जो डरबन में उनके साथ थे रुस्तम सोराब जी अपने परिवार के साथ उनसे मिलने आए। इसके बाद बापू दिल्ली के कुछ मुस्लिम नेताओं से भी मिले। सुधीर घोष और उनके सचिव प्यारे लाल ने नेहरू और पटेल के बीच मतभेदों पर लंदन टाइम्स में छपी एक टिप्पणी पर उनकी राय मांगी तो बापू ने कहा यह मामला वह पटेल के सामने उठाएंगे, जो 4:00 बजे शाम को उनसे मिलने आ रहे हैं और नेहरू से भी बात करेंगे, जो 7:00 बजे शाम में आएंगे।

रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

उधर बिरला हाउस के लिए निकलने से पहले नाथूराम गोडसे ने नारायण दत्तात्रेय आप्टे से कहा कि उसका मूंगफली खाने का मन कर रहा है। आप्टे उनके लिए मूंगफली लेने गए। थोड़ी देर बाद आकर बोले मूंगफली मिल नहीं रही है, लेकिन गोडसे ने फिर से उनसे मूंगफली लाने के लिए कहा, आप्टे फिर से निकले और इस बार वह मूंगफली लेकर आए। दोनों ने मूंगफलियां खाई आप्टे ने कहा कि काम पर निकलने का समय हो रहा है। 4:15 बजे उन्होंने कनॉट प्लेस से एक तांगा किया और बिरला हाउस से कुछ पहले ही वह उतर गए। (इस बात को लॉपियर एंड कॉलिन्स ने अपनी किताब फ्रीडम एट मिडनाइट में लिखा है।)

4:00 बजे शाम को सरदार पटेल अपनी पुत्री मनी बेन के साथ बापू से मिलने आए और शाम 5:00 बजे प्रार्थना के समय तक उनसे बातचीत करते रहे। सरदार पटेल के साथ बात करते हुए बापू लगातार चरखा चला रहे थे और उन्हें समय का आभास न हुआ, पर आभा को मालूम था कि गांधी जी को प्रार्थना में देरी से पहुंचना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। वह परेशान हो रही थी, लेकिन सरदार पटेल के सामने उनकी हिम्मत नहीं हो रही थी कि वह गांधी को टोक सकें कि उन्हें देर हो रही है। इसलिए उन्होंने बापू की जेब घड़ी उठाई और उसे धीरे से हिलाकर बापू को दिखाया। मणिबेन ने देखा और उनकी बातचीत में हस्तक्षेप किया। 5:10 हो चुके थे। आभा और मनु ने बापू को चप्पल पहनाकर उनका हाथ अपने कंधे पर रखकर उठाया। रास्ते में उन्होंने आभा से मजाक किया तुमने आज मुझे मवेशियों का खाना दिया था। उनका इशारा गाजरों की तरफ था आभा ने कहा हां बा भी इसको घोड़े का खाना कहती थीं, इस पर बापू हंसते हुए बोले अब मेरी दरियादिली देखों मैं इसका आनंद उठा रहा हूं जिसकी कोई परवाह तक नहीं करता है।

आभा ने बात को आगे बढ़ते हुए कहा आज आपकी घड़ी सोच रही होगी कि उसे नजर अंदाज किया जा रहा है तो बापू हंसते हुए बोले मैं घड़ी की तरफ क्यों देखूं यह नर्स का काम होता है। तुम्हारी वजह से मुझे 10 मिनट की देरी हो गई नर्स को अपना काम बिल्कुल समय पर करना चाहिए। ईश्वर के सामने भी प्रार्थना सभा में एक भी मिनट की देर से मुझे चिढ़ होती है। यही बात करते-करते हुए प्रार्थना स्थल तक पहुंच चुके थे।

आभा और मनु ने उन्हें बैठाते हुए अपने कंधों से उनका हाथ हटाया और बापू ने अपने दोनों हाथ लोगों के अभिवादन के लिए जोड़ लिए। तुरंत ही बाएं तरफ से नाथूराम जाकर उनके पैरों में झुका तो मनु को लगा कि वह उनका पैर छूना चाहता है। आभा ने जोर से बोला बापू को पहले ही देर हो चुकी है, उनके रास्ते में व्यवधान न उत्पन्न करिए, लेकिन गोडसे ने मनु को धक्का दिया तो उनके हाथ से माला और पुस्तक नीचे गिर गई। मनु उसे उठाने के लिए झुकी तो गोडसे ने पिस्तौल निकालकर सीधे तीन गोलियां बापू के सीने और पेट में दाग दीं। बापू के मुंह से "हे राम ममम" निकला और वह नीचे की ओर गिरे, आभा ने गिरते हुए बापू को संभाल लिया।

नाथूराम फायर करने के बाद पिस्टल को अपने हाथ से ऊपर उठकर पुलिस-पुलिस चिल्लाने लग गया, लेकिन वहां तो जैसे सारी चीज रुक गई थी और कम से कम एक मिनट तक कोई इंसान उसके पास तक नहीं आया। बाद में माली रघु काका ने उसके सर पर खुरपी के बट से प्रहार किया और उसे पकड़ लिया।

बदलते दौर में भारत और ताइवान के रिश्ते

ताइवान पूर्व एशिया में स्थित एक खूबसूरत द्वीप जो रिपब्लिक ऑफ चाइना भी कहलाता है। चीन ताइवान को 'वन चाइना पॉलिसी' का हिस्सा मानता है। जबकि यह अपने को एक स्वतंत्र देश के रूप में देखता है और दुनिया भी इसे इसी नजरिए से देखती है। क्षेत्रफल के आधार पर ताइवान एशिया में शायद सबसे छोटा देश और दुनियाभर में 129 वां है। तुलनात्मक रूप से क्षेत्रफल में यह केरल से भी छोटा और जनसंख्या में हरियाणा से भी कम है, लेकिन विशेष भौगोलिक स्थिति के कारण न तो चीन इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर रखना चाहता है और न ही अमेरिका इसे प्रभाव मुक्त करना चाहता है।

दरअसल चीन के बढ़ते प्रभुत्व को देखते हुए अमेरिका भी उससे खौफ खाया हुआ है। दक्षिण पूर्वी चीन के तट से लगभग सौ मील की दूरी पर ताइवान स्थित है। अमेरिका की चिंता है कि अगर ताइवान पर चीन का कब्जा हो जाता है तो हवाई द्वीप पर स्थित अमेरिकी सेना के ठिकाने चीन के निशाने पर आ सकते हैं। साथ ही प्रशांत महासागर में चीन को खुला रास्ता मिल सकता है, जो अमेरिका के हितों को प्रभावित करेगा। इसलिए अमेरिका ताइवान का शुभचिंतक बना है। उसे निरंतर सैन्य सहायता और कूटनीतिक मदद भी करता आया है।

हाल ही में 13 जनवरी को ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव हुआ जिसमें डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी यानी सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार लाइ चिंग-ते जो वर्तमान में उपराष्ट्रपति पद पर हैं, ने जीत हासिल की। यह दल तीसरी बार सत्ता संभालने जा रहा है। लाइ चिंग-ते ने त्रिकोणीय संघर्ष में 40 प्रतिशत वोट हासिल किए। ताइवान चुनाव इस साल की सबसे चर्चित भू राजनीतिक घटनाओं में से पहली

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> फिलहाल ताइवान में स्वतंत्रता समर्थक दल की जीत ने चीन की दुविधा को बढ़ा दिया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना भारत की प्रमुखता है।

है। अमेरिका और चीन के आपसी रिश्तों के लिए भी यह अहम माना जा रहा है। अगर दोनों के रिश्तों में फर्क पड़ता है तो भारत पर भी असर पड़ना तय है। ज्ञात रहे कि इस साल भारत, अमेरिका समेत दुनिया के लगभग 50 देशों में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होने हैं। भारत ताइवान से व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध रखता है, लेकिन वन चाइना पॉलिसी को भी मानता है। यह पॉलिसी 1949 में आई और भारत ने इसे तुरंत मान्यता दे दी, परंतु अमेरिका ने इसे तीन दशक बाद यानी 1979 में मान्यता दी। यही कारण है कि चीन और अमेरिका कई बार आमने-सामने दिखते हैं।

ताइवान ने अमेरिका से पर्याप्त मात्रा में हथियार भी खरीदे। अमेरिकी सांसद नैंसी पेलोसी के 2022 में ताइवान दौरे के बाद चीन और अमेरिका के संबंधों में और ज्यादा कड़वाहट आई। उस दौरान चीन ने ताइवान सीमा पर युद्ध अभ्यास शुरू कर घेराबंदी भी कर दी थी। अमेरिका को ललकारते हुए चीन का यह बयान भी आया था कि जो लोग आग से खेल रहे हैं, वे जल जाएंगे। ताइवान दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में स्थित देशों से घनिष्ठता बढ़ा रहा है। हालांकि भारत में हमेशा से इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय मामलों में सावधानी बरतते हुए ही कदम आगे बढ़ाए हैं। वन चाइना पॉलिसी मानने के बावजूद भारत ने वर्ष 2008 से इसका जिक्र करना बंद कर दिया है। यह कदम चीन की उस धृष्टता के बाद उठाया गया था जब उसने अरुणाचल प्रदेश के दो शहरों को मंदारिन नाम देते हुए जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश के लोगों को स्टेपल वीजा जारी कर दिया था। इस दौरान ताइवान और भारत एक-दूसरे के करीब आते रहे। भारत और ताइवान शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीक, व्यापार के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ खड़े हैं।

टेक्नोलॉजी की बात करें तो ताइवान कंप्यूटर उद्योग का घर है। आईटी उत्पादों का निर्माण, डिजाइन और निर्यात करने वाली एसर जैसी विश्वसनीय कंपनी यहीं की है। कंपनी के उत्पादों में पर्सनल कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, टैबलेट, पीसी, स्मार्टफोन, स्मार्ट डिवाइस, एलसीडी मॉनिटर, सर्वर आदि शामिल हैं। आज भी करीब तीन हजार भारतीय छात्र ताइवान में पढ़ाई कर रहे हैं। व्यापारिक भागीदारी लगातार बाढ़ रही है। भारतीय फिल्म समारोहों में ताइवान की फिल्मों का प्रदर्शन हो रहा है। यह बात अलग है कि वन चाइना पॉलिसी को मानते हुए भारत ताइवान के खुलकर समर्थन में नहीं आ पाता है।

फिलहाल ताइवान में स्वतंत्रता समर्थक दल की जीत ने चीन की दुविधा को बढ़ा दिया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना भारत की प्रमुखता है। ताइवान भी इस क्षेत्र की शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए हमेशा से वचनबद्ध रहा है। समान दृष्टिकोण होने के कारण भारत के साथ इसके वैचारिक रिश्ते प्रबल हैं। बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला यह देश लोकतंत्र का भी सच्चा समर्थक नजर आता है।

सोशल फोरम

जिज्ञासा महा ठगनी हम जानी

जिज्ञासा की मोहिनी कभी इस तरह ठग लेती है कि आदमी खुद को भस्म करने की हद तक नाचता है। मेरे एक बॉस साबुन बनाने वाली कंपनी के लिए मार्केटिंग रिसर्च कर रहे थे। वे जानना चाहते थे कि कोई अपना साबुन किस तरह चुनता है? एक दिन जिज्ञासा की झोंक में उन्होंने अपनी काम वाली बाई को करीब बुलाया और उससे पूछ बैठे-तुम कौन सा साबुन इस्तेमाल करती हो? बॉस का प्रश्न नितांत अकादमिक था, पर बाई ने उसे निजी दिलचस्पी का मामला माना और रोते हुए मेम साब से शिकायत कर दी। भाभी जी ने बॉस की खूब लू उतारी।

संजय वर्मा
इंदौर

यह किस्सा यूं याद आया कि पिछले दिनों मुझे भी जिज्ञासा की नागिन ने डस लिया। मैं 'द बर्थ ऑर्डर बुक' नाम की एक किताब पढ़ रहा था। इसके लेखक केविन लैमन का मानना है कि आप जैसे भी हैं, आपको वैसा बनाने के लिए आपका बर्थ ऑर्डर जिम्मेदार है। मतलब आप अपने माता-पिता की कौन से क्रम की संतान हैं, इससे तय होगा कि आपका व्यक्तित्व, दिलचस्पियां और जीवनशैली कैसी होगी। मुझ पर किताब का नशा ऐसा चढ़ा कि लगा मुझे जीवन के सारे प्रश्नों का हल मिल गया है। मैं मानने लगा कि पुतिन ने यूक्रेन पर हमला क्यों किया इसके पीछे भी उसका बर्थ आर्डर है। मुझे लगा कि मैं किसी को भी देखकर उसका बर्थ ऑर्डर बता सकता हूं। इसी बीच एक पार्टी में जाना हुआ। मैंने पार्टी में आए हर शख्स को इसी निगाह से देखना शुरू किया। एक भाभी जी बहुत इठला रही थीं। मैंने उनके पास जाकर पूछ क्या आप अपने भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं? भाभी जी हड़बड़ा गईं। उन्हें पता नहीं था कि मैं ऐसी कोई किताब पढ़ रहा हूं। न ही यह पता था कि मैं अभी तक किताब आधी ही पढ़ी है और यह अधजल गगरी छलक रही है। उन्होंने यथासंभव रुखा होते हुए कहा-नहीं मैं अपने भाई बहनों में सबसे बड़ी हूं, पर इससे आपको क्या मतलब? मैंने अपना तीसरा पैग जल्दी-जल्दी खत्म किया और निकल लिया। यारों ऐसा भी होता है। आप सिर्फ काम, क्रोध लोभ, मोह और अहंकार की वजह से ही नहीं, जिज्ञासा की वजह से भी पिट सकते हैं। बहरहाल किताब बड़ी दिलचस्प है। मुझे खास तौर पर इसलिए पसंद आई, क्योंकि मैं मंझलों की विलुप्त प्राय प्रजाति का सदस्य हूं और इसमें मंझलों के दुख की बात है।

- फेसबुक वॉल से

धड़कते दिल की तमन्ना हो, मेरा प्यार हो तुम

पिछली सदी के चौथे एवं पांचवे दशक की स्टार अभिनेत्री और दिलकश गायिका सुरैया के बारे में यह बहस होती रही है कि उनके अभिनेत्री और गायिका रूपों में बेहतर रूप कौन सा था। अभिनेत्री के रूप में उन्हें हिंदी सिनेमा की पहली 'ग्लैमर गर्ल' माना जाता है जिन्होंने अपने चुंबकीय व्यक्तित्व, शालीन सौंदर्य और दिलफरेब अदाओं से करोड़ों के दिल जीते थे। अपनी सीमित अभिनय प्रतिभा के बावजूद उस दौर की कई बेहतरीन अभिनेत्रियों-नूरजहां, नरगिस, कामिनी कौशल, निम्मी और मधुबाला के बीच भी उनकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ी। अपने दो दशक लंबे कैरियर में सुरैया की कुछ चर्चित फिल्मे थीं - उमर खैयाम, विद्या, परवाना, अफसर, प्यार की जीत, शमा, बड़ी बहन, दिल्लगी, वारिस, माशूका, जीत, खूबसूरत, दीवाना, डाक बंगला, अनमोल घड़ी, मिर्ज़ा ग़ालिब और रुस्तम सोहराब। इन फिल्मों में अभिनेत्री के तौर पर सुरैया में नया और अलग कुछ भी नहीं था। सीधे-सादे अभिनय के बावजूद पर्दे पर उनकी शालीन उपस्थिति, ग्लैमर, मीडिया द्वारा बनाए गए उनके रहस्यमय आभा मंडल और अभिनेता देव आनंद के साथ चर्चित, लेकिन असफल प्रेम-संबंधों की वजह से ही लोग उनकी फिल्मों तक खींचे चले आते थे।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

ज्यादातर लोगों का मानना यह है कि सुरैया अभिनेत्री से बेहतर एक गायिका थी जिनकी खनकती, महीन, सुरीली आवाज के लाखों मुरीद आज भी हैं। हालांकि उन्होंने संगीत की कभी विधिवत शिक्षा नहीं ली, लेकिन उनका रूझान बचपन से ही संगीत की ओर था। वे पार्श्वगायिका ही बनना चाहती थीं। उनके गायन की शुरुआत आकाशवाणी से हुई थी। संगीतकार नौशाद ने आकाशवाणी के एक कार्यक्रम में जब सुरैया को गाते सुना तो उनकी आवाज और अंदाज से प्रभावित हुए। उन्होंने पहली बार सुरैया को फिल्म 'शारदा' में गाने का मौका दिया। उसके बाद जो हुआ वह इतिहास है। उनके कुछ बेहद लोकप्रिय गीत हैं - तू मेरा चांद मैं तेरी चांदनी, जब तुम ही नहीं अपने दुनिया ही बेगानी है, तुम मुझको भूल जाओ, ओ दूर जाने वाले वादा न भूल जाना, धड़कते दिल की तमन्ना हो मेरा प्यार हो तुम, नैन दीवाने एक नहीं माने, सोचा था क्या क्या हो गया, वो पास रहे या दूर रहे नजरों में समाए रहते हैं, मुरली वाले मुरली बजा, तेरे नैनो ने चोरी किया मेरा छोटा सा जिया, नुक्ताचीं है गमे दिल उसको सुनाए न बने, दिले नादां तुझे हुआ क्या है, ये न थी हमारी किस्मत कि विसाले यार होता, ये कैसी अज़ब दास्तां हो गई है, ऐ दिलरुबा नज़रे मिला। 'मिर्ज़ा ग़ालिब' में गुलाम मोहम्मद के संगीत में गालिब की कुछ गजलों को जिस बारीकी और खूबसूरती से उन्होंने गाया है, उन्हें सुनना आज भी एक विलक्षण अनुभव है। उनकी आवाज की खनक, गहराई और भंगिमाएं सुनने वालों को एक दूसरी ही दुनिया में ले जाती थी। लता के उत्कर्ष के पूर्व सुरैया ने ही हिंदी सिनेमा में गीत को गरिमा और ऊंचाई दी थी। राष्ट्रपति का स्वर्ण कमल पुरस्कार प्राप्त फिल्म 'मिर्जा गालिब' में सुरैया की गायिकी से प्रभावित होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उनसे कहा था- 'तुमने मिर्जा गालिब की रूह को जिंदा कर दिया।' आज उनके अभिनय का अंदाज पुराना पड़ गया है, लेकिन उनकी दिलकश गायिकी का असर संगीत प्रेमियों पर कई सदियों तक हावी रहेगा।

केलिगीतों की परंपरा

भागवत-कार ने रास-प्रसंग में केलिगीतों का उल्लेख किया है-निशम्य गीतं तदनंग वर्द्धनम्। केलिगीतों की परंपरा उससे भी प्राचीन रही होगी। गाहा सतसई में राधा का उल्लेख है। तमिल साहित्य के अध्येताओं ने मुल्लइ वन-प्रांतर में गाय चराने वाले ऐयर जन में प्रचलित लोकगीतों की बात कही है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ब्रज साहित्य के समीक्षकों ने गोप-आभीर-गुर्जर के लोकगीतों का संदर्भ दिया है। कोई गीत-परंपरा गीत गोविंद के पीछे है और कोई गीत-परंपरा विद्यापति के गीतों से जुड़ी हुई अवश्य है। विद्यापति के जमाने में राधा-कृष्ण के प्रेमगीत भी लोक प्रचलित थे और हरगौरी के गीत भी लोक ज

एक नजर

लड़की भगाने के आरोप में युवक पर केस दर्ज

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के एक वार्ड से उसी वार्ड की लड़की भगा ले जाने का मुकदमा दोस्तपुर थाना में बुधवार को दर्ज किया गया है। लड़की की मां की तहरीर पर शाहिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की तलाश जारी है। जल्द ही दोनों को पुलिस बरामद कर लेगी।

तमंचे के साथ आरोपी दबोचा

धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार। पुलिस ने बुधवार को गांव भांटी नहर पुल के पास से हालापुर गांव निवासी वीरेंद्र प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तमंचा व कारतूस बरामद करने का दावा किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज पर आवश्यक कार्यवाही की गई है।

ग्राम सचिवालय में चोरी का मुकदमा दर्ज

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बहोरापुर ग्राम सचिवालय में चोरों ने कंप्यूटर राइटर, इंवर्टर, बैटरी व प्रिंटर, प्रधान के नाम का चिप सोमवार की रात में चोरी हो गया। मंगलवार को सुबह चोरी की पता चला। ग्राम प्रधान अंशिका सिंह ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

15 ग्राम स्मैक के साथ बंदी

धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार। धम्मौर पुलिस की टीम ने क्षेत्र के बहरौली तिराहे के पास से एक व्यक्ति को 15 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान विनोद बनमानुस निवासी पूरे केशवराव (बहरौली) के रूप में हुई। थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जरूरी कार्रवाई की गई है।

अपना दल तीसरी बार मोदी को बनाएगा पीएम

यूपी की सभी लोकसभा सीटों को है जीतना: प्रभारी मंत्री, जनपद स्तरीय बैठक में कई अधिकारियों को फटकारा

जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल का सम्मान करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

लंभुआ में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करते प्रभारी मंत्री आशीष पटेल। अमृत विचार

संवाददाता, अमृत विचार

अमृत विचार। बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर सुलतानपुर पहुंचे प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले व जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल को पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद डीएम कृतिका ज्योत्सना, एसपी सोमेन बर्मा, सीडीओ अंकुर कौशिक ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन सभागार में समीक्षा बैठक किया।

मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अपना दल एस कभी सीटों की लड़ाई नहीं लड़ता है। अपना दल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की लड़ाई लड़ रहा है। साथ ही उत्तर प्रदेश के सभी लोकसभा सीटें जीतने का भी दावा किया। बैठक में अधिकारियों के साथ एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी रहे।

प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा बैठक, कई अधिकारियों को दी चेतावनी

बुधवार को सुलतानपुर पहुंचे प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले व जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने पुलिस लाइन सभागार में समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा विधुत आपूर्ति, सौभाग्य योजना, जल निगम, पुल निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल, नई सड़कों का निर्माण, राज्यमार्गो का रखरखाव सहित अन्य योजनाओं पर समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में सीडीओ ने बताया कि जिले के सभी गावों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित हो चुका है। समीक्षा बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा विद्युत महकमे के पिछले माह 6 प्रतिशत प्रगति को बढ़ाकर इस माह 40 प्रतिशत करने पर अधिशासी अभियन्ता को धन्यवाद दिया। वही स्वास्थ्य महकमे के सीएमओ को आयुष्मान कार्ड की प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए डीएम को स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। हैंडओवर की आखिरी तारीख के बावजूद राजकीय मेडिकल कॉलेज हैंडओवर न होने की जानकारी प्राचार्य से लेते हुए कार्यदाई संस्था के अधिशासी अभियंता की अनुपस्थिति पर डीएम को टेक्निकल टीम गठित कर जांच के निर्देश दिया। प्रयागराज से अयोध्या जाने वाले प्रस्तावित छ लेन के निर्माण के लिए एनएचएआई व पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि यह मार्ग शहर से बाहर बनाया जाय। अधिशाशी अभियंता सेतु को निर्देशित किया कि देवाढ़घाट पुल के निर्माण कार्य शुरु करने से पहले लम्भुआ विधायक से भूमि पूजन करवा कामतागंज-बभनगवॉ पुल का विधायक से लोकार्पण करा लें। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि टांडा बादा राष्ट्रीय राजमार्ग कटका से जर्जर है। इस प्रभारी मंत्री ने डीएम को निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियो के साथ बैठक कर अवगत कराये। समीक्षा बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने सीडीओ से पूछा आपके पास कितने विभाग है। सभी विभागों की पीपीटी बना कर दे जिससे पता चले कि कौन सा विभाग कितना परफॉर्मेंस किया है। उससे कितना लाभ आम जनमानस को मिला है। डीपीआरओ, बीएसए, डीआईओएस, परियोजना निदेशक से भी योजनाओं की जानकारी ली।मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत कितना लाभ मछुआरों को दिया गया है। इसकी जानकारी भी ली। सीडीओ अंकुर कौशिक ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक का समापन किया।

इस मौक़े पर सहयोगी दलों के जिलाध्यक्ष डॉ आर ए बर्मा, अविनाश पटेल, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह,लम्भुआ विधायक सीता राम बर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल,एडीएम प्रशासन पंकज सिंह, सीएमओ डा ओ पी चौधरी, डीआरडीए कृष्ण करूणाकर पांडेय, डीडीओ अजय कुमार पांडेय, डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला सहित अन्य जनपदीय आधिकारी मौजूद रहे।

सामाजिक न्याय के प्रणेता थे कर्पूरी ठाकुर: आशीष पटेल

लंभुआ। भारत सरकार द्वारा बिहार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न प्रदान किये जाने पर क्षेत्रीय विधायक सीताराम वर्मा द्वारा प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय के प्रणेता थे। उनकी मूर्ति पूरे प्रदेश के सभी जनपदों में सार्वजनिक स्थानों पर लगनी चाहिए। दलितों, पिछड़ों, शोषितों को आरक्षण दिलाने के लिए कर्पूरी ठाकुर ने आंदोलन किया और उन्हें आरक्षण दिलाने का काम किया। पिछड़ों को सामाजिक आर्थिक राजनीतिक अधिकार प्रदान कराने के लिए आरक्षण प्रणाली की बिहार में स्थापना की। इससे पहले भी बहुत सरकारें आई और गई लेकिन किसी ने जननायक को भारत रत्न सम्मान से नहीं नवाजा। अपना दल की मुखिया अनुप्रिया पटेल ने प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री के समक्ष कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग की थी। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने अनुप्रिया पटेल की मांग को प्रमुखता से स्वीकार किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद एमएलसी रामचंद्र प्रधान, शैलेंद्र प्रताप सिंह, नाई समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम शर्मा को प्रभारी मंत्री ने कर्पूरी ठाकुर की फोटो व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर भाजपा नेता राम चन्द्र मिश्र, अपना दल के जिला अध्यक्ष अविनाश पटेल, प्रधान संघ अध्यक्ष कैलाश द्विवेदी आदि रहे।

कूरेभार एसओ समेत 7 के खिलाफ मुकदमे की अर्जी

अदालत से

▸▸ चार पहिया वाहन न देने पर थाने बुलाकर मुर्गा बनाकर प्रताड़ित करने का है आरोप

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। चार पहिया वाहन नहीं देने पर थाने में बुलाने और मुर्गा बनाकर प्रताड़ित करने के मामले में कूरेभार थानाध्यक्ष समेत आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग पर सीजेएम कोर्ट ने रिपोर्ट तलब किया है।

कूरेभार थाना क्षेत्र के ढेसरुआ गुप्तारगंज निवासी मिर्जा शोएब बेग ने गांव के एक व्यक्ति से सात साल पूर्व भूमि खरीदी थी। जिसमें हस्तक्षेप पर बीते साल एक मुकदमा कूरेभार थाने में दर्ज कराया था। मिर्जा शोएब बेग ने आरोप लगाया है कि पुलिस बार-बार उसे थाने पर बुलाती है और फ्री में चार पहिया वाहन की मांग करती है। इंकार करने पर बीती एक जनवरी को पुलिस ने थाने पर बुलाया और विपक्षियों से मिलकर उसे मुर्गा बनवाकर थाना परिसर में घुमाकर प्रताड़ित किया। याचिका में थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्र, एसआई श्रीराम मिश्र, सिपाही अजीम तथा गांव के चार अन्य लोग आरोपी हैं।

जानलेवा हमले के आरोपी को कोर्ट से राहत

सुलतानपुर। कुड़वार थाना क्षेत्र के गंजेहड़ी निवासी संदीप गुप्ता पर तमंचे से फायर कर जानलेवा हमला करने के आरोपी मुन्ना उर्फ हासिम को न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव ने जमानत दी है। आरोपी के वकील संतोष पांडेय ने जमानत अर्जी पेश कर कहा कि चोटिल को फायर आर्म इंजरी नही है और आरोपी का आपराधिक इतिहास नहीं है। मामले में सकलैन मुकीम शमशीर और अन्य पर संदीप को चार पहिया वाहन में बैठाकर चुनहा पुल के पास फेंकने, मारपीट और तमंचे से फायर करने के आरोप में बीती 14 मई को मुकदमा दर्ज कराया गया था।

मानवाधिकार हनन के आरोप में नगर कोतवाल समेत तीन की आपत्ति कोर्ट में दाखिल

सुलतानपुर। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक श्रीराम पांडेय, उप-निरीक्षक गिरीश चंद्र अग्निहोत्री और दीवान अभिषेक मिश्रा मानवाधिकार के हनन और गाली गलौज कर अपमानित करने के आरोपों में दाखिल मुकदमे में बुधवार को नगर कोतवाल व अन्य की आपत्ति अधिवक्ता संतोष पांडेय ने दाखिल की। मामले में अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 27 फरवरी की तारीख नियत की है । विशेष कोर्ट के न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव ने तीनों आरोपियों पर नोटिस जारी की थी, जिस पर वे अधिवक्ता संतोष पांडेय के जरिए बीती तारीख पर कोर्ट में हाजिर रहे। कोतवाली नगर क्षेत्र के पांचो पीरन निवासी रिजवान अहमद ने अधिवक्ता शेख नजर अहमद के जरिए तीनों के खिलाफ याचिका दाखिल कर आरोप लगाया है कि बीते 12 दिसंबर को गांव के नूर मोहम्मद और राजेश कुमार के बीच हुए भूमि विवाद को सुलझाने गए रिजवान को आरोपी पुलिस कर्मियों ने कोतवाली में गाली गलौज कर अपमानित कर मानवाधिकार का हनन किया और सुविधा शुल्क की मांग की।

बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर रोड जाम, प्रदर्शन

● पीआरडी जवान गोलीकांड में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी न होने से परिजनों संग ग्रामीणों का प्रदर्शन

संवाददाता, सुलतानपुर

कुड़वार में सड़क जाम कर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

अमृत विचार। 28 जनवरी को घर जा पीआरडी जवान को गोली मारने के मामले में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित परिजनों ने पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए बुधवार को आक्रोशित हो गए। सैकड़ा भर ग्रामीणों के साथ परिजन कुड़वार-सुलतानपुर मार्ग जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। अतिक्रमण कर बनाए गए आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाने और मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी होने तक जाम नहीं खोलने पर परिजन अड़े रहे।

बुधवार को थाना क्षेत्र सरकौड़ा गांव निवासी घायल पीआरडी जवान रणजीत के चाचा रवि प्रकाश व देव प्रकाश तिवारी के साथ दर्जन भर महिलाएं व पांच दर्जन से अधिक पुरुषों ने कुड़वार-सुलतानपुर मार्ग पर थाना मोड़ पर जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन की सूचना पर सीओ सिटी शिवम मिश्रा व तहसीलदार सदर केशव प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। प्रदर्शन कर रहे रवि प्रकाश से वार्ता करने पर उन्होंने कहा कि अभी तक मुख्य नामजद आरोपी परिक्रमा की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है। आरोपी का घर तालाब के खाते में बना है। जिस पर बुलडोजर नहीं चलाया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों की मांग पर तहसीलदार सदर ने तत्काल पैमाइश कराने का आश्वासन दिया और राजस्व टीम पुलिस के साथ मौके पर भेजा तब जाकर सड़क से जाम हटा। सीओ सिटी ने कहा कि पुलिस की कई टीमें दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होंगे।

नाप में अवैध कब्जा, दर्ज कराएंगे केस: तहसीलदार

क्षेत्र के सरकौड़ा गांव में स्थित तालाब की नाप जोख तहसीलदार सदर केशव प्रताप सिंह की उपस्थिति में राजस्व निरीक्षक भदई राम, लेखपाल दिवाकर यादव, विपिन यादव व रईस की टीम द्वारा की गई। नापजोख में आरोपियों के द्वारा तालाब के कुछ भाग पर अवैध कब्जा पाया गया। तहसीलदार सदर ने बताया कि राजस्व टीम रिपोर्ट बना रही है। रिपोर्ट मिलने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बेदखली की कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व सपा विधायक के मामले में तय नहीं हो सके आरोप

▸▸ कोर्ट ने अंतिम अवसर देते हुए पांच फरवरी को आरोपियों को किया तलब

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। लंभुआ विधानसभा सीट से पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय व 12 आरोपियों के खिलाफ जारी मुकदमे में सुनवाई साल भर से लंबित है। मुकदमे के आरोपियों को अंतिम अवसर देते हुए एमपी/एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने पांच फरवरी को तलब किया है जिन पर आरोप तय होने हैं। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि लंभुआ के पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय, उनके दर्जन भर साथियों पर बीते विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे वीडीओ संदीप सिंह ने केस दर्ज कराए थे। आरोप लगाया था कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की। आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी के नियमों का उल्लंघन किया। बीते साल जमानत कराने के बाद आरोपी कई पेशियों पर कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। जिस कारण आरोप तय नहीं हो सके। कोर्ट ने आरोप तय करने के लिए पांच फरवरी की तारीख नियत की है।

सार-संक्षेप

बल्दीराय में मंगल कलश यात्रा में शामिल महिलाएं व अन्य। अमृत विचार

आठ किमी तक निकाली गई मंगल कलश यात्रा

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार। तहसील क्षेत्र के डोभियारा गांव में श्रीमद्भागवत कथा शुरू होने के पूर्व आठ किमी दूर गोमती नदी तक गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। बुधवार सुबह 11 बजे से चार पहिया वाहनों से गाजे बाजे के काफिले के साथ श्री अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक देवेंद्र महराज की अगुवाई में यात्रा शुरू हुई जो पूरे कंधई, तिरहुत मोड़, हलियापुर व कांकरकोला चौराहे से होते हुए गोमती नदी तट पर पहुंची। जहां आयोजक व मुख्य यजमान जगजीवन सिंह के द्वारा पूजन के बाद महिलाओं ने गोमती नदी के जल से कलश भरा। उसके बाद मंगल गीत गाते हुए वापसी हुई। इस अवसर पर दयानंद सिंह,ओम प्रकाश सिंह,अशोक सिंह,वासुदेव सिंह,पंकज सिंह,अभिषेक ,हिमांशु, आदित्य, सतीश, मनीष, सच्चिदानंद, जय प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

जय श्रीराम के नारे के साथ अयोध्या निकले राम भक्त

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। अयोध्या दर्शन के लिए भाजयुमो जिला मंत्री के नेतृत्व में करीब 200 भक्त नाचते गाते राम लला दरबार पहुंचे। दर्शन उपरांत सभी भक्त जय श्री राम का नारा लगाते हुए वापस हुए। कुड़वार विकास खंड के बेला पश्चिम निवासी भाजयुमो जिलांत्री शौर्य वर्धन सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के करीब दो सौ भक्त अयोध्या दर्शन के लिए निकले। श्री राम की झांकी विधान सभा क्षेत्र में भ्रमण की और जगह जगह उसका स्वागत हुआ। झांकी के साथ भाजयुमो जिला अध्यक्ष चंदन नारायण सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अश्व विजय सिंह, समाज सेवी रणविजय सिंह सहित दर्जनों लोग जय श्री राम का नारा लगाते रहे। कुड़वार बाजार में प्रज्ञा एकेडमी द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान उज्जवल मिश्र, रोहित सिंह, धर्मात्मा सिंह, राजबहादुर यादव,राम उपाध्याय, मोतीलाल, शिवा पति त्रिपाठी,सुरेश तिवारी रहे।

वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर श्रद्धांजलि

सुलतानपुर, अमृत विचार। जिले के वरिष्ठ पत्रकार शिव प्रकाश का लखनऊ के लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में इलाज के दौरान निधन हो गया। बुधवार को हथियानाला स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में पत्रकार, समाजसेवी व अन्य शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित किया।


सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी गई विदाई। अमृत विचार

सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह, नम हुई आंखें

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। बुधवार को तहसील सभागार कक्ष में राजस्व निरीक्षक घनश्याम यादव और संग्रह अमीन अमर बहादुर सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। एसडीएम ने दोनों कर्मचारियों के सेवाकाल के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। कहा कि सरकारी नौकरी में आने के दिन से ही सेवानिवृत्त की तारीख तय हो जाती है। लंबे समय तक एक साथ कार्य करने के बाद रिटायर होने वाले साथियों की हमेशा कमी महसूस होती है। वही तहसीलदार हृदय राम तिवारी ने कहा तहसील मुख्यालय का द्वार उनके लिए सदैव खुला रहेगा। साथियों ने स्मृति चिन्ह और शाल भेंट करने के साथ उन्हें फूल माला पहनाकर उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। संग्रह अमीन अमर बहादुर सिंह और राजस्व निरीक्षक घनश्याम यादव ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। संबोधन के दौरान उनकी आंखें नम हो गईं। इस मौके पर नायब तहसीलदार धर्मेंद्र यादव, कानूनगो विनोद तिवारी, रणविजय सिंह, विजय प्रकाश सिंह, नरसिंह नारायण, विद्यानंद पाठक, अधिवक्ता रवि शंकर मिश्र समेत अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

बहुचर्चित पेमापुर विवाद में कोर्ट में मुकदमा दर्ज

▸▸ परिवाद के रूप में मामला दर्ज कर साक्ष्य के लिए 22 मार्च की तारीख तय

सुलतानपुर, अमृत विचार। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के पेमापुर में बहुचर्चित विकास यादव हत्याकांड के चौथे दिन मोहम्मद इकबाल के घर हुई आगजनी के मामले में दायर याचिका पर कोर्ट ने परिवाद के रूप में दर्ज कर साक्ष्य के लिए 22 मार्च की तारीख नियत की है ।

आरोप है कि पेमापुर गांव में बीती 20 नवम्बर को विकास यादव के हत्याकांड के चौथे दिन पुलिस की मौजूदगी मे सनोज यादव, अनिल यादव, समेत अन्य दस बारह अज्ञात लोगों नौशाद के घर को आग के हवाले कर दिया। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर अधिवक्ता शेख नजर अहमद के जरिए न्यायालय में याचिका दाखिल कर कारवाई की मांग की गई थी। अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट अंकिता सिंह ने याचिका को परिवाद के रूप में दर्ज कर परिवादी शाहिना का बयान दर्ज करने के लिए 22 मार्च की तारीख नियत किया है। जिससे आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

पांच विकेट से जीत दर्ज कर डीसीए रेड बनी चैंपियन

सुलतानपुर, अमृत विचार। डीसीए मैदान गनपत सहाय पीजी कॉलेज पयागीपुर में चल रहे अंडर 12 त्रिकोणीय श्रृंखला में बुधवार को फाइनल मैच डीसीए ब्लू और डीसीए रेड के मध्य खेला गया। फाइनल में डीसीए रेड ने डीसीए ब्लू को पांच विकट से मात देकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। टॉस जीत का डीसीए ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 32.4 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 151 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें प्रखर ने 27 रन बनाकर बढ़िया प्रदर्शन किया। डीसीए रेड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 34 ओवरों में 152 रन बनाकर और मात्र 5 विकेट खोकर ही मैच को जीत लिया। जिसमें युवराज सिंह ने 33 रन बनाए। कप्तान प्रांजल ने 28, सैफ ने 22, तेजस पांडेय ने 18 और हुजैफा ने 17 रनों का योगदान दिया 1 डीसीए रेड ने डीसीए ब्लू को 5 विकटों से हराकर मैच को जीत लिया।

शिक्षक ही समाज का मूल आधार: सतीश

● माध्यमिक शिक्षक संघ के तीन दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन का हुआ समापन

संवाददाता, सुलतानपुर

सम्मेलन में पहुंचे भाजपा नेता को सम्मानित किया गया।

अमृत विचार। संयुक्त शिक्षा निदेशक अयोध्या मंडल सतीश सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज ही पूरे समाज का मूल आधार होता है। शिक्षक के कंधों पर नैतिक मूल्यों के निर्वहन की संपूर्ण जिम्मेदारी होती है। वह बुधवार को पं. रामनरेश त्रिपाठी सभागार में माध्यमिक शिक्षक संघ के तीन दिवसीय प्रदेशीय अधिवेशन के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

समारोह की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष सभापति त्रिपाठी ने किया। अधिवेशन के अंतिम दिन माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया। अध्यक्ष सभापति, महामंत्री अरविन्द सिंह, कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष बच्चूलाल भारती, मान सिंह राठौर, डॉ. सुषमा तिवारी, रीना सिंह, संगठन मंत्री केके शर्मा, अर्चना त्रिपाठी चुनी गई। प्रभात कुमार, डॉ. विशाल, प्रदीप कुमार सदस्य चुने गए। वहीं, माध्यमिक शिक्षक संघ के अधिवेशन के समापन के दौरान जीआईसी के शिक्षक राज्य पुरस्कार प्राप्त केशव प्रसाद सिंह को सम्मानित किया गया। साथ नेट उत्तीर्ण गोल्ड मेडलिस्ट दिव्यांग मो. अकरम को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश सह संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ रामचन्द्र मिश्र, जितेन्द्र कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन पंकज सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, अशोक कुमार सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए।

सहूलियत 320 छात्र-छात्राओं को मिली सड़क की सौगात, 89 लाख की लागत पीडब्ल्यूडी बनाएगी 11 सौ मीटर सड़क

जीआईसी बुआपुर तक पहुंचने का रास्ता हुआ आसान

संवाददाता, सुलतानपुर

इसी रास्ते से होकर बच्चे जाते हैं स्कूल, अब बनेगा डामरीकरण रोड। अमृत विचार

अमृत विचार। शिक्षा क्षेत्र जयसिंहपुर में वर्ष 2018 से संचालित पंडित दीन दयाल राजकीय इंटर कालेज बुआपुर में आने जाने के लिए सड़क नहीं थी। कालेज में अध्ययनरत छात्र छात्राओं व शिक्षकों को बरसात के समय पानी से होकर स्कूल पहुंचना पड़ता था। जिसके चलते इस कालेज में न तो बच्चे पढ़ना चाहते थे, न ही शिक्षक तैनाती लेना चाहते थे। फिलहाल, कालेज आने के लिए 89 लाख की लागत से पीडब्ल्यूडी 11 सौ मीटर पक्की सड़क बनवा रही है। जिससे स्थानीय लोगों के साथ कालेज में अध्ययनरत छात्र छात्राओं व शिक्षकों में हर्ष की लहर है।

बताते चलें कि वर्ष 2018 से संचालित इस कॉलेज में इस समय कुल 320 छात्र छात्राएं कक्षा 6 से लेकर 12 तक अध्ययनरत हैं। साथ ही प्रधानाचार्य सहित 10 लोगों का स्टाफ भी है। कालेज आने वाले बच्चे व शिक्षक पगडंडियों के सहारे स्कूल पहुंचते हैं। बरसात में स्थिति बेहद खराब हो जाती थी। पानी भर जाने के बाद करीब आधा किमी पहले ही अपने संसाधन खड़े कर जूते चप्पल हाथ में लेकर आना पड़ता था। कभी कभार बच्चे फिसल कर पानी में गिर जाते तो उनकी कापी किताब के साथ खुद को भीग जाते थे। स्थानीय लोगों ने इस समस्या के निदान के लिए अधिकारियों सहित सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय से फरियाद की। सड़क निर्माण कार्य के लिए सदर विधायक ने पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा था। जिस पर पीडब्ल्यूडी ने बजट स्वीकृत कर सड़क की नाप शुरु कर दी है।

> 89 लाख रुपए की लागत से सात मीटर चौड़ी 11 सौ मीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। पौने चार मीटर चौड़ी सड़क का डामरीकरण किया जाएगा।
>
> -अमित रावत, अवर अभियंता पीडब्ल्यूडी

प्राचार्य ने जताई खुशी

सड़क निर्माण के लिए जब नाप जोख शुरु हुई तो पंडित दीन दयाल राजकीय इंटर कालेज बुआपुर के प्रधानाचार्य अब्दुल कादिर ने खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों में जिस तरह से कालेज में पढ़ाई चल रही है अब तक बच्चों की संख्या बहुत अधिक हो जाती। रास्ते के अभाव में बच्चे कॉलेज में नाम लिखवाने से कतराते थे।

वन विभाग ने हाईवे के किनारे से सूखे पेड़ कटवाए

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे जर्जर सूखे पेड़ों को वन विभाग की टीम द्वारा कटवाया जा रहा है। जिससे भविष्य में होने वाली दुर्घटना से निजात मिल सकेगी। हाईवे किनारे चांदा क्षेत्र में बहुत जर्जर व सूखे पेड़ सड़क के किनारे खड़े व लटके पड़े थे, जो किसी भी बड़े हादसे को दावत दे रहे थे। इसको लेकर कई बार इन पेड़ों के बगल स्थित मकान के मालिकों ने इसकी उच्चाधिकारियो से शिकायत भी की थी। इसके बाद पेड़ों को काटने का काम शुरू हो सका।

महोत्सव पंडाल में रचनाएं प्रस्तुत करते कवि व मौजूद श्रोता।

हस्त निर्मित उत्पादों के लगे 22 स्टाल

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। सिद्धार्थनगर महोत्सव में सभी तरह के प्रदर्शनी व बिक्री के लिए सामान उपलब्ध हैं। नाबार्ड व गौतम बुद्ध जागृति समिति द्वारा आयोजित शरद मेला में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित व निर्मित वस्तुओं के 22 स्टाल लगाया गया हैं। यह जानकारी देते हुए संस्था गौतम बुद्ध जागृति समिति के अध्यक्ष श्रीधर पाण्डेय ने बताया कि स्टालों में केले रेशे के समान, कॉस्मेटिक, टेडी बियर, झूमर, अचार एवं मुरब्बा, बल्ब, टोकरी, डलिया, फुटवियर, मिट्टी के खिलौने, टेराकोटा के समान, जैविक खाद, मशरूम, टी स्टाल, काला नमक चावल, मसाले, गारमेंट्स, मिठाई के डिब्बे, फ़ाइल, लिफाफा इत्यादि की प्रदर्शनी लगाई गई है। मेले में आये लोग स्टालों से जमकर ख़रीदारी कर रहे हैं। बताया कि स्टालों का कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, डीडीएम नाबार्ड आदि निरीक्षण किया है। सभी लोगों ने लगे स्टालों की सराहना कर गौतम बुद्ध जागृति समिति एवं नाबार्ड के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी है। प्रदर्शनी के संचालन में संस्था के सुमित, सुनील, रमाकांत, उमेश, रवि, आकाश, प्रियंका व दिव्यांशी आदि का विशेष सहयोग रहा।

तुम्हारा लहज़ा बता रहा है तुम्हारी दौलत नयी नयी है...

सिद्धार्थनगर महोत्सव में मंगलवार की रात मशहूर कवियों और शायरों ने सजाई महफिल

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार

पांच दिवसीय महोत्सव में मंगलवार की रात कवियों ने प्रेम, श्रृंगार, राष्ट्रभक्ति एवं भाईचारे को समर्पित रचनाएं पेश कर पंडाल में विभिन्न रंग भरे। सरस्वती वंदना से कवि सम्मेलन की शुरुआत करते हुए कवयित्री विभा सिंह ने अपने मुक्तकों से श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। उनका गीत डोली संग जाऊं न कंहार संग जाऊंगी... सुनकर श्रोताओं ने तालियां बजाकर स्वागत किया। कवि प्रख्यात मिश्र ने वीर रस की क्रांतिकारी रचनाओं से हाहाकार मचा दिया। प्रख्यात की राममय रचना, राम वही जो भारत की पहचान बनाने वाले हैं...सुनकर श्रोताओं ने जयश्रीराम के नारे लगाए। हास्य व्यंग्य के कवि विनोद पाल ने अपने चुटकुलों से लोगों

को गुदगुदाने और हंसाने की भरपूर कोशिश की। वीर रस के नामवर कवि एवं मंच संचालक सौरभ जैन सुमन अपनी चुटीली कविताओं से श्रोताओं को बांधे रखा।

सौरभ जैन सुमन की नेता जी सुभाष चंद्र बोस पर आधारित कविता, घुप्प अंधकार है, उजास मांगता है देश, एक बार फिर से सुभाष मांगता है देश, श्रोताओं द्वारा खूब सराही गयी। कवयित्री अंकिता सिंह की रचनाओं को श्रोताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से सुनकर हौसला अफ़ज़ाई की। नैनीताल से आयीं सुप्रसिद्ध कवयित्री गौरी मिश्रा ने अपने प्रशंसकों की फरमाइश पर गुलाबी नोट से ज़ियादा गुलाबी गाल कर दूंगी... सुनाकर युवा दर्शकों को खड़े होकर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। गौरी की देशभक्ति पूर्ण रचना मेरे देश की माटी बहुत पसंद की गई।

मशहूर शायरा शबीना अदीब ने कई खूबसूरत ग़ज़लें पेश कर कार्यक्रम को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। शायरा ने अपनी मशहूर गलज, ज़रा सा क़ुदरत ने क्या नवाज़ा कि आ के बैठे हो अगली सफ़ में, तुम्हारा लहज़ा बता रहा है तुम्हारी दौलत नयी नयी है... सुनाकर वाहवाही लूटी। अन्य सुपरहिट ग़ज़लों, गीतों को पेश कर शबीना अदीब ने श्रोताओं को ख़ुशनुमा एहसास से भर दिया। पूर्व में आयोजित हो चुके पुराने दौर के सफल मुशायरों को याद करते हुए शबीना अदीब ने जनपद के वरिष्ठ पत्रकार नज़ीर मलिक के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। विख्यात हास्य कवि सरदार प्रताप सिंह फ़ौजदार ने अपनी चटपटी चुटकियों से घर की ओर जाते श्रोताओं को बैठाए रखने में कामयाबी हासिल की। सरदार जी के चुटकुले सुनकर श्रोता लोटपोट होते रहे। कवि सम्मेलन में ज़िलाधिकारी पवन अग्रवाल, सीडीओ जयेंद्र कुमार, एसडीएम सदर ललित कुमार मिश्रा, पीडी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, डीएमओ तन्मय पांडेय, टीओ रामेंदु मौर्य, अपर सूचना अधिकारी विमलेश कुमार सहित अन्य श्रोता मौजूद रहे।

श्रोताओं की खली कमी

कवि सम्मेलन व मुशायरे में श्रोताओं की दिलचस्पी को लेकर कई बुजुर्ग युवा पीढ़ी और मोबाइल को कोसते नजर आए। पूर्व के वर्षों के मुक़ाबले कवि सम्मेलनों में दिन-ब-दिन घटती श्रोताओं की संख्या पर चिंता ज़ाहिर करते हुए कहा कि सबकुछ मोबाइल की देन है, अब लोगों की भीड़ महोत्सव के मेले में तो ख़ूब रहती है लेकिन लाइव प्रसारण की सुविधा के कारण कला संस्कृति प्रेमी, दर्शक एवं श्रोता घर रहकर रज़ाई में बैठे सब कुछ लाइव देख लेते हैं और पंडाल की खाली कुर्सियां लोगों का इंतज़ार ही करती रहती हैं। कहा कि दर्शकों श्रोताओं की कवियों, कलाकारों के प्रति यही उदासीनता रही तो डर है कि अगले वर्षों में महोत्सव में मेला, झूला तो लगेगा, लेकिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पंडाल शायद ही लगे।

चुपके चुपके रात दिन आंसू बहाना याद है...

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। महोत्सव में बुधवार की शाम कुमार सत्यम और उनकी ख़ूबसूरत गायकी के नाम रही। अपनी मख़मली आवाज़ में कुमार सत्यम ने जब मशहूर शायरों की सुपर हिट ग़ज़लें गुनगुनानी शुरू किया तो महोत्सव में घूम रहे अदब और संगीत के कद्रदान पंडाल में खिंचे चले आए। यहां हर शहर है अमीरों की दुनिया, मेरा गांव जाने कहाँ खो गया है, हमरे अटरिया पे आ जा रे संवरिया, तुम्हारी दौलत नयी नयी है तथा चुपके चुपके रात दिन आंसू बहाना याद है, जैसी आल टाइम हिट ग़ज़लों को बहुत ही नज़ाकत और ख़ूबसूरती से गा कर पेश कर रहे कुमार सत्यम की हर पेशकश कर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही।

महोत्सव की चौथी शाम रही कुमार सत्यम की ख़ूबसूरत गायकी के नाम

मशहूर ग़ज़ल गायक कुमार सत्यम ने बताया कि उन्हें गायन का शौक़ बचपन से ही रहा है। ग़ज़लों के गायन के लिए उर्दू अल्फ़ाज़ का तलफ़्फ़ुज़ अर्थात उच्चारण बहुत मायने रखता है। साथ ही कड़ी संगीत साधना एवं नियमित रियाज़ की बदौलत ही उन्होंने गायन के क्षेत्र में अपनी मज़बूत पहचान बनाने में सफलता पायी है। लोगों की फरमाइश पर सत्यम ने लोग राहों में कांटे बिछाते रहे तथा धोका अक्सर उन्हीं से खाता हूँ, जिनके कांटे निकाल देता हूँ जैसी और भी मशहूर ग़ज़लें सुनाकर लोगों की ज़बरदस्त वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में जनपद स्तरीय अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में श्रोताओं एवं दर्शकों की उपस्थिति रही।

महोत्सव में प्रस्तुति देते कुमार सत्यम।

आशा कार्यकर्ताओं व संगिनी को बताए उनके दायित्व, किया गया पुरस्कृत

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। सिद्धार्थनगर महोत्सव के चौथे दिन आयोजित आशा सम्मेलन में आशा कार्यकर्ताओं, संगिनी को उनके कार्य एवं दायित्व के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों में सहभागिता के लिए मिलने वाले प्रोत्साहन राशि से भी अवगत कराया गया। एक वर्ष में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रत्येक ब्लाक से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाली आशा कार्यकर्ताओं को क्रमशः पांच, दो और एक हजार, जनपद स्तर पर तीन संगिनी को पांच, तीन और दो हजार का पुरस्कार दिया जाता है। सदर विधायक श्यामधनी राही ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सरकारी स्तर पर हो रहे प्रयासों की जानकारी दी। इस मौके पर आरसीएच में बेहतरीन कार्य करने वाले डॉ. संजय गुप्ता समेत ई-संजीविनी में बेहर कार्य करने वाले चिकित्सक बर्डपुर से डॉ. सुबोध चंद्रा, बांसी से डॉ. अश्वनी कुमार और डॉ. रवि सिंह, बसंतपुर से डॉ. राजीव कुमार रंजन, सीएचओ बालेश चौधरी, पूजा सिंह के अलावा बीते एक वर्ष में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों में बेस्ट कार्य करने पर संगिनी में उस्का बाजार की नीलम पांडेय, नौगढ़ से विजय लक्ष्मी सिंह, भनवापुर से आरती देवी को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने सभी से बेहतर कार्य कर जनपद का नाम रोशन करने का आह्वान किया। प्रभारी सीएमओ डॉ. डीके चौधरी ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून समेत डीपीएम राजेश शर्मा, जिला लेखाकार राजेश मिश्रा, डीबीसीपीएम मान बहादुर, प्रमोद संत, डॉ. लक्ष्मी सिंह आदि उपस्थित थे। संचालन नितेश पांडेय ने किया।

आशा कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत करते विधायक व डीएम।

किशोरी के अपहरण में तीन को कैद

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार

अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम हिमांशु दयाल श्रीवास्तव ने नाबालिग के अपहरण के दोषी तीन अभियुक्तों को तीन-तीन वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने मोतीलाल, तौलेश्वर निवासी जोकुंडा थाना शोहरतगढ़ व विरेंद्र निवासी कोटिया बाजार थाना शोहरतगढ़ को सजा सुनाते हुए प्रत्येक को 10-10 हजार के जुर्माने से भी दंडित किया है।

घटना मिश्रौलिया थानाक्षेत्र की है जो दो अगस्त 2017 में घटी थी। पुलिस को एक व्यक्ति ने तहरीर दी कि उसकी 14 वर्षीय किशोरी 2 अगस्त 2017 को गायब हो गई। इधर उधर एवं रिश्तेदारी में तलाशने के दौरान उसे पता चला कि मोतीलाल व तोलेश्वर निवासी जोवकुंडा व वीरेंद्र ही लड़की को ले गए हैं। पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण एवं विवाह इत्यादि के प्रयोजनों से किये गए अपहरण का केस दर्ज किया। विवेचना के दौरान लड़की को बरामद करके उसका मेडिकल करवाया एवं बयान दर्ज करके न्यायालय में भी लड़की का बयान दर्ज करवाया। इसके बाद अन्य गवाहों की गवाही लेकर तीनों अभियुक्तों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायालय ने साक्ष्यों, गवाही, मेडिकल जांच आदि के आधार पर तीनों को दोषी पाया। उन्हें अपहरण के जुर्म में सजा सुनाते हुए प्रत्येक पर अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड अदा न करने की दशा में तीनों को तीन-तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। राज्य सरकार की तरफ से पीड़ित पक्ष की पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने किया।

छेड़छाड़ से परेशान होकर किशोरी ने छोड़ दिया स्कूल, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार

शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपित के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता के भाई ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। बताया कि थाने पर आरोपित के खिलाफ सिर्फ शांतिभंग में चालान किया गया है।

किशोरी के भाई ने एसपी को दिए गए शिकायत पत्र में लिखा है कि आरोपित युवक संपन्न है और सांप्रदायिक मानसिकता है। इसीलिए मेरी बहन के पीछाकर उससे हर प्रकार से छेड़छाड़ करता है। जब वह शौच करने जाती है तो वह वहां भी पहुंच जाता है। उसके भय से बहन स्कूल जाना तक छोड़ दिया है। किशोरी डरी व सहमी रहती है। जब आरोपित के घर वालों से शिकायत करने गए तो सभी उसके समाज के लोग इकट्ठा हो गए और गांव में हमारे परिवार का मजाक उड़ाने लगे। जब परिवार ने इसका विरोध किया तो मिटा देने की धमकी देने लगे। थाने पर गए तो वहां कोई सुनवाई नहीं हुई। थाने पर आरोपित के खिलाफ सिर्फ शांतिभंग में चालान किया गया था। आरोपी एसडीएम कोर्ट पहुंचा तो वहां मेरी बहन पहुंचकर इसे सजा दिलाने के लिए कोर्ट में विरोध किया। लेकिन वहां सक्षम अधिकारी नहीं होने से उसे जमानत पर छोड़ दिया गया है।

कार्रवाई की मांग

पीड़िता के भाई ने सख्त कार्रवाई के लिए एसपी से की शिकायत

बच्चों को समय से हो पोषाहार का वितरण : डीएम

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय पोषण समिति/जिला कन्वर्जेस समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने विगत माह के बैठक की अनुपालन आख्या की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने, सर्वाधिक सैम बच्चों वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने, आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा किये गये होम विजिट के बारे में जानकारी प्राप्त करने, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों का वजन कराएं तथा गर्भवती महिलाओं को समय से पोषाहार उपलब्ध कराने सहित अन्य निदेश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बिना अनुमोदन के बना दिए गए 37 धान क्रय केंद्र

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार

जिला सहकारी संघ (डीसीएफ) और क्रय विक्रय सहकारी समिति के बोर्ड के बिना अनुमोदन के ही पीसीएफ की तरफ से 37 धान खरीद केंद्र बना दिए गए। मामले में मुख्यमंत्री से शिकायत पर एडीएम उमाशंकर द्वारा की गई जांच में आरोप की पुष्टि हुई। डीएम पवन अग्रवाल ने खाद्य एवं रसद आयुक्त को रिपोर्ट भेजी है।

अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक सहकारिता बी. चंद्रकला ने एआर कोऑपरेटिव, पीसीएफ एवं यूपीएसएस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा है।

जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री एवं डीएम से शिकायत की कि बिना डीसीएफ और क्रय विक्रय सहकारी समिति तेतरी बाजार बोर्ड के अनुमोदन के ही पीसीएफ ने क्रय केंद्र बना दिए हैं। इसकी जांच एडीएम उमाशंकर ने की, जिसमें डीसीएफ बोर्ड के अनुमोदन की औपचारिकता पूर्ण नहीं कराए जाने की पुष्टि हुई है। इसके बाद अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक क्रय विक्रय सहकारिता बी. चंद्रकला ने 28 दिसंबर 2023 को अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक प्रशासन सहकारिता को सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता (एआर कोआपरेटिव) पर कार्रवाई के लिए पत्र भेजा है। उन्होंने 29 दिसंबर 2023 को कार्यकारी निदेशक प्रशासन पीसीएफ, प्रबंध निदेशक पीसीयू एवं यूपीएसएस को भी पत्र भेजकर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

जांच में हुई पुष्टि

दोषी अधिकारियों व कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

आरोपियों ने रखा पक्ष

एडीएम उमाशंकर की जांच के दौरान एआर कोऑपरेटिव वकील वर्मा की तरफ से प्रस्तुत पत्र में खुद को निर्दोष बताते हुए नियमानुसार क्रय केंद्रों बनाए जाने की बात रखी है। उन्होंने बताया कि धान क्रय केंद्र के चयन एवं प्रभारी बनाने में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं की गई है। इसी तरह जिला प्रबंधक पीसीएफ अमित चौधरी की तरफ से प्रस्तुत पत्र में भी क्रय केंद्र का चयन अनुबंध के आधार पर होना बताया गया है। उन्होंने भी क्रय केंद्र बनाने में किसी प्रकार की अनियमितता से इन्कार किया है।

सम्मान महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने रेलवे परिवार की होनहार बेटी का किया उत्साहवर्धन, प्रदान किया प्रशंसा पत्र

अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आदित्या को किया सम्मानित

गोरखपुर, अमृत विचार

महाप्रबन्धक,पूर्वोत्तर रेलवे एवं संरक्षक पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ सौम्या माथुर ने बुधवार को महाप्रबन्धक कक्ष में अन्तर्राष्ट्रीय बैंडमिंटन खिलाड़ी आदित्या यादव को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया । विलक्षण प्रतिभा की धनी बैडमिंटन खिलाड़ी आदित्या यादव ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की अनेक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर देश के साथ ही रेल को गौरवान्वित किया है। आदित्या के शानदार प्रदर्शन देखते हुये राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। रेल परिवार की बेटी आदित्या यादव ने ब्राजील में 10 से 25 जुलाई, 2023 तक आयोजित तृतीय वर्ल्ड यूथ डेफ बैडमिंटन चैम्पियनशिप एवं 6वीं वर्ल्ड डेफ चैम्पियनशिप के सीनियर टीम एवं सीनियर डबल्स इवेंट में स्वर्ण, सीनियर सिंगल, जूनियर सिंगल एवं जूनियर डबल्स में रजत पदक प्राप्त किया था। मई, 2022 में ब्राजील में आयोजित 24वें डेफ ओलम्पिक के टीम इवेंट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। इसके अतिरिक्त सितम्बर,2022 में थाईलैंड में आयोजित द्वितीय एशिया पैसिफिक यूथ बैडमिंटन चैम्पियनशिप एवं 6वीं एशिया पैसिफिक डेफ बैडमिंटन चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुये दो स्वर्ण, एक रजत तथा दो कांस्य पदक प्राप्त किया। आदित्या यादव की इस उपलब्धि पर पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के अध्यक्ष श्री चन्द्र श्रीवास्तव, महासचिव पंकज कुमार सिंह, सहायक क्रीड़ाधिकारी चन्द्र विजय सिंह एवं नरसा से जुड़े हुये अन्य पदाधिकारी तथा खेलप्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये शुभकामनायें दीं।

अन्तर्राष्ट्रीय बैंडमिंटन खिलाड़ी आदित्या यादव को सम्मानित करतीं सौम्या माथुर।

महाप्रबंधक ने तीन कर्मचारियों को किया सम्मानित

गोरखपुर, अमृत विचार। महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने बुधवार को महाप्रबन्धक सभा कक्ष में तीन कर्मचारियों को संरक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए 'मैन ऑफ द मंथ' घोषित कर नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में लखनऊ मंडल के गोण्डा स्टेशन पर हेल्पर के पद पर कार्यरत अरविन्द यादव, वाराणसी मंडल के सलेमपुर में ट्रैक मेन्टेनर के पद पर कार्यरत पंकज कुमार और इज्जतनगर मंडल के काठगोदाम में लोको पायलट के पद पर कार्यरत अफसर अली हैं। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

सार-संक्षेप

आठ लाख रुपए की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। झाड़ू फूंक के नाम पर आठ लाख रुपये से अधिक की ठगी करने वाले 15 हजार के इनामी को एसओजी और कठेला समय माता थाने की पुलिस ने क्षेत्र के झकहिया से गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। धोखाधड़ी करने वाला कानपुर जनपद का निवासी है। कठेला समय माता थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित व्यक्ति को आरोपी ने खुद को झाड़ फूंक करने वाला बताते हुए दावा किया कि वह सब ठीक कर देगा। इसके एवज में वह कई बार में लगभग आठ लाख रुपये हड़प लिया। पीड़ित थाने पर शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। एसओ कठेला समय माता थाना संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी अशफाक उर्फ कमल निवासी काकादेव पुराना बस स्टाफ थाना काकादेव, कानपुर नगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मंगलवार को आरोपी को दबोच लिया गया। उस पर 15 हजार का इनाम भी घोषित था।

अवैध आभूषणों के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर अमृत विचार। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी नरकुल के जवानों ने अवैध तरीके नेपाल ले जा रहे 73 ग्राम सोने के आभूषण के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा। कमान्डेंट 43वीं वाहिनी उज्जल दत्ता ने बताया कि गस्ती दल ने स्कूटी सवार एक संदिग्ध युवक को रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से सोने के आभूषण बरामद हुए। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम रूपेश सोनी (20) निवासी गांव अलीगढ़वा थाना कपिलवस्तु बताया। गस्ती दल ने अवैध रूप से भारत से नेपाल ले जाए जा रहे 73 ग्राम सोने के आभूषण और मोती की एक माला और स्कूटी को जब्त कर युवक को सीएमपीयु नौगढ़ को सुपुर्द कर दिया गया है।

विद्युत विभाग ने एक लाख का बकाया वसूला

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। विद्युत निगम ने बिस्कोहर नगर के साथ सोहना फीडर के डोकम अमया गांव में बकाया वसूली अभियान चलाकर एक लाख दस हजार रुपये का राजस्व जमा कराया। मंगलवार को विद्युत निगम कठौतिया रामनाथ के अवर अभियंता सिद्धार्थ शंकर गुप्ता ने नगर पंचायत बिस्कोहर के साथ सोहना फीडर के डोकम अमया गांव में बकाया वसूली अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने करीब एक लाख दस हजार रुपये का बकाया जमा कराया।

सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को किया सम्मानित

गोरखपुर, अमृत विचार। प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे अजय कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को सेवा निवृत्त होने वाले उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/निर्माण, गोरखपुर दिगम्बर झा को तथा मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन अवधेश कुमार ने 19 अराजपत्रित कर्मचारियों को गोल्ड प्लेटेड मेडल, समापक का प्रपत्र एवं सेवा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/अराजपत्रित वीके द्विवेदी, कार्मिक एवं लेखा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी तथा सेवा निवृत्त होने वाले रेलकर्मियों के परिजन उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त लेखा विभाग के आईटी सेन्टर में सेवानिवृत्त लेखा कर्मचारियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वित्त सलाहाकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/निर्माण मुकेश मित्तल ने लेखा विभाग के सहायक वित्त सलाहकार अनूप चन्द एवं 04 अराजपत्रित रेलकर्मियों को सम्मानित किया।

रेल मंत्री ने प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री को दिया धन्यवाद

गोरखपुर, अमृत विचार। भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कस्टम ड्यूटी के रेशनलाइजेशन से उद्योग एवं सीमा शुल्क प्रक्रियाओं में आवश्यक निश्चितता एवं स्पष्टता लाता है। मोबाइल फोन की मैनुफैक्चरिंग के लिये ईको सिस्टम को मजबूत करने की दिशा में उठाये गये इस कदम के लिये प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री को धन्यवाद देता हूं। मोबाइल फोन के निर्माण में उपयोग के लिये वस्तुओं पर लागू अवशिष्ट श्रेणी/अन्य पर लगने वाले सीमा शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है।

ट्रेनों के संचालन में रहेगा बदलाव

गोरखपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा एवं परिचालनिक सुगमता हेतु कृष्णाशिला एवं अनपरा स्टेशनों पर नान इण्टरलॉक कार्य पूर्ण होने के पश्चात रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के कारण टनकपुर से 1 एवं 4 फरवरी को चलने वाली 15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस चोपन स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी एवं 15075 शक्तिनगर-टनकपुर एक्सप्रेस 2 एवं 5 फरवरी को चोपन स्टेशन से जायेगी।

ट्रेनों का ठहराव प्रदान किया

गोरखपुर। परिचालनिक कारणों से 15083 छपरा-फर्रूखाबाद एक्सप्रेस एवं 19168 वाराणसी सिटी-अहमदाबाद एक्सप्रेस गाड़ियों का 2 फरवरी तक दरयाबाद एवं सैद खानपुर स्टेशनों के स्थान पर पतरंगा स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जायेगा।

एक नजर

13 लाख रुपये की लागत से बन रहा खाद गोदाम

श्रीदतगज, बलरामपुर, अमृत विचार। विकास खण्ड श्रीदत्तगंज के ग्राम अगया खुर्द व गायडीह में खाद गोदाम का निर्माण कराया जा रहा है। करीब तेरह लाख रुपए की लागत से बन रहे खाद गोदामों का निर्माण ग्राम निधि के खाते से मनरेगा मजदूरों से कराया जा रहा है। इससे काफी सहूलियत होगी। इसकी जानकारी सहायक विकास अधिकारी सहकारिता विकास खण्ड श्रीदत्तगंज आनन्द बाबू ने देते हुए बताया कि दोनों ग्रामों में खाद गोदाम का निर्माण इसी वित्तीय वर्ष में पूरा करा लिया जाएगा। प्रत्येक गोदाम निर्माण के लिए शासन ने छह लाख 66 हजार रुपए का आवंटन किया है। खाद गोदाम का निर्माण होने से खाद का सुरक्षित स्टाक करने में विभाग को सुविधा होंगी।

संतकबीरनगर की पुलिस ने वर्ष 2023 में 834 कारोबारियों को भेजा जेल

संतकबीरनगर, अमृत विचार। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन डा. के. एस. प्रताप कुमार, पुलिस महानिरीक्षक बस्ती आर.के. भारद्वाज के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में संतकबीरनगर पुलिस ने वर्ष 2023 में 834 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में मादक पदार्थ, अवैध शराब और अवैध असलहों की बरामदगी किया है।

पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार एनडीपीएस अधिनियम के अन्तर्गत कुल 34 प्रकरणों में 38 अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेजा गया। इसी कड़ी में शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत 144 अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। मादक पदार्थ की तस्करी और बिक्री के अवैध गतिविधियो में संलिप्त कुल 38 अभियुक्तों के विरूद्ध एनडीपीएस अधिनियम के अन्तर्गत कुल 34 प्रकरणों में 18 किलोग्राम गांजा, 0.0295 किलोग्राम अफीम, 339.06 ग्राम स्मैक और 584 अदद नशीली गोली बरामद कर अभियुक्तों को जेल भेजा गया। इसी प्रकार से अवैध शस्त्र रखने तथा शस्त्रों के दुरूपयोग के सम्बन्ध में शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत 144 अभियोगों में 144 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 1 अदद फैक्ट्री मेड रिवाल्वर, 1 अदद पिस्टल, 12 अदद कारतूस, 12 अदद देशी पिस्टल व 135 अदद धारदार हथियार बरामद कर अभियुक्तों को जेल भेजा गया है।

आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 648 प्रकरणों में कुल 652 अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 2.5 लीटर अंग्रेजी शराब, 7272 लीटर कच्ची शराब, व 113 अदद भट्ठी, शराब बनाने के तमाम उपकरण और 726 कुन्तल लहन नष्ट किया गया है। अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और परिवहन में संलिप्त 652 अभियुक्तों को जेल भेजा गया।

जिला कारागार में सुनी गईं समस्याएं

संतकबीरनगर, अमृत विचार। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल कुमार ने बुधवार को जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार में निरूद्ध बन्दियों की समस्याओं को सुनकर उन पर जिम्मेदारों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। कारागार की पाकशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने भोजन की गुणवत्ता और कारागार की साफ़ सफाई व्यवस्था ठीक पाई।

इस अवसर जेल अधीक्षक राजेश कुमार राय, चिकित्साधिकारी डा. वरुणेश दूबे, प्रभारी जेलर राज कुमार गौतम, उप कारापाल गीता रानी, हरिकेश गौड़ वरिष्ठ सहायक के.के. पाण्डेय, जेल वार्डर सिद्धार्थ सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

जिला कारागार का निरीक्षण करते मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट। अमृत विचार

विकास कार्यों में अनियमितता के आरोपों की स्थलीय जांच करने पहुंची टीम

मेंहदावल विकास खंड के तुनिहावा गांव में 8 वर्षों के दौरान किए गए कार्यों का मामला

पड़ताल

▸▸ कुछ बिंदुओं पर मिलीं अनियमितताएं : जांच अधिकारी

मेंहदावल, संतकबीरनगर

अमृत विचार। ग्राम सभा तुनिहावा में ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा में बिना काम कराए आठ वर्षों में भुगतान करा लिए जाने के आरोपों जांच करने बुधवार को जांच टीम पहुंची। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने अधिकारियों से की थी। इसके पहले भी टीम जांच करने आई थी, लेकिन अभिलेख उपलब्ध न होने के कारण कुछ बिंदुओं पर जांच कर वापस लौट गई थी। कुछ माह पहले ग्रामीणों के आरोप को संज्ञान में लेते हुए डीएम ने सहायक अभियंता ड्रेनेज खंड -2 के नेतृत्व में दो सदस्यीय जांच टीम को जांच के लिए भेजा।

विकास खंड मेहदावल के तुनियावा ग्राम सभा में वर्ष 2015 से वर्ष 2023 तक बिना काम कराए लाखों रुपए के भुगतान को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने दो सदस्यीय कमेटी गठित किया। जिसमे ड्रेनेज खंड -2 के सहायक अभियंता सतीश चंद्र व जिला विद्यालय निरीक्षक को नामित किया गया। जिसमें विभागीय काम में व्यस्त होने के कारण जिला विद्यालय निरीक्षक जांच करने नहीं पहुंचे। टीम बुधवार की दोपहर 11 बजे गांव के पंचायत भवन पर पहुंची। टीम ने शिकायतकर्ता व प्रधान दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाया। उसके बाद टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। शिकायतकर्ता ओमप्रकाश ने बताया कि गांव में वर्ष 2015 से 2023 तक सफाई कर्मचारी किट जो लगभग साढ़े सात लाख रुपए, आगंनबाडी का कार्य लगभग पांच लाख रुपए, गौशाला का निर्माण कार्य लगभग ढाई लाख रुपए, खेल का मैदान निर्माण डेढ़ लाख रुपए, प्रशासनिक मद के लगभग ग्यारह लाख रुपए बिना कार्य कराए भुगतान कराए गए हैं। जिसकी शिकायत की गई थी। पंचायत भवन के सामने बने तालाब में अमृत सरोवर का काम कराकर कागज में लाखों का भुगतान लिया गया, लेकिन मौके पर कोई काम नही कराया गया है। अमृत सरोवर के पास ही अब खेल का मैदान भी बनाया जा रहा है।

क्या बोले जांच अधिकारी

मेंहदावल। जांच अधिकारी सहायक अभियंता ड्रेनेज खंड -2 सतीश चंद्र ने कहा कि मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर जांच की गई है। आधा दर्जन बिंदुओं पर आरोप सही मिले है। रिपोर्ट उच्च अधिकारी को सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर ही दोषियों के खिलाफ उच्चाधिकारी स्तर से कार्रवाई की जाएगी।

जानलेवा हमले के 4 अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर, अमृत विचार। कोतवाली पुलिस ने बुधवार को जानलेवा हमले के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बताते चलें कि मंगलवार को खलीलाबाद के मोतीनगर मोहल्ले में लाल मैरेज हाल के पास ग्राउंड में गिल्ली डंडा खेलने के दौरान दो गुटों में विवाद हो गया था। एक पक्ष के चार युवकों ने दूसरे पक्ष के दीपक पुत्र रामबृक्ष गुप्ता निवासी कांशीराम आवास कालोनी और दीपक पुत्र मनोज कुमार निवासी गोलाबाजार को लाठी डंडों और चाकू से मार-पीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। दोनों घायल युवकों का मेडिकल कालेज गोरखपुर में उपचार जारी है।

पीड़ित परिजनों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी हुजैफा पुत्र इश्तियाक अहमद उर्फ बबलू निवासी पठान टोला खलीलाबाद, शाहिद पुत्र यहिया निवासी मुखलिसपुर चौक खलीलाबाद, मोहम्मद फैसल पुत्र रईश अहमद ख़ां निवासी पठान टोला खलीलाबाद और मो. वकील पुत्र मो. नसीम निवासी बरदहिया बाजार खलीलाबाद के खिलाफ धारा 147, 323, 504, 506, 307, 34 आईपीसी के तहत मुकदमा कायम कर उनकी तलाश में जुटी थी। कोतवाली प्रभारी ब्रजेन्द्र पटेल ने बताया कि सभी नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

एससीसी सेमरहन ने अर्श क्रिकेट क्लब को 70 रन से हरा जीता फाइनल

महराजगंजतराई, बलरामपुर

अमृत विचार। स्वर्गीय अमरेश बहादुर सिंह ग्राउंड में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सेमरहन व अर्श क्रिकेट क्लब महराजगंज के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। सेमरहन फाइनल मुकाबला जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख सफीक अहमद ने फाइनल मैच के मुकाबले में दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके उनका उत्साहवर्धन किया। महराजगंज ने टांस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। एससीसी सेमरहन को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। एससीसी सेमरहन ने निर्धारित 16 ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए 190 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

जवाब में अर्श क्रिकेट क्लब महराजगंज 15 ओवरो में ही धराशायी हो गई। ऑल आउट हो गई। एससीसी सेमरहन ने 70 रन से मैच जीत कर फ़ाइनल मुकाबले के ट्रॉफी पर अपना कब्जा बना लिया। पूर्व ब्लाक प्रमुख शफीक अहमद ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से ही खिलाड़ियों में प्रतिभा निखरता है। इस टूर्नामेंट के आयोजकों ने बहुत ही शानदार क्रिकेट का आयोजन कराया है। प्लेयर ऑफ द मैच सोनू पांडे को दिया गया।

टूर्नामेंट में बेस्ट प्रदर्शन के खिलाड़ी दीपू को मैन ऑफ द सीरीज से सम्मानित किया गया। मैच के आयोजक के तरफ से विजेता टीम को 11000 नगद व ट्रॉफी दिया गया। उपविजेता टीम को 5000 का नगद पुरस्कार दिया गया। पूर्व प्रधान हाजी मोहम्मद रईस अहमद ने खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार व विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आयोजक की टीम में शिव मूर्ति सोनकर, अंकित सिंह, निजाम, जवाहर गौतम, सौरभ गुप्ता, रियाज, मुस्तकीम सहित लोग शामिल रहे।

स्वर्गीय अमरेश बहादुर सिंह ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता खिलाड़ियों के साथ मौजूद अतिथि। अमृत विचार

प्रधानमंत्री आवास योजना के पंजीकरण को लगा कैंप

नगर पालिका सभागार में लगे कैंप में लोगों की समस्याएं सुनते पदाधिकारी।

संवाददाता, बलरामपुर

▸▸ डूडा विभाग के कर्मचारियों द्वारा 308 नये पंजीकरण किए गए

अमृत विचार। आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु पंजीकरण कैंप का आयोजन नगर पालिका सभागार में कराया गया। जिसमें डूडा विभाग के कर्मचारियों द्वारा 308 नये पंजीकरण व 9 पात्रों ने द्वितीय किस्त, 21 पात्रों ने तीसरी किस्त न मिलने की समस्याओं से अवगत कराया। जिसके समाधान जल्द कराये जाने का कर्मियों द्वारा आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डीप सिंह बैस, गौरव मिश्रा, एसी व डीसी शशांक सिंह, किशन तिवारी व सम्बंधित सभासद उपस्थित रहे।

नपं बेलहर कला के अधिकृत अधिवक्ता बने स्वतंत्र कुमार राय

स्वतंत्र कुमार राय। अमृत विचार

सांथा, संतकबीरनगर। जनपद के आदर्श नगर पंचायत बेलहर कला के बोर्ड की बैठक द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अधिवक्ता स्वतंत्र कुमार राय को नगर पंचायत बेलहर कला का अधिकृत अधिवक्ता मनोनीत किया गया है। स्वतंत्र कुमार राय मूलत: सन्त कबीर नगर जनपद के बेलहर कला नगर पंचायत के ही निवासी हैं और इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के आजीवन सदस्य हैं।

श्री राय के मनोनीत होने पर मेंहदावल विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी, भाजपा जिला महामंत्री विनोद कुमार पांडेय, मण्डल अध्यक्ष अजीत राय, सपा नेता जयराम पांडेय, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी चन्द्रशेखर पांडेय, शैलेश कुमार पांडेय, हरिराम राय, प्रधान संघ अध्यक्ष रणबीर कुमार पांडेय, सुभाष राय, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना राय, विजय बहादुर पांडेय, अजमेर खान सहित तमाम शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

आशुभाषण में अंकित, एकल नृत्य में मोहित व काजल ने मारी बाजी

एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्रों के साथ मौजूद प्राचार्य व शिक्षक। अमृत विचार

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार। एमएलके पीजी कॉलेज में बुधवार को आदि संस्थापक महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह की स्मृति में आयोजित संस्थापक सप्ताह समारोह का शुभारंभ हुआ। समारोह के पहले दिन आयोजित आशुभाषण में अंकित पाण्डेय व एकल नृत्य में मोहित व काजल ने बाजी मारी। समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय व सांस्कृतिक निदेशक डॉ अनामिका सिंह ने दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया।

छात्रों को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय ने कहा कि संस्थापक सप्ताह में आयोजित होने वाले कार्यक्रम आप सभी के लिए लाभकारी हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम आपके व्यक्तित्व के विकास में सहायक होती हैं। छात्रों को इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। आशुभाषण के संयोजक डॉ केपी मिश्र ने सभी का स्वागत किया। वहीं सांस्कृतिक निदेशक डॉ अनामिका सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया।

निर्णायक डॉ अवनीन्द्र दीक्षित, डॉ स्वदेश भट्ट व डॉ अभयनाथ ठाकुर ने तथ्यों, प्रस्तुतिकरण के आधार पर एम कॉम चतुर्थ सेमेस्टर के अंकित पाण्डेय को प्रथम, बीएड प्रथम वर्ष की शुभि सिंह व मनीष कुमार शर्मा को क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान के चुना। मणिका मिश्रा के संयोजकत्व में आयोजित एकल नृत्य प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में बीए तृतीय के मोहित कश्यप प्रथम, बीए प्रथम के अभिषेक चौधरी द्वितीय व बीए तृतीय के कृष्ण कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

वहीं छात्रा वर्ग में बीए द्वितीय की काजल प्रथम, एमए प्रथम की सुलोचना द्वितीय व बीए द्वितीय की हर्षिता श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहीं। डॉ अनामिका सिंह, डॉ स्वदेश भट्ट व मणिका मिश्रा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। संचालन प्रियांश मिश्र ने किया। इस अवसर पर डॉ दिनेश कुमार मौर्य, डॉ आज़ाद प्रताप, डॉ बसंत कुमार, डॉ अरुण, डॉ आकांक्षा त्रिपाठी, डॉ रिंकू, डॉ सेंकी रुहेला, डॉ प्रखर त्रिपाठी सहित कई लोग मौजूद रहे।

तैयारी हर बूथ पर की जाएगी संयोजक व प्रभारियों की नियुक्ति

कार्यशाला में गांव के मतदताओं को जोड़ने पर दिया गया जोर

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार। गांव चलो अभियान के तहत भाजपा कार्यालय अटल भवन पर बुधवार को जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं को गांव के मतदताओं को जोड़ने पर जोर दिया गया। हर बूथ पर संयोजक व प्रभारियों की नियुक्ति की जाएगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि पार्टी की ओर गांव चलो अभियान की शुरुआत की गई है। अभियान के दौरान प्रत्येक बूथ पर संयोजक प्रभारी 24 घंटे का प्रवास करेंगे। प्रवासी प्रभारी गांव से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों पर ग्राम वासियों से चर्चा करेंगे। सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि एक हजार आवादी वाले गांव में पार्टी की ओर से संयोजक व प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। जो युवा मतदाताओं को पाटी के समर्थन में अधिक से अधिक मतदान कराने पर जोर देंगे। लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी जिले के हर एक गांव को गोद लेंगे। गांव से जुड़ी समस्या व उसके विकास के लिए वह प्रयास करेंगे। सभी मंडलों में कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकार विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आगामी लोकसभा का चुनाव में बहुत कम समय बचा है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से जोड़ने का काम कार्यकर्ता करेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों से चुनाव में 50 प्रतिशत की जीत-हार का फैसला होता है। मोदी का लक्ष्य 400 पार की मंशा गांवों से शुरू होती है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू ने किया।

इस अवसर पर तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, पूर्व विधायक गैसड़ी शैलेश कुमार सिंह शैलू, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, पूर्व महामंत्री अजय सिंह पिंकू, विष्णु देव गुप्ता, बिन्दू विश्वकर्मा, डा. प्रांजल त्रिपाठी, अवधेश तिवारी तरुण, अनूप गुप्ता, हेमंत जायसवाल, मंजू तिवारी, अवधेश पाण्डेय, आद्या सिंह पिंकी, अंशुमान शुक्ला, महिपाल चैधरी, बृज गोपाल पाण्डेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

भाजपा कार्यालय अटल भवन पर आयोजित बैठक में शामिल जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल व अन्य। अमृत विचार

बाल मेले में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम

बलरामपुर, अमृत विचार। पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में वार्षिक बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेले में विद्यालय के छात्रों ने जहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का भी आयोजन हुआ।

विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा एमपी तिवारी, संस्था के अध्यक्ष डा पीएन तिवारी, कोषाध्यक्षा मीता तिवारी ने आये हुए मुख्य अतिथि डीआईओएस गोविन्द राम व सभी सम्मानित अतिथियों का बुके देकर बैज लगाकर स्वागत किया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने संबोधित करते हुए कहा कि बाल मेला बच्चों द्वारा स्थापित एक प्लेटफॉर्म है जो बच्चों में जागरूकता लाने का अपनी कला को दिखाने का एक मंच प्रदान करता है। बाल मेला सूचना प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करके बच्चों को उनके रचनात्मक पक्ष को उजागर करनें में मदद कर रहा है। मेला एक ऐसा उत्सव है जो हमारे भारतीय संस्कृति और परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह एक ऐसा सामाजिक और सांस्कृति आयोजन है जहां लोग एक साथ आते है, खुशी मनाते है व मनोरंजन का आनंद लेते है। कार्यक्रम में सह निर्देशक आकाश तिवारी, कोषाध्यक्षा मीता तिवारी, उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी अध्यापकों में एके तिवारी, टीएन शुक्ला, पूनम चैहान, रूबी त्रिपाठी, राजमणि तिवारी, लता श्रीवास्तव, किरन मिश्रा, नीलम श्रीवास्तव, उर्वशी शुक्ला, कपिल निषाद आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

बजट सत्र कल से, सर्वदलीय बैठक आज

अमृत विचार, लखनऊ : विधानमंडल के बजट सत्र के लिए सर्वदलीय बैठक गुरुवार को होगी। इसके बाद कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी। अगले दिन 2 फरवरी शुक्रवार से विधानमंडल का बजट सत्र शुरू होगा। 5 फरवरी को राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उप्र. का बजट पेश करेगी। सभी मंत्रियों का पहली फरवरी को अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने का कार्यक्रम पहले तय था, जिसे स्थगित कर दिया गया है। बजट सत्र की शुरुआत दोनों सदनों की संयुक्त बैठक के समक्ष राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से होगी। तीन फरवरी को शनिवार होने के बावजूद सदन की बैठक आहूत की जाएगी। उस दिन शोक प्रस्ताव के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी। बीते दिनों शाहजहांपुर की ददरौल सीट से भाजपा के विधायक मानवेंद्र सिंह व बलरामपुर की गैसड़ी सीट से सपा विधायक डॉ. शिव प्रताप यादव का निधन हुआ था।

17 वरिष्ठ अफसरों को पीछे छोड़ प्रशांत की हुई ताजपोशी

यूपी को चौथी बार भी नहीं मिला पूर्णकालिक डीजीपी, मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में सबसे ऊपर होने के कारण मिली जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

प्रशांत कुमार

अमृत विचार : डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार की उप्र के नये कार्यवाहक डीजीपी पद पर ताजपोशी 17 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को पीछे छोड़कर हुई है। हालांकि वरिष्ठता में सबसे ऊपर होने के बाद मुकुल गोयल इस पद के लिए दावेदार नहीं माने जा रहे थे। दरअसल, उन्हें पहले ही अयोग्य ठहराते हुए डीजीपी के पद से हटाया गया था। साथ ही फरवरी माह में ही वह रिटायर होने वाले हैं। वैसे अमृत विचार के नवम्बर और दिसम्बर और दो दिन पहले भी प्रकाशित खबर में यह साफ कर दिया था कि चौथी बार भी प्रदेश पुलिस का मुखिया कार्यवाहक होगा और वह प्रशांत कुमार होंगे।

दरअसल, वरिष्ठता क्रम में प्रशांत कुमार से ऊपर अफसरों में मुकुल गोयल के अलावा आनंद कुमार, शफी अहसान रिजवी, आशीष गुप्ता, आदित्य मिश्रा, पीवी रामाशास्त्री, संदीप सालुंके, दलजीत सिंह चौधरी, रेणुका मिश्रा, बिजय कुमार मौर्या, सत्य नारायन साबत, अविनाश चंद्रा, संजय एम. तरडे, एमके बशाल, तनूजा श्रीवास्तव, सुभाष चंद्रा हैं। इसमें शफी अहसान रिजवी का कैडर उप्र-उत्तराखंड में फंसा है, इसलिए वह भी इस पद के लिए अर्ह नहीं थे। आनंद कुमार, पिछली बार भी मजबूत दावेदारों में थे, लेकिन डीजी जेल के पद पर तैनाती के दौरान जेलों में भ्रष्टाचार की हुई शिकायतों की तपिश ने उनकी साख पर बट्टा लगा दिया था। लिहाजा ऐन मौके पर वह दौड़ से बाहर हो गए थे और विजय कुमार को जिम्मेदारी दे दी गई थी।

पुलिस के मुखिया फिर कार्यवाहक : प्रशांत कुमार की तैनाती के साथ देश के सबसे राज्य उप्र को चौथी बार भी पूर्णकालिक डीजीपी मिलने का रास्ता बंद हो गया। 11 मई 2022 को सरकार ने पूर्णकालिक डीजीपी मुकुल गोयल को अचानक हटा दिया था। उसके बाद से अभी तक देश के सबसे बड़े राज्य की पुलिस को उसका पूर्णकालिक डीजी नहीं मिल पाया है। गोयल के बाद सरकार ने डीएस चौहान को कार्यवाहक डीजीपी बनाया था। फिर 31 मार्च 2023 को चौहान के रिटायरमेंट के बाद आरके विश्वकर्मा कार्यवाहक डीजीपी बने। विश्वकर्मा के 30 मई को रिटायर होने के बाद विजय कुमार कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए और 31 को उनकी सेवानिवृति के बाद प्रशांत कुमार को इस पद पर बैठाया गया है।

नए डीजीपी के लिए प्रशांत कुमार के पक्ष में जमीन तैयार
पद रिक्त न होते हुए भी डीपीसी में बना दिए गए डीजी, पूर्व के कई फैसलों से पक्ष दिख रहा मजबूत
लखनऊ। वरिष्ठता के आधार पर वेटिंग में चल रहे पीवी रामाशास्त्री एस. आदित्य नारायण मिश्र और डा. मौसूद आनंद कुमार, एसएस साबत, शफी अहसान रिजवी, संदीप सालुंके व एमके बशाल को डीजी जेल के साथ एडीजी स्तर के पदों पर तैनाती देकर डीपीसी में शामिल की गई है। इसके भी बीच आईपीएस अफसरों के वरिष्ठता क्रम में पहले से मुकुल गोयल के बाद आनंद कुमार बिलकुल सबसे ऊपर हैं। इसलिए आनंद कुमार को सीनियरिटी देकर डीजी बनाए जाने की चर्चा तेज हो गई है मुख्यमंत्री की नजर भी पड़ गई है, लेकिन इनका कार्यकाल कम होने से इन्हीं दो में से एक को ही मौका दिया जाने की है। आनंद कुमार के पास डी भी नजदीकी डीजी का दर्जा आ रही है। इनके बाद वरिष्ठ आशीष गुप्ता का क्रम आता है, लेकिन नई प्रतिक्रिया के बाद कार्यवाहक महानिदेशक उप्र पर तैनाती के लिये नजर आ रहे विजय होने की कोई संभावना नहीं है। तो इनका नाम भी पीछे चल रहा है। अब तो यह तय है कि वरिष्ठ व्यक्तियों के हिसाब से डीजी में फिट आने और दूसरा जीजी में भी कार्यवाहक का इनका नाम अनुसार है।
» 31 को सेवानिवृत होंगे विजय कुमार 1 फरवरी को नए डीजीपी की होगी तैनाती
प्रशांत कुमार
मान्य जा रहा है।
सत्ता के गलियारों में चल रही चर्चाओं पर ध्यान दें तो प्रशांत कुमार पैनल तो 1990 बैच के अफसरों में वरिष्ठतम, पूर्व में कानूनी चीजें हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में उनके ऊपर होने के चलते उनके नाम को गंभीरता से लिया जा
हमाशास्त्री, आदित्य नारायण, आनंद कुमार व साबत भी दौड़ में
वरिष्ठता के आधार पर वेटिंग में चल रहे पीवी रामाशास्त्री एस. आदित्य नारायण मिश्र और डा. मौसूद आनंद कुमार, एसएस साबत, शफी अहसान रिजवी, संदीप सालुंके व एमके बशाल को डीजी जेल के साथ एडीजी स्तर के पदों पर तैनाती देकर डीपीसी में शामिल की गई है। इसके भी बीच आईपीएस अफसरों के वरिष्ठता क्रम में पहले से मुकुल गोयल के बाद आनंद कुमार बिलकुल सबसे ऊपर हैं। इसलिए आनंद कुमार को सीनियरिटी देकर डीजी बनाए जाने की चर्चा तेज हो गई है। मुख्यमंत्री की नजर भी पड़ गई है, लेकिन इनका कार्यकाल कम होने से इन्हीं दो में से एक को ही मौका दिया जाने की है। आनंद कुमार के पास डी भी नजदीकी डीजी का दर्जा आ रही है। इनके बाद वरिष्ठ आशीष गुप्ता का क्रम आता है, लेकिन नई प्रतिक्रिया के बाद कार्यवाहक महानिदेशक उप्र पर तैनाती के लिये नजर आ रहे विजय होने की कोई संभावना नहीं है। तो इनका नाम भी पीछे चल रहा है। अब तो यह तय है कि वरिष्ठ व्यक्तियों के हिसाब से डीजी में फिट आने और दूसरा जीजी में भी कार्यवाहक का इनका नाम अनुसार है।
31 जनवरी को विजय कुमार और डीजी एसके मथुर के सेवानिवृत होने पर खाली पद के आधार पर वह एक फरवरी को डीजी बनेंगे। पूर्व के मुताबिक, शायद यह माना गया कि एक ही दिन डीजी पद पर प्रमोशन और फिर डीजीपी पद पर तैनाती से संदेश कुछ ठीक नहीं जाएगा। डीजीपी के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार भी उन्हीं के पास पहले से ही था। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा और 26 जनवरी को देखते हुए प्रदेशभर के पुलिसकर्मियों की छुट्टी को लेकर आदेश भी इस बार प्रशांत कुमार के हस्ताक्षर से ही जारी हुए थे।
29 जनवरी को अमृत विचार में प्रकाशित समाचार।

वरिष्ठता सूची में हैं नीचे

प्रशांत कुमार वैसे तो 1990 बैच के अफसरों में वरिष्ठता सूची में काफी नीचे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में सबसे ऊपर होने के चलते उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। वैसे नए डीजीपी के लिए उनके पक्ष में जमीन पहले से ही तैयार की गई थी। मसलन, डीजी के नियमित 14 पद रिक्त न होने के बावजूद एक माह पहले ही डीपीसी के माध्यम से उन्हें डीजी बना दिया गया। पहले यह माना जा रहा था कि 31 जनवरी को विजय कुमार और डीजी एसके माथुर के सेवानिवृत्त होने के बाद खाली होने वाले पद के आधार पर वह एक फरवरी को डीजी बनेंगे। सूत्रों के मुताबिक, शायद यह माना गया कि एक ही दिन डीजी पद पर प्रमोशन और फिर डीजीपी पद पर तैनाती से संदेश कुछ ठीक नहीं जाएगा। इसके अलावा डीजीपी के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार भी उन्हीं के पास पहले से ही था। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा और 26 जनवरी को देखते हुए प्रदेशभर के पुलिसकर्मियों के छुट्टी को लेकर आदेश भी इस बार प्रशांत कुमार के हस्ताक्षर से ही जारी हुए थे।

फिर कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति पर अखिलेश ने उठाए सवाल

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र में निरंतर चौथी बार कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति किये जाने पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल खड़े किये हैं। सपा प्रमुख ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि लगता है एक बार फिर उप्र को कार्यवाहक डीजीपी मिलने वाला है। जनता पूछ रही है कि हर बार कार्यवाहक डीजीपी बनाने का खेल दिल्ली-लखनऊ के झगड़े की वजह से हो रहा है या फिर अपराधियों के संग सत्ता की सांठगांठ के कारण। अखिलेश इससे पूर्व विधानसभा में भी कार्यवाहक उप्र. पुलिस के मुखिया को लेकर सरकार से सवाल पूछते रहे हैं।

पूर्व की सरकारों में किसान करते थे आत्महत्या : योगी

मुख्यमंत्री ने सीमैप में किसान मेला की शुरुआत की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले की सरकारों में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता था। संसद के हर सत्र में किसानों की आत्महत्या का मुद्दा उठता था। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का लक्ष्य रखा। कई योजनाएं शुरू कीं और किसानों को वैज्ञानिक शोध एवं इनोवेशन से जोड़ा। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2018 से अन्नदाता किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना दाम मिलना शुरू हुआ।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को पिकनिक स्पॉट रोड स्थित केन्द्रीय औषधि एवं सगन्ध पौधा संस्थान (सीमैप) द्वारा आयोजित किसान मेला की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने उप्र. के किसानों को औषधीय खेती और बागवानी से भी जोड़ा है। उनके हर्बल प्रोडक्ट्स को प्रमोट कर रही है। इससे किसान अपने उत्पाद का कई गुना दाम प्राप्त कर रहा है। इस दौरान योगी ने मेले में लगी प्रदर्शनी में लगे स्टालों को देखा और किसानों से बातचीत भी की। मेले में 15 प्रदेशों से ज्यादा के चार हजार से ज्यादा किसान शामिल हुए। औषधीय पौधों की खेती करने वाले किसानों के लिए सीमैप एक एरोमा मिशन एप भी लांच करेगा, जो किसानों और इंडस्ट्री के बीच एक सेतु का काम करेगा। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सीएसआई-आर सीमैप के महानिदेशक डॉ. एन कलैसेल्वी समेत बड़ी संख्या में उप्र. के जिलों व विभिन्न प्रदेशों से आए किसान मौजूद रहे।

सीमैप द्वारा आयोजित किसान मेले के कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी साथ में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

प्रदेश में हैं 89 कृषि विज्ञान केंद्र

देश की 16 फीसदी आबादी उत्तर प्रदेश में रहती है। 11 फीसदी कृषि योग्य भूमि होने के बावजूद 22 फीसदी से अधिक खाद्यान्न का उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश करता है। उत्तर प्रदेश में 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। चार राज्य कृषि विश्वविद्यालय हैं और पांचवां स्थापित होने जा रहा है। कृषि, बागवानी और आयुष से जुड़े ऐसे तमाम संस्थान उप्र. में मौजूद हैं।

4000 किसानों को राम मंदिर के दर्शन कराएगी सरकार

राजधानी में बुधवार को आयोजित किसान मेला में शामिल हुए सभी 4000 किसानों को राज्य सरकार राम मंदिर के दर्शन कराएगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की है। मेले में 15 राज्यों के किसान भी शामिल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सीमैप द्वारा विकसित एरोमा एप का लोकार्पण भी किया।

बोर्ड परीक्षा में अब नहीं चलेगी केंद्र व्यवस्थापकों की बहानेबाजी

नकल रोकने, व्यवस्था बनाए रखने, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, उत्तर पुस्तिकाओं की देखरेख को लेकर दिया जा रहा प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

» केंद्र व्यवस्थापक पहले गड़बड़ी पकड़े जाने पर कहते थे, हमें किसी ने नहीं दी थी तकनीकी जानकारी

अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन संचालित करने में इस बार केंद्र व्यवस्थापकों की किसी भी तरह की बहानेबाजी नहीं चलेगी। वे तकनीकी रूप से प्रशिक्षित न होने का बहाना करके कॉपी, पेपर, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती से लेकर सीसीटीवी कैमरा के खराब संचालन के मामले से बच निकलते थे। मगर, इसबार उन्हें मास्टर ट्रेनर के जरिए प्रशिक्षण देकर सरकार दक्ष बना रही है, ताकि नकल की कोई गुंजाइश न रहे। हालांकि परीक्षा के दौरान कैमरे की आडियो खराब बताकर नकल कराने के तमाम मामले सामने आते रहे हैं।

इस बार केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं की समुचित व्यवस्था देखने के लिए मास्टर्स ट्रेनर्स के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्हें परीक्षाओं से जुड़ी बारीक चीजों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि परीक्षा में किसी तरह की त्रुटि न हो। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि परीक्षाओं को नकलविहीन बनाने और बिना किसी त्रुटि के संपन्न कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं की व्यवस्था से संबंधित प्रशिक्षण देने का निर्णय किया गया है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में यह प्रशिक्षण चल रहा है। प्रत्येक जिले के लिए तीन मास्टर्स ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है, जो ऑडियो-वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं से संबंधित हर बारीक जानकारी मुहैया करा रहे हैं। इसमें उन्हें नकल रोकने, व्यवस्था बनाए रखने, प्रश्नपत्रों की सिक्योरिटी, उत्तर पुस्तिकाओं की देखरेख समेत अन्य सभी महत्वपूर्ण विषयों के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

कक्ष निरीक्षकों को मिलेगी कंप्यूटराइज्ड आईडी

नई व्यवस्थाओं के तहत पहली बार उत्तर पुस्तिकाओं में सुरक्षात्मक क्यूआर कोड, लोगो, कवर पेज पर उनकी कोडिंग की गई है, जबकि पेज नंबर के साथ-साथ इस बार पिछले वर्ष में उपयोग किए गए कलर्स से अलग चार कलर्स में इन्हें पब्लिश कराया गया है। इसके अलावा पहली बार कक्ष निरीक्षकों के लिए एक सुरक्षित क्यूआर कोड और क्रमांक युक्त कंप्यूटराइज्ड परिचय पत्र भी प्रदान किया जा रहा है।

8265 केंद्रों पर 55 लाख से अधिक विद्यार्थी देंगे परीक्षा

बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं, जो 9 मार्च तक चलेंगी। इस बार हाईस्कूल में 29,47,325 और इंटरमीडिएट में 25,77,965 यानी कुल 55,25,290 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। बोर्ड की ओर से प्रदेश भर में कुल 8265 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय परीक्षा केंद्रों की संख्या 566 है, सवित्त परीक्षा केंद्र 3479 और वित्तविहीन 4220 परीक्षा केंद्र हैं।

अखिलेश के करीबी नेता ने छोड़ी सपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

» मनोज यादव ने पार्टी में पारिवारिक कलह का लगाया आरोप, प्रधानमंत्री मोदी की सराहना

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची सामने आते ही मैनपुरी में पार्टी के नेता और उद्योगपति मनोज यादव ने पार्टी छोड़ने का एलान कर दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के करीबी माने जाने वाले आरसीएल ग्रुप के चेयरमैन मनोज यादव ने मंगलवार को सपा से इस्तीफा दे दिया।

मनोज यादव ने पार्टी छोड़ते वक्त कहा कि सपा में पारिवारिक कलह अधिक है। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय स्तर पर नेताओं द्वारा एक दूसरे की टांग खींचने का आरोप लगाया है। मनोज ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। बिना किसी पक्षपात के काम किया जा रहा है। मनोज ने अभी खुलासा नहीं किया कि वे भाजपा में जाएंगे या नहीं। इससे पहले मंगलवार को ही पार्टी ने राज्य की 16 लोकसभा उम्मीदवारों की सूची में डिंपल यादव को मैनपुरी सीट पर उम्मीदवार घोषित किया है।

जीविकोपार्जन के लिए सहकारी समिति ने कार्य आवंटित किए जाने की मांग की

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। एनटीपीसी से प्रभावित परिवारों ने जीविकोपार्जन के लिए सहकारी समिति द्वारा कार्य आवंटित किए जाने की मांग की है। पीड़ितों ने पूर्व लोकसभा उम्मीदवार व भाजपा नेता अजय अग्रवाल को अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा है। गौरतलब हो कि ऊंचाहार परियोजना के स्थापना के समय बड़ी संख्या में किसानों की जमीन अधिग्रहीत की गई थी। शेष परिवारों को जीविकोपार्जन के लिए परियोजना द्वारा ठेकेदारी का काम दिया जाता रहा है। ऊंचाहार परियोजना को जब एनटीपीसी ने अधिग्रहण किया तब से कई परिवार कुछ न कुछ रोजगार पाते रहे हैं। प्रभावित परिवारों का आरोप है कि समय समय पर एनटीपीसी द्वारा कार्य आवंटन के लिए विभिन्न शर्तें लागू की जाती है, जिसका इन प्रभावित लोगों ने पूरा किया।

भाजपा नेता अजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

यूपी में सड़क हादसों में प्रतिदिन 65 लोग गंवाते हैं जान

वर्ष 2022 की तुलना में जनवरी से दिसंबर 2023 तक हादसों में 6.7 प्रतिशत का इजाफा

नीरज मिश्र, लखनऊ

» हादसों से मौतों में 4.7 फीसद की बढ़ोतरी की गई दर्ज

अमृत विचार : लोगों को यातायात नियम समझाते-समझाते करीब एक दशक पूरा होने को है। लेकिन न तो दुर्घटनाओं का ग्राफ कम हुआ और न ही मौतों की संख्या में गिरावट आई।

जागरूकता कार्यक्रमों की बाढ़ भी बीते दस वर्षों में आंकड़ा घटा पाने में नाकाम रही। परिवहन, यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत तमाम एजेंसियों के समग्र प्रयास के दावे धरातल पर अपना असर नहीं छोड़ पा रहे हैं। साल 2023 के दौरान प्रदेश में जो हादसों और उनसे होने वाली मौतों का ग्राफ सामने आया है, वह चौंकाने वाला है। प्रदेश में बीते साल (2023) 23,652 लोगों की मौत हुई है। यानी प्रतिदिन 64.8 लोगों की जान सड़क हादसों में गई है। दुर्घटनाओं की संख्या में वर्ष 2022 की तुलना में इस साल 6.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं दुर्घटनाओं से हुई मौतों में 4.7 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

विंग के प्रयास : वर्ष 2015 में सरकार ने रोड सेफ्टी विंग की स्थापना की थी। इसमें यातायात, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण, एनएचआई समेत कई विभागों को शामिल किया गया था। इस पूरी विंग को अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में खामियां दूर कर समग्र प्रयास करना था।

भारी वाहनों के लिए अलग लेन

अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी ने बताया कि निश्चित तौर पर साल 2023 के हादसे चौंकाने वाले हैं। हर स्तर पर विधिवत मॉनीटरिंग जारी है। विभागों की जवाबदेही तय की गई है। आगरा, यमुना समेत विभिन्न एक्सप्रेस-वे पर सख्त प्रवर्तन के निर्देश भी दिए गए हैं। एक्सप्रेस-वे से संबंधित सभी जिम्मेदार एजेंसियों को सचेत किया गया है कि वे अपनी परिधि में लगातार वाहनों से पेट्रोलिंग करें। देखने में आता है कि इन सभी हाइवे पर बड़े वाहन खड़े रहते हैं। भारी वाहनों के लिए एक लेन सुनिश्चित कराने के लिए उच्च स्तरीय वार्ता कर एक अलग लेन तैयार कराई जाएगी।

4-ई कांसेप्ट से आएगा सुधार

- **इंजीनियरिंग**-लोनिवि समेत विभिन्न एजेंसियां सड़क की खामियां दूर कर ब्लैक स्पॉट में सुधार, जागरूकता बोर्ड लगाना।
- **एजूकेशन**-स्कूलों में यातायात नियमों को पाठ्यक्रम में शामिल करा ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना।
- **इमरजेंसी केयर**-हाइवे पर ट्रॉमा सेंटर बनाए जाने, दुर्घटना के बाद गोल्डेन आवर्स में घायल को समय से अस्पताल पहुंचाना और गुड सेमेस्टर तैयार करना।
- **इन्फोर्समेंट (प्रवर्तन)**- ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वाले वाहनस्वामियों पर ठोस कार्रवाई करना। जुर्माना दरें बढ़ाई गई।

जनवरी से दिसंबर तक के आंकड़े

वर्ष	दुर्घटनाएं	मौत	घायल
2022	41,746	22,595	28,541
2023	44,534	23,652	31,098

आठ साल से फरार कैदी को दिल्ली पुलिस ने लुधियाना से पकड़ा

सलोन, रायबरेली

अमृत विचार । डेढ़ लाख के इनामिया सजायाफ्ता कैदी को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने लुधियाना से गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के मामले में पैरोल पर रिहा होने के बाद अभियुक्त आठ वर्ष पूर्व पत्नी समेत फरार हो गया था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की सूचना पर पहुंची सलोन पुलिस ने तिहाड़ जेल से अभियुक्त की रिमांड लेकर बुधवार को उसे जेल भेज दिया है।

सलोन कोतवाली क्षेत्र के सूची चौकी अंतर्गत ग्राम पूरे बेलखरिया मजरे सूची निवासी दिनेश कुमार सिंह पुत्र सूर्य भान सिंह लगभग 17 वर्ष पहले 28 अगस्त 2006 को अपने पट्टीदार जगन्नाथ सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसमें अदालत ने दिनेश कुमार सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी। इसके बाद क़ैदी दिनेश कुमार सिंह ने हाईकोर्ट में अपनी पत्नी सीमा सिंह के तबियत खराब होने की अर्जी दी थी। जिस पर हाईकोर्ट ने 3 अगस्त 2016 के प्रथम सप्ताह में दो माह के पेरोल पर क़ैदी को पत्नी की देखरेख के लिये घर भेजने की अनुमति प्रदान कर तीन अक्टूबर को पुनः हाजिर होने का फरमान सुनाया था। लेकिन पैरोल समाप्त होने के तीन दिन पूर्व 30 सितम्बर को दिनेश कुमार अपनी पत्नी के साथ फरार हो गया था। वही कैदी दिनेश कुमार की तलाश और गिरफ्तारी के लिए न्यायालय ने पूर्व में वारंट भी जारी किया था। रायबरेली पुलिस की तरफ से उसके ऊपर डेढ़ लाख का इनाम घोषित किया गया था। सलोन कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि 26 जनवरी 2024 को दिल्ली की स्पेशल सेल की पुलिस ने कैदी दिनेश सिंह को लुधियाना से गिरफ्तार किया।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1160 डीएमओ 840।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800।

बजट 2024 से पहले बाजार हुआ गुलजार

शेयरों में तेजी के चलते सेंसेक्स 612 अंक चढ़ा और निफ्टी भी 21700 के पार पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

बजट से पहले स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 612 अंक चढ़ गया। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार लाभ में रहा। निवेशकों की नजर अब बृहस्पतिवार को पेश होने वाले अंतरिम बजट और नीतिगत दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के निर्णय पर होगी। इससे बाजार को दिशा मिलेगी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 711.49 अंक तक उछला था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 203.60 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,725.70 अंक पर बंद हुआ।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा-निफ्टी की शुरुआत कमजोर रही। लेकिन बाद में इसमें तेजी आई और यह 204 अंक चढ़कर 21,726 अंक के स्तर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को लेकर टिप्पणी की प्रतीक्षा है। घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की नजर बजट पर होगी। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट सर्वाधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, लार्सन एंड टुब्रो का शेयर चार प्रतिशत से अधिक नीचे आया। दिसंबर तिमाही का परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी का शेयर नीचे आया। इसके अलावा, टाइटन में भी गिरावट रही।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-अंतरिम बजट से पहले बाजार में एक सकारात्मक धारणा बनती दिखी। हालांकि, बजट को लेकर उम्मीदें कम हैं लेकिन बाजार को कर राजस्व अधिक होने से राजकोषीय घाटा कम रहने की उम्मीद है। कहा-कुल मिलाकर बाजार में रुख उतार-चढ़ाव वाला है। इस समय गिरावट पर लिवाली की रणनीति उपयुक्त है।

निवेशकों की संपत्ति 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति बुधवार को 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,58,130.52 करोड़ रुपये बढ़कर 3,79,78,375.88 करोड़ रुपये पहुंच गया।

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 14 महीने के निचले स्तर पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

दिसंबर, 2023 में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि धीमी होकर 14 महीने के निचले स्तर 3.8 प्रतिशत पर आ गई है। एक साल पहले इसी अवधि में बुनियादी उद्योग का उत्पादन 8.3 प्रतिशत बढ़ा था। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इस दौरान कच्चा तेल, बिजली, इस्पात और सीमेंट क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा।

आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। इनकी वृद्धि नवंबर में 7.9 प्रतिशत थी। दिसंबर, 2023 से निचला स्तर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-

▸▸ सरकारी आंकड़े के मुताबिक दिसंबर में 3.8 प्रतिशत पर

दिसंबर के दौरान इन आठ क्षेत्रों की वृद्धि सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत पर स्थिर रही है। दिसंबर, 2023 के दौरान कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली का उत्पादन बढ़ने की रफ्तार घट गई। समीक्षाधीन महीने में केवल प्राकृतिक गैस का उत्पादन सालाना आधार पर अधिक रहा। यह उद्योग दिसंबर, 2022 के 2.6 प्रतिशत के मुकाबले दिसंबर, 2023 में 6.6 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल दिसंबर में कच्चे तेल का उत्पादन एक प्रतिशत घट गया। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योग औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 55 प्रतिशत

केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर, 2023 के अंत में 9.82 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो वार्षिक बजट अनुमान का 55 प्रतिशत है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल इसी अवधि में राजकोषीय घाटा 2022-23 के बजट अनुमान का 59.8 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार का राजकोषीय घाटा 17.86 लाख करोड़ रुपये या जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,450
गिन्नी (प्रति नग)	48,000-48,200
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,900
सोना जेवरात गिन्नी	62,900
चांदी पक्की	730 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,050
चांदी आभूषण	73,700।

चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर 330.5 लाख टन रहने का अनुमान

नई दिल्ली। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने कहा है कि देश का कुल चीनी उत्पादन सितंबर में समाप्त होने वाले मौजूदा विपणन वर्ष में 10 प्रतिशत घटकर 330.5 लाख टन रहने का अनुमान है। इसमें एथनॉल के स्थानांतरित चीनी भी शामिल है। महाराष्ट्र और कर्नाटक में कम उत्पादन की वजह से कुल उत्पादन नीचे आने का अनुमान है। इस्मा ने अक्टूबर-सितंबर के लिए चीनी उत्पादन का अपना दूसरा अग्रिम अनुमान जारी किया। उद्योग निकाय ने विपणन वर्ष 2023-24 में कुल अनुमानित चीनी उत्पादन लगभग 330.5 लाख टन रहने का अनुमान लगाया है।

देश के केंद्रीय बजट 2024 से एमएसएमई को है काफी उम्मीदें

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट ने देश के केंद्रीय बजट 2024 में वर्तमान अर्थव्यवस्था की बदलती जरूरतों को देखते हुए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) पर रणनीतिक फोकस रखे जाने की अपील की है।

संगठन ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अनुसार, एमएसएमई क्षेत्र, कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार पैदा करने वाला क्षेत्र है, जिसने 1 जुलाई, 2020 और 1 अगस्त, 2023 के बीच 12,36,15,681 व्यक्तियों को रोजगार देने का आंकड़ा है।

▸▸ संगठन ने कहा-सबसे बड़ा रोजगार पैदा करने वाला है क्षेत्र

महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने विविध योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं के तहत ऋण सहायता, नए उद्यम विकास, फॉर्मलाइजेशन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, कौशल विकास और बाजार सहायता जैसे मुद्दों को कवर किया गया है। 11 जनवरी, 2023 को लॉन्च किया गया उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म भी अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों को औपचारिक दायरे में लाने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है।

जीएसटी संग्रह 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि जनवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह किसी महीने में अब तक का दूसरा बड़ा संग्रह है। चालू वित्त वर्ष में तीन महीने ऐसे रहे, जब संग्रह 1.70 लाख करोड़ रुपये या उससे अधिक रहा। वित्त मंत्रालय ने कहा-जनवरी 2024 में (31-01-2024 की शाम पांच बजे तक) जमा सकल जीएसटी राजस्व 1,72,129 करोड़ रुपये है, जो जनवरी 2023 में एकत्रित 1,55,922 करोड़ रुपये के राजस्व से 10.4 प्रतिशत अधिक है।

ईटीएफ निकासी से 2023 में सोने की वैश्विक मांग पांच प्रतिशत गिरी

मुंबई, एजेंसी

एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) से निकासी जारी रहने से सोने की वैश्विक मांग वर्ष 2023 में एक साल पहले की तुलना में पांच प्रतिशत घटकर 4,448.4 टन रह गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

डब्ल्यूजीसी की सोने की मांग के रुझान पर रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2022 में सोने की कुल वैश्विक मांग 4,699 टन थी। रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक स्वर्ण ईटीएफ में लगातार तीसरी बार वार्षिक निकासी

▸▸ डब्ल्यूजीसी की एक रिपोर्ट से हुआ खुलासा

देखी गई। पिछले साल 244.4 टन ईटीएफ की निकासी हुई, जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा 109.5 टन रहा था। सबसे अधिक नुकसान यूरोप में हुआ, जहां होल्डिंग में 180 टन की कमी आई। यह वर्ष 2013 के बाद का सबसे खराब वार्षिक प्रदर्शन है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल के अंत में ईटीएफ निकासी की गति काफी धीमी हो गई, लेकिन अक्टूबर में हुई भारी निकासी का अक्टूबर-दिसंबर तिमाही पर दबदबा रहा।

राष्ट्रीय

एक नजर

खुदाई के दौरान मिट्टी ढही, दो लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के फूलबाग थाना क्षेत्र में बुधवार को एक निजी कंपनी में सेफ्टी टैंक की खुदाई के दौरान मिट्टी ढह जाने की घटना में इसमें दबने से दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा भिवाड़ी के औद्योगिक क्षेत्र में प्रयाग पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में उस समय हुआ जब दोनों मजदूर 10 फीट गहरे गड्ढे में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मृत मजदूरों की पहचान मध्यप्रदेश के रहने वाले रामकिशन (25) और वंदना (25) के रूप में की गई है।

शिवसेना विधायक अनिल बाबर का निधन

मुंबई। शिवसेना विधायक अनिल बाबर का बीमारी के कारण बुधवार तड़के महाराष्ट्र के सांगली जिले में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाबर ने सांगली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बाबर के निधन पर दुख व्यक्त किया और कहा कि बाबर के निधन से उन्होंने एक मार्गदर्शक एवं करीबी सहयोगी और राज्य के लोगों ने एक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि खो दिया है। बाबर महाराष्ट्र के सांगली जिले के खानापूर-अटपाडी से विधायक थे।

सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना के मामले में एक वकील को दोषी ठहराते हुई की टिप्पणी

गरिमा बनाए रखें न्यायिक अधिकारी: शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने 2006 के आपराधिक अवमानना के मामले में एक वकील को दोषी ठहराते हुए कहा है कि न्यायिक अधिकारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने और उन्हें प्रायोजित और निराधार आरोपों से बचाने की जरूरत है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पी. श्रीनरसिम्हा की पीठ ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने वकील के माफीनामे को खारिज करने का सही फैसला किया क्योंकि इसमें निष्कपटता का अभाव था। पीठ ने कहा कि माफीनामा देर से दायर किया गया और यह केवल एक दिखावटी कदम था। उनकी उम्र और कई बीमारियों से पीड़ित होने की बात पर गौर करते हुए उच्च न्यायालय द्वारा वकील को दी गई सजा को तीन महीने के कारावास से बदलकर अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक कर दिया गया।

वकील गुलशन बाजवा ने 17 अगस्त, 2006 को एक मुवक्किल के लिए एक मामले में पेश होने के दौरान उच्च न्यायालय की पीठ के समक्ष एक वकील को कथित तौर पर धमकी दी थी। जब उन्हें नोटिस जारी किया गया तो वह पेश नहीं हुए। इसके बाद बाजवा ने इसी मामले में अर्जी दाखिल कर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर आरोप लगाए। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने अपने एक आदेश में कहा कि हम न्यायिक अधिकारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने और उन्हें प्रायोजित और निराधार आरोपों से बचाने की आवश्यकता पर उच्च न्यायालय के फैसले से पूरी तरह सहमत हैं।

शीर्ष अदालत वर्तमान में दिल्ली उच्च न्यायालय के 2006 के उस फैसले के खिलाफ बाजवा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्हें अदालत की अवमानना के लिए तीन महीने कैद की सजा सुनाई गई थी। उच्चतम न्या या लय की पीठ ने कहा कि हालांकि, अपीलकर्ता की उम्र और उनकी इस दलील को ध्यान में रखते हुए कि वह कुछ बीमारियों से पीड़ित है, हम उच्च न्यायालय द्वारा दी गई सजा को तीन महीने के कारावास से बदलकर अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक करते हैं।

दोषसिद्धि के आदेश में दखल की कोई जरूरत नहीं

शीर्ष अदालत ने कहा-उच्च न्यायालय ने वकील के व्यवहार में एक पैटर्न देखा। उन्हें उस पीठ के साथ दुर्व्यवहार करने की आदत है, जो उनसे सहमत नहीं है। अदालत ने कहा, अपीलकर्ता के खिलाफ दोषसिद्धि के आदेश में दखल की कोई जरूरत नहीं है।

संजय सिंह जेल से नहीं आए संसद, तीन सदस्यों ने ली शपथ

नई दिल्ली, अमृत विचार: संसद के बजट सत्र के पहले दिन राज्यसभा में तीन सदस्यों को शपथ दिलाई गई। न्यायिक हिरासत में चल रहे संजय सिंह शपथ नहीं ले सके।

चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति सतनाम सिंह संधू को राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था और दिल्ली विधानसभा से तीन सदस्य नारायण देव गुप्ता, संजय सिंह एवं महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को निरोध निर्विरोध चुना गया है। इनमें नारायण देव गुप्ता एवं संजय सिंह को दूसरी बार चुना गया है जबकि स्वाति पालीवाल पूर्व सदस्य सुशील गुप्ता का स्थान पर आई हैं। संजय सिंह को छोड़ सभी तीनों सदस्यों को सभापति द्वारा शपथ दिलाई गई। माना जा रहा है कि संजय सिंह बाद में शपथ लेने जेल से आएंगे।

अंतरिम बजट आज, 146 सांसदों का निलंबन वापस

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार : बजट सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन अंतरिम बजट पेश करेंगी। इससे पहले बुधवार को उन सभी 146 सांसदों का निलंबन वापस ले लिया गया, जिन्हें शीतकालीन सत्र में बारी-बारी से निलंबित किया गया था। अंतरिम बजट को चुनावी दृष्टि से लोकलु भवन होने की संभावना है और रेलवे को 20 प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि मिल सकती है।

संभावना है कि चुनावी वर्ष होने के कारण इस बार का बजट लोक लुभावना होगा और आम जनता से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं का ऐलान होगा। रेलवे को भी पिछले बजट की तुलना में 20 प्रतिशत ज्यादा फंड आवंटित होगा।

9 फरवरी तक चलने वाले बजट सत्र को लेकर केंद्रीय संसदीय मंत्री

▸▸ रेलवे के बजट में हो सकती है 20 प्रतिशत की वृद्धि

प्रहलाद जोशी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, जनता दल (यू), तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, शिवसेना, तेलुगु देसम सहित कई दलों के नेताओं से सहयोग करने की अपील कर चुके हैं। बजट सत्र में सबसे ज्यादा निगाहें रेलवे पर टिकी है। कहा जा रहा है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 20 प्रतिशथ ज्यादा फंड दिया जाएगा। मगर किराए में किसी छूट की संभावना नहीं है। सूत्रों के मुताबिक रेलवे बोर्ड में बजट पूर्व हुई बैठक में इस विषय पर चर्चा हुई थी जिसमें कहा गया था कि हम रेल यात्रियों को वास्तविक किराए में 55 फीसद का अनुदान पहले से ही दे रहे हैं। वरिष्ठ नागरिकों सहित कुछ श्रेणियां के किराए में छूट का प्रावधान हो सकता है।

जम्मू कश्मीर में वाहन खाई में गिरा, सात की मौत

बारामूला। जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से सात यात्रियों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में उरी के बोनियार इलाके में एक यात्री वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (यातायात ग्रामीण-कश्मीर) रवींद्र पॉल सिंह ने बताया कि इस हादसे में सात लोगों की जान चली गयी जबकि सात अन्य घायल हो गये। उन्होंने बताया कि शव बरामद कर लिये गये हैं तथा कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को बारामूला के एक अस्पताल में ले जाया गया है।

दुष्कर्म के आरोपों पर एम्स के चिकित्सक तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक चिकित्सक को साथी महिला चिकित्सक को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में तलब किया और कहा कि मौजूद साक्ष्य मामले को आगे बढ़ाने के लिए 'प्रथम दृष्टया पर्याप्त' हैं।

मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट विजयश्री राठौड़ हौज खास थाने में डॉ. दीपक गुप्ता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धाराओं 376 (बलात्कार), 377 (अप्राकृतिक अपराध), 313 (महिला की सहमति के बिना गर्भपात कराना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत दर्ज मामले की सुनवाई कर रही थीं। मजिस्ट्रेट ने कहा-मैंने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173 के तहत चालान और दर्ज बयान व साक्ष्यों को देखा है और प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि ये सभी चीजें मामले को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त हैं। उन्होंने 23 जनवरी को एक आदेश में कहा-सभी चीजों को देखते हुए मैंने आरोपी के खिलाफ भादंसं की धाराओं के अंतर्गत अपराध पर संज्ञान लिया है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सुपरटेक समूह प्रमुख आर के अरोड़ा की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को रियल्टी प्रमुख सुपरटेक समूह के अध्यक्ष और प्रवर्तक आर. के. अरोड़ा की उस याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने धनशोधन मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार करने के आदेश को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने ईडी को नोटिस जारी किया और मामले को 21 फरवरी को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। अरोड़ा ने 24 जनवरी के निचली अदालत के आदेश को रद्द करने की मांग की है, जिसने उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उनके वकील ने अदालत की अर्जी पर विचार करने का आग्रह करते हुए कहा कि वह पिछले छह महीने से हिरासत में हैं।

जातीय जनगणना को लेकर झूठा श्रेय ले रहे राहुल

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का यह दावा 'बेतुका' है कि राज्य में जाति-आधारित सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया था। राज्य के महागठबंधन से अलग होकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में लौटने के तीन दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में जनता दल यूनाइटेड (जद यू) अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि विपक्षी गठबंधन को दिया गया नाम 'इंडिया' उन्हें पसंद नहीं था। बिहार के महागठबंधन में कांग्रेस भी एक घटक है।

कुमार ने कहा-उनका (राहुल) दावा बेतुका है कि राज्य में जातिगत

▸▸ राहुल गांधी के बयान पर नीतीश ने किया पलटवार

सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया था। हर कोई जानता है कि पहल केवल मैंने ही की थी। अब लोग श्रेय ले रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत मंगलवार को पूर्णिया में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया था कि 'महागठबंधन' के सहयोगियों के दबाव में जाति-आधारित सर्वेक्षण के बाद नीतीश खुद को घिरा हुआ महसूस कर रहे थे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक तरह से उन्हें राहत दे दी। विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निधाना साधते हुए कुमार ने कहा-वे लोग (घटक दल) कुछ नहीं कर रहे थे... सीट बंटवारे पर भी कोई चर्चा नहीं हो रही थी। सच कहूं तो, इस गठबंधन को दिया गया नाम (इंडिया) मुझे बिल्कुल पंसद नहीं था। उन्होंने स्वयं निर्णय लिया। अब, मैं यहां (राजग) वापस आ गया हूं। अब कहीं और जाने का सवाल नहीं उठता है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के सवाल पर जदू (यू) प्रमुख ने कहा-जांच एजेंसी अपना काम कर रही है।

केरल की अदालत ने तिहरे हत्याकांड के दोषी को सुनाई मौत की सजा

कोच्चि। केरल की एक अदालत ने संपत्ति विवाद को लेकर अपने भाई भाभी और भतीजी की हत्या के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए बुधवार को मौत की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) बिंदु पी.ए. ने संवाददाताओं को बताया कि अतिरिक्त जिला अदालत (महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अत्याचार और यौन हिंसा के मामलों के लिए) ने आरोपी को अपने सबसे बड़े भाई की बेटी (घटना के समय 33 साल उम्र) की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई। एसपीपी ने कहा कि धारदार हथियार से महिला पर 35 बार हमला किया गया था जो अपराध की नृशंता को प्रदर्शित करता है।

आप की अर्जी पर चंडीगढ़ प्रशासन, नगर निगम से जवाब-तलब

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने महापौर का नए सिरे से चुनाव कराने की आम आदमी पार्टी (आप) की अर्जी पर बुधवार को कोई राहत देने से इनकार कर दिया तथा चंडीगढ़ प्रशासन एवं नगर निगम से तीन हफ्ते में जवाब मांगा।

आम आदमी पार्टी ने मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय से मंगलवार के चुनाव को खारिज करने तथा उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में नए सिरे से महापौर का चुनाव कराने का अनुरोध किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कल आश्चर्यजनक ढंग से कांग्रेस-आम

महापौर का चुनाव

▸▸ हाईकोर्ट ने जवाब देने के लिए तीन हफ्ते का दिया समय



आदमी पार्टी (आप) गठबंधन को हराते हुए चंडीगढ़ महापौर चुनाव में सभी तीन शीर्ष पद जीत लिए। इस गठबंधन ने पीठासीन अधिकारी द्वारा मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ किये जाने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह और न्यायमूर्ति हर्ष बुंगेर की खंडपीठ ने बुधवार को चंडीगढ़ प्रशासन, चंडीगढ़ नगर निगम, पीठासीन अधिकारी अनिल मसिह, नवनिर्वाचित महापौर मनोज सोनकर एवं अन्य को नोटिस जारी कर उनसे तीन हफ्ते में जवाब मांगा। इस मामले में अगली सुनवाई 26 फरवरी को होगी।

आप पार्षद एवं महापौर पद के लिए प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने चंडीगढ़ नगर निगम और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ प्रशासन एवं अन्य के खिलाफ याचिका दायर की है। सुनवाई के बाद पत्रकारों से बात करते हुए चंडीगढ़ प्रशासन के वकील अनिल मेहता ने कहा कि अदालत ने याचिकाकर्ता को कोई अंतरिम राहत नहीं दी। मेहता ने कहा-हमें जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का वक्त दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि याचिका की पोषणीयता से जुड़ा मुद्दा अब भी लंबित है। याचिकाकर्ता के वकील गुरमिंदर सिंह ने कहा कि अदालत ने नोटिस जारी किया तथा प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते दिए।

गुरमिंदर सिंह ने कहा कि हमारे अनुरोध का दायरा था कि महापौर चुनाव परिणाम खारिज किया जाए तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जाएं। सिंह पंजाब के महाधिवक्ता भी हैं। अपनी अर्जी में याचिकाकर्ता ने अदालत से उच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराये जाने का निर्देश देने का अनुरोध किया है ताकि कोई कदाचार न हो।

एक नजर

उत्तर कोरिया ने लंबी दूरी की मिसाइलों का किया परीक्षण

सियोल। उत्तर कोरिया ने बुधवार को कहा कि उसने अपनी जवाबी और रणनीतिक हमले की क्षमताओं को बढ़ाने के मकसद से लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया और जापान पर रणनीतिक दबाव बनाने के लिए उत्तर कोरिया का यह नवीनतम परीक्षण है। दक्षिण कोरिया की सेना ने पश्चिमी तटीय क्षेत्र में उत्तर कोरिया की ओर से कई क्रूज मिसाइलें दागने का पता लगाया था, इसके एक दिन बाद ही उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया में यह खबर आई। उत्तर कोरिया की ओर से इस माह यह तीसरा प्रक्षेपण है।

रूस ने यूक्रेन के साथ की 195 युद्धबंदियों की अदला-बदली

कीव। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूस और यूक्रेन ने 195-195 युद्धबंदियों की अदला-बदली की है। मंत्रालय ने बताया कि यह अदला-बदली बुधवार को की गई। इस घोषणा से एक सप्ताह पहले रूस ने आरोप लगाया था कि यूक्रेनी बलों ने यूक्रेनी युद्धबंदियों को ले जा रहे सेना के एक परिवहन विमान को मार गिराया। इन युद्धबंदियों की रूस के युद्धबंदियों से अदला-बदली की जानी थी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सीमा पार से दागी गईं मिसाइलों ने 24 जनवरी को रूस के बेलगोरोद क्षेत्र में विमान को मार गिराया। यूक्रेन की सीमा से लगते बेलगोरोद में स्थानीय प्राधिकारियों ने बताया था कि इस घटना में विमान में सवार सभी 74 लोगों की मौत हो गई जिसमें चालक दल के छह सदस्य और रूस के तीन सैनिक शामिल थे।

होमलैंड सिक्योरिटी ने मयोरकास के खिलाफ किया वोट

वाशिंगटन। अमेरिकी हाउस रिपब्लिकन की होमलैंड सिक्योरिटी कमेटी ने कानून का पालन करने से जानबूझकर और प्रणालीगत इनकार करने और मैक्सिको सटी सीमा से होने वाले अवैध अप्रवास मामले से निपटने में सार्वजनिक विश्वास के उल्लंघन के लिए होमलैंड सिक्योरिटी सचिव एलेजांद्रो मायोरकास पर महाभियोग चलाने के लिए सफलतापूर्वक मतदान किया। कमेटी के चेयरमैन मार्क ग्रीन ने टिप्पणी करते हुए कहा कि मायोरकास ने जानबूझकर और व्यवस्थित रूप से कांग्रेस द्वारा पारित कानूनों का पालन करने से इनकार कर दिया है और कांग्रेस तथा अमेरिकी जनता के विश्वास को तोड़ा है।

मंगोलिया में गैस टैंक विस्फोट में मरने वालों हुई पांच

उलानबटोर। मंगोलिया में हाल ही में हुए गैस टैंक विस्फोट में बुधवार को एक और व्यक्ति की मौत के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई। नेशनल ट्रॉमा एंड ऑर्थोपेडिक रिसर्च सेंटर के मुताबिक विस्फोट के कारण शरीर का 90-95 प्रतिशत से अधिक जल जाने के कारण अस्पताल में भर्ती एक नागरिक की अस्पताल में मौत हो गई। केंद्र ने एक बयान में कहा कि कथित तौर पर 60 टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस ले जा रहे एक टैंकर में पिछले सप्ताह एक वाहन दुर्घटना के कारण राजधानी के दक्षिण-पूर्वी जिले बायनजुरख में एक चौराहे पर विस्फोट हो गया। विस्फोट के दौरान 10 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है।

पर्ड्यू विवि के छात्र की मौत में कुछ भी संदेहास्पद नहीं

वाशिंगटन। अमेरिका के पर्ड्यू विश्वविद्यालय हवाई अड्डे के नजदीक मिले भारतीय मूल के छात्र नील आचार्य के शव पर फॉरेंसिक विशेषज्ञों को चोट का कोई निशान नहीं मिला है और न ही मामले में किसी अनहोनी की आशंका है। मृत्यु समीक्षक (कॉरनोर) कार्यालय ने यह जानकारी दी।

▸▸ **रविवार को हवाई अड्डे के नजदीक मिला था नील आचार्य का शव**

आचार्य का शव रविवार को हवाई अड्डे के नजदीक मिला था और पुलिस को पूरे प्रकरण की जांच के लिए सूचित किया गया था। द लफायेट्टे जर्नल एंड कुरियर अखबार ने खबर दी कि सोमवार के पोस्टमॉर्टम के बाद भी आचार्य की मौत पहेली बनी हुई है। टिप्पेकैनोई काउंटी के मृत्यु समीक्षक कैरी कॉस्टेलो ने कहा कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों को आचार्य के शव पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि मौत के पीछे किसी अनहोनी की आशंका नहीं है। मौत के प्राथमिक कारणों की जानकारी विषविज्ञान जांच के नतीजे से मिलेगी जिसकी रिपोर्ट आने में छह सप्ताह का समय लगेगा।

नासा ने खोजा छह ग्रहों का दुर्लभ संसार

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ग्रहों की हमारी अपनी दुनिया के अलावा और भी अनेकों संसार हैं, जो अनोखे ही नही दुर्लभ भी हैं। नासा ने हाल ही में छः ग्रहों वाले सौर परिवार की खोज की है। इस खोज को दुर्लभ खोज माना जा रहा है, जहां भविष्य में जीवन की संभावना जताई जा रही हैं।

यह खोज अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की टीइएसएस टेलीस्कोप द्वारा हुई है। इस सौर मंडल का सूर्य अभी युवा है। खास बात यह है कि इसका व्यवहार बिल्कुल बच्चों जैसा है, जो अठखेलियां करता प्रतीत होता है। इसका नाम टीओआई-1136 दिया गया है। नासा का मानना है कि यह ग्रह प्रणाली ग्रहों के निर्माण से संबंधित जरूरी जानकारी प्रदान कर सकती है साथ ही तारे के चारों ओर ग्रह कैसे बनते और विकसित होने की जानकारी दे सकते हैं। बड़ी बात यह है कि खगोलविदों को 4 अरब साल पहले की हमारे ब्रह्मांडीय विकास की जानकारी मिल सकती है। यह सौर मंडल पृथ्वी से लगभग 270 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में खगोल भौतिकी विजिटिंग प्रोफेसर तारा फेदरॉल्फ़ का कहना है कि नया सौर मंडल हमारे सौर मंडल के समान हो सकता है, जो हमें बहुत कुछ जानकारी दे सकता हैं। इस खोज के प्रारंभिक अध्ययन में कई दूरबीनों से अवलोकन किया गया। जिससे ग्रहों के द्रव्यमान, उनकी कक्षाओं के आकार और यहां तक कि उनके वायुमंडल की विशेषताओं का पता लगाया गया।



नासा द्वारा खोजे गए नए सौर परिवार की तस्वीर।

कई तरह की समानताएं हैं दोनों सौर मंडल के ग्रहों में

छह ग्रहों की यह दुनिया हमारे सौर मंडल के ग्रहों से मेल खाती हैं। एक ग्रह की चौड़ाई पृथ्वी से दोगुनी है, जबकि इसके अन्य ग्रह हमारे ग्रह के आकार से चार गुना बड़े हैं। साथ ही बर्फ के ग्रह हमारे यूरेनस और नेपच्यून के आकार के बराबर हैं। इसके ग्रह 88 पृथ्वी दिनों से भी कम समय में एक चक्कर पूरा करते हैं। इससे पता चलता है कि इस सौर मंडल के ग्रह अपने तारे के बेहद नजदीक मौजूद हैं।

मलेशिया के 17वें राजा के रूप में इब्राहिम ने ली शपथ

कुआलालंपुर। मलेशिया के जोहोर राज्य पर शासन करने वाले अरबपति सुल्तान ने क्रमगत बदलाव वाली राजशाही व्यवस्था के तहत देश के 17वें राजा के रूप में शपथ ली।

सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर (65) ने महल में पद की शपथ ली। उन्होंने अन्य शाही परिवारों, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और कैबिनेट सदस्यों की मौजूदगी में एक समारोह में शपथ से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज पर हस्ताक्षर किये। बाद में राज्याभिषेक समारोह आयोजित किया जाएगा। देश के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक, सुल्तान इब्राहिम के पास रियल एस्टेट से लेकर दूरसंचार और बिजली संयंत्रों तक एक व्यापक व्यापारिक साम्राज्य है।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी को 14 साल की जेल

तोशाखाना भ्रष्टाचार मामला: सरकारी पद पर रहने से 10 साल तक के लिए प्रतिबंधित

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में बुधवार को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई। एक दिन पहले ही मंगलवार को सरकारी गोपनीयता अधिनियम उल्लंघन मामले में एक विशेष अदालत ने खान (71) को 10 साल जेल की सजा सुनाई थी।

नई सजा सुनाए जाने से आम चुनाव से सत्ता में लौटने की उनकी कोशिश को एक और झटका लगा है। जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद बशीर ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में रावलपिंडी की अडियाला जेल में सुनवाई की। अदालत ने अपने फैसले में दोनों पर 10 साल तक किसी भी सरकारी पद पर रहने से प्रतिबंध लगाया है और प्रत्येक पर 78.70-78.70 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। बुशरा बीबी बुधवार को अदालत में पेश नहीं हुईं। सुनवाई की शुरुआत में न्यायाधीश बशीर ने खान से पूछा कि क्या उन्होंने अपने बयान दर्ज कराए हैं। इस पर पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके वकील के आने के बाद वह बयान दर्ज कराएंगे। खान ने कहा कि मुझे धोखा दिया गया है, मुझे केवल सुनवाई के लिए उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। दोषी ठहराए जाने के बाद बुशरा बीबी अडियाला जेल पहुंचीं और उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। मामले में न्यायाधीश ने जुलाई 2018 में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को भी दोषी ठहराया था।

सजा सुनाते समय अदालत ने धोखा दिया: इमरान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को जवाबदेही अदालत पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई में केवल उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था लेकिन इसके बजाय उन्हें और उनकी पत्नी को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई। तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में खान पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मिले महंगे सरकारी उपहारों को अपने पास रखने का आरोप है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक ने कहा कि मुझे धोखा दिया गया है क्योंकि मुझे केवल सुनवाई में उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके वकील के आने के बाद वह अपना बयान दर्ज कराएंगे। पूर्व प्रधानमंत्री ने एक दिन पहले सिफर मामले में फैसले का जिक्र करते हुए कहा, आप जल्दी में क्यों हैं? कल भी,

जल्दबाजी में सजा सुनाई गई। उन्होंने कहा कि मेरे वकील अभी तक यहां नहीं आए हैं। जब वे आएंगे तो मैं उन्हें बताने के बाद बयान दर्ज कराऊंगा। खान ने कहा कि वह केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अदालत में उपस्थित हुए हैं। इस पर खान से कहा गया कि वह तुरंत अपना बयान दर्ज कराएं और अदालत का समय बर्बाद न करें। इसके बाद खान अदालत कक्ष से बाहर निकल गए, जिसके बाद अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी को उनकी अनुपस्थिति में सजा सुनाई। दोषी ठहराए जाने के बाद बुशरा बीबी अडियाला जेल पहुंचीं और उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया।

नामांकन खारिज करने को इमरान ने शीर्ष अदालत में दी चुनौती

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आठ फरवरी के आम चुनाव में पंजाब प्रांत में दो नेशनल असेम्बली सीट पर अपना नामांकन पत्र खारिज कर दिये जाने को बुधवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। प्रांत के लाहौर एवं मियांवाली जिलों में नेशनल असेम्बली की दो सीट पर पिछले महीने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सुप्रीमो खान के नामांकन पत्रों को 'नैतिक आधार पर एवं तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार दिये जाने के कारण' खारिज कर दिया गया था। खान ने नामांकन पत्रों को खारिज किये जाने के खिलाफ इस माह के प्रारंभ में लाहौर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय ने निर्वाचन अधिकारी एवं अपीलीय न्यायाधिकरण के फैसलों को सही करार देते हुए खान की याचिका खारिज कर दी थी। खान ने याचिका में शीर्ष अदालत से उन्हें दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के लिए पात्र घोषित करने की अपील की है। अर्जी में कहा गया है कि अनुच्छेद 63(1) (एच) के तहत अयोग्य घोषित करने की अधिसूचना अनुचित है।

अमेरिकी नौसेना ने लाल सागर में हुती की मिसाइल को मार गिराया

यरुशलम, एजेंसी

अमेरिकी नौसेना के विध्वसंक पोत ने लाल सागर में यमन के हुती विद्रोहियों द्वारा दागी गई पोत रोधी मिसाइल को सफलतापूर्वक मार गिराया। यह इस समुद्री मार्ग पर अमेरिकी गश्ती बल को निशाना बनाकर किया गया नवीनतम हमला है।

अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने बताया कि हमला मंगलवार देर रात आर्ले बर्क श्रेणी के निर्देशित मिसाइल विध्वंसक यूएसएस ग्रावैली को निशाना बनाकर किया गया। हालांकि, हमले में कोई हताहत नहीं हुआ और न ही किसी नुकसान की खबर है। हुती विद्रोहियों के एक सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने बुधवार सुबह जारी बयान में हमले की जिम्मेदारी लेते हुए इसे फिलिस्तीनी लोगों के उत्पीड़न के लिए जीत और देश के खिलाफ अमेरिकी-ब्रिटिश आक्रामकता की प्रतिक्रिया बताया।

हुती विद्रोही पूर्व में भी बढ़ा-चढ़ाकर दावा करते रहे हैं, जबकि उनकी मिसाइलें कभी-कभी जमीन पर नष्ट हो जाती हैं और अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहती हैं। हुती विद्रोहियों ने सोमवार को भी बिना किसी सबूत के दावा किया था कि उसने यूएसएस लुईस बी. पुलर को निशाना बनाया है। यह पोत नौसेना सील और अन्य के लिए तैरते आधार के तौर पर काम करता है। हालांकि, अमेरिका ने दावे को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कोई हमला नहीं हुआ। हुती विद्रोहियों ने शुक्रवार को भी व्यापारिक जहाज पर मिसाइलें दागी थी जिसकी वजह से आग लग गई थी।

17 फरवरी तक अभियान शुरू कर सकता है यूरोपीय संघ

मॉस्को। यूरोपीय संघ (ईयू) लाल सागर में व्यापारी जहाजों को हुती हमलों से बचाने के लिए 17 फरवरी को अभियान शुरू कर सकता है हालांकि उसके सभी सदस्य देश इसमें हिस्सा लेने के इच्छुक नहीं होंगे। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने बुधवार को यह जानकारी दी। बोरेल ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के रक्षा मंत्रियों की एक अनौपचारिक बैठक से पहले कहा कि लाल सागर में दु:खद सुरक्षा चुनौती, हुतियों के हमलों का सामना करने वाले लाल सागर में व्यापारी जहाजों को बचाने में भाग लेने के लिए यूरोपीय संघ के एक नए नौसेना मिशन का निर्माण, मुझे यकीन है कि निर्णय होगा। सभी सदस्य देश भाग लेने के इच्छुक नहीं होंगे, लेकिन मुझे आशा है कि कोई भी बाधा नहीं डालेगा।

हुती विद्रोहियों से निपटने के लिए पोत भेजन को तैयार ब्रिटेन

लंदन। ब्रिटेन हुती विद्रोहियों के मिसाइल और ड्रोन हमलों से जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लाल सागर में एक विमानवाहक पोत भेजने की तैयारी कर रहा है। द टेलीग्राफ अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रिटेन की नौसेना अमेरिका लौटने पर अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस इवाइट आइजनहावर को बदलने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट में बताया है कि ब्रिटेन के पास एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स और एचएमएस क्वीन एलिजाबेथ जैसे दो विमानवाहक पोत हैं, जिन्हें एफ-35 लड़ाकू विमान ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह भी कहा गया है कि यदि इस क्षेत्र में तैनात किया जाता है तो एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स अपना पहला लड़ाकू अभियान चलाएगा।

खान यूनिस के अल-अमल अस्पताल पर इजराइली सेना ने हमला किया

गाजा, एजेंसी

इजराइली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस के अल-अमल अस्पताल पर हमला किया। सरकारी फिलिस्तीन टीवी ने यह जानकारी दी है। फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने कहा कि इजराइली बलों ने मंगलवार को अस्पताल की बाहरी दीवार को ध्वस्त कर दिया और विस्थापित लोगों तथा चिकित्सा कर्मियों को परिसर तुरंत खाली करने के लिए कहा।

गौरतलब है कि पिछले दिनों में अस्पताल के आसपास तीव्र इजराइली गोलाबारी देखी गई थी, जिसके कारण कई लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। इसके साथ ही सैकड़ों फिलिस्तीनियों को क्षेत्र से विस्थापित होना पड़ा था। अल-अमल अस्पताल में खान यूनिस के विभिन्न क्षेत्रों में इजराइल की ओर से की जा रही गोलीबारी के कारण हजारों फिलिस्तीनियों ने शरण ली है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हालांकि इस रिपोर्ट का खंडन किया है। आईडीएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि अल-अमल अस्पताल पर कोई हमला नहीं हुआ है। इसमें प्रवेश नहीं हुआ है या बंदूक की नोक पर लोगों को छोड़ने का कोई आदेश नहीं दिया गया है। समिति ने कहा कि अस्पतालों के आसपास के इलाकों सहित घनी आबादी वाले शहरी इलाकों में चल रही शत्रुताएं सबसे कमजोर समूहों, जैसे चिकित्सा टीमों, मरीजों, घायलों, बच्चों, दिव्यांगों और बुजुर्गों के जीवन को खतरे में डालती हैं।

आज मिस्र जाएगा हमास का प्रतिनिधिमंडल

गाजा। हमास का एक प्रतिनिधिमंडल हाल ही में फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित बैठक के दौरान गाजा पट्टी में संघर्ष विराम पर रूपरेखा के समझौते पर चर्चा करने के लिए बुधवार को मिस्र का दौरा करेगा। फिलिस्तीनी सूत्रों ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल मिस्र की जनरल इंटेलिजेंस सर्विस के प्रमुख अब्बास कामेल के साथ राजधानी काहिरा में बैठक करेगा। मिस्र में होने वाली बैठक में पेरिस बैठक के नतीजों पर चर्चा होगी, जिसमें गाजा में युद्धविराम के लिए कई चरणों की रूपरेखा तैयार की गई थी। हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख इस्माइल हानियेह ने घोषणा की थी कि पेरिस बैठक में प्रस्ताव मिला है, जिसमें गाजा में हिंसा को रोकना और इजराइली जेलों से फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करना शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव पर हमारा रूख गाजा के खिलाफ इजराइली आक्रामकता को रोकने और गाजा पट्टी से सेना को वापस लेने पर आधारित होगी।

10 हजार भारतीय श्रमिक अगले सप्ताहसे पहुंचेंगे इजराइल

यरुशलम। निर्माण क्षेत्र में कामगारों की कमी का सामना कर रहे इजराइल में अगले सप्ताह से भारत से करीब 10,000 श्रमिक आएंगे। उद्योग सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इजराइल बिल्डर्स एसोसिएशन (आईबीए) के एक सूत्र ने बताया कि ये 10,000 श्रमिक प्रति सप्ताह 700 से 1,000 के जत्थे में पहुंचेंगे।

गाजा में हमास के साथ इजराइल के संघर्ष और फिलिस्तीनी श्रमिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध तथा कई हजार अन्य विदेशी श्रमिकों के प्रस्थान के साथ, इजराइली निर्माण उद्योग को गहरे संकट का सामना करना पड़ रहा है और कई परियोजनाएं अटक गई हैं या देरी का शिकार हो गई हैं। संघर्ष के बाद, इजराइल ने फिलिस्तीनी श्रमिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था। कई हजार अन्य विदेशी श्रमिकों के चले जाने से इजराइल के निर्माण उद्योग को गहरे संकट का सामना करना पड़ रहा है।

इजराइल के कारोबारी द कैलकलिस्ट ने पिछले हफ्ते हिब्रू में एक खबर में कहा कि निर्माण उद्योग के लिए विदेशी श्रमिकों का कोटा 30,000 से बढ़ाकर 50,000 कर दिया गया है और इजराइली सरकार ने पिछले महीने भारत से 10,000 श्रमिकों के आगमन को मंजूरी दी थी। आईबीए ने पुष्टि है की कि कैलकलिस्ट की खबर में विवरण सही थे। श्रमिकों के पहले जत्थे के आगमन पर कहा कि हमें उम्मीद है कि वे अगले सप्ताह आएंगे।

राजनयिकों ने देखा बीएपीएस मंदिर...

अबु धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन में अब एक महीने से कम का समय शेष है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारतीय राजदूत संजय सुधीर ने दुनियाभर के कई राजनयिकों की यहां मेजबानी की। वे सभी मंदिर की वस्तुकला और जटिल रूपांकनों को देखकर आश्चर्यचकित रह गए।

जापान के थर्मल पावर स्टेशन में विस्फोट, लगी आग

टोक्यो। जापान के मध्यवर्ती आइची प्रान्त में एक थर्मल पावर स्टेशन में बुधवार को विस्फोट हो गया, जिसके बाद घटनास्थल पर आग और काला धुआं उठता देखा गया। यह विस्फोट अपराह्न करीब तीन बजे हुआ।

पुलिस ने बताया कि टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी होल्डिंग्स इंक और चुबु इलेक्ट्रिक पावर कंपनी के संयुक्त उद्यम, जेरा कंपनी द्वारा संचालित संयंत्र में यह हादसा हुआ। अग्निशमन विभाग और अधिकारियों ने अब तक जेरा ताकेतोयो थर्मल पावर स्टेशन में विस्फोट के परिणामस्वरूप किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं की है। समाचार एजेंसी क्योडो ने अग्निशमन अधिकारियों और प्रीफेक्चरल पुलिस के हवाले से बताया कि विस्फोट इमारत की 13वीं मंजिल पर बॉयलर के भीतर हुआ। कन्वेयर से आग निकलती देखी गई है, काला धुआं उठता देखा गया है।

म्यांमार ने राजनीतिक दलों के पंजीकरण कानून में किया संशोधन

यांगून। म्यांमार की स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन कौंसिल ने देश के राजनीतिक दल पंजीकरण कानून में संशोधन करते हुए एक नया कानून लागू किया है। म्यांमार की आधिकारिक ई-पेपर ग्लोबल न्यू लाइट ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। कौंसिल अध्यक्ष वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग द्वारा हस्ताक्षरित संशोधित कानून को म्यांमार संघ गणराज्य के संविधान की धारा 419 के तहत अधिनियमित किया गया है। नए कानून में पार्टी की सदस्यता के लिए न्यूनतम आवश्यकता को 100,000 से घटाकर 50,000 सदस्यों तक कर दिया गया है और पार्टियों को जिन टाउनशिप में काम करना है।

चुनावी घमासान अपने गृह राज्य में धीरे-धीरे बढ़ रही है हेली की लोकप्रियता, 23 फरवरी को होना है प्राइमरी चुनाव

ट्रंप की टीम ने निक्की हेली को बताया युद्ध समर्थक

वाशिंगटन, एजेंसी

रिपब्लिकन पार्टी की नेता एवं पार्टी की राष्ट्रपति पद की दावेवारी की दौड़ में शमिल भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली पर हमला तेज करते हुए डोनाल्ड ट्रंप की चुनाव प्रचार टीम ने मंगलवार को उन पर युद्ध समर्थक होने का आरोप लगाया। वहीं, हेली ने ट्रंप पर निशाना साधते हुए मंगलवार को अमेरिका को फिर से सामान्य बनाएं का नया नारा गढ़ा।

ट्रंप की चुनाव प्रचार अभियान टीम के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने कहा तथ्य यह है कि हेली को पता है कि उनके पास इस बात के लिए कोई ठोस तर्क या कोई सुसंगत कारण नहीं है कि उन्हें राष्ट्रपति क्यों बनना चाहिए। लेकिन मतदाता यह जानते हैं कि वह एक युद्ध समर्थक हैं जो अमेरिका को अंतहीन युद्धों में झोंकना पसंद करेंगी। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आयोवा और न्यू हैम्पशायर में पहली दो रिपब्लिकन प्राइमरी जीत ली है और दक्षिण कैरोलाइना में 30 प्रतिशत से अधिक अंकों से आगे हैं, जहां 23 फरवरी को प्राइमरी चुनाव होना है। दक्षिण कैरोलाइना से दो बार की गवर्नर हेली (51) की लोकप्रियता उनके गृह राज्य में धीरे-धीरे बढ़ रही है जहां उन्हें मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है। हेली ने कहा कि अगर ट्रंप सारा समय और पैसा अदालती मामलों और अराजकता पर खर्च कर रहे हैं तो वह राष्ट्रपति जो बाइडन को नहीं हरा सकते। उन्होंने एक नया नारा गढ़ा अमेरिका को फिर से सामान्य बनाएं। हेली का अभियान 23 फरवरी को पार्टी के दक्षिण कैरोलाइना प्राइमरी से पहले महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रहा है।

हेली ने चार सालों में अमेरिका के दुश्मनों को किया प्रोत्साहित

ट्रंप की चुनाव प्रचार अभियान टीम ने हेली पर तुरंत पलटवार करते हुए कहा तथ्य यह है कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकाल के दौरान अमेरिका अधिक सुरक्षित था। पिछले चार वर्षों में कुटिल जो बाइडन के साथ व्हाइट हाउस के कमजोर और अक्षम नेतृत्व ने अमेरिका के दुश्मनों को प्रोत्साहित किया है। निक्की हेली के नेतृत्व में कुछ अलग नहीं होगा। हेली ने कहा कि चुनाव प्रचार अभियान टीम ने उनके गृह राज्य कैरोलाइना में आक्रामक अभियान शुरू किया है। हमारा अभियान देश भर के उन लोगों की टिप्पणियों और ईमेल से भरे हैं जो अमेरिका को फिर से सामान्य बनाना चाहते हैं।

भारतीय नागरिक को 28 लाख डॉलर की धोखाधड़ी मामले में नौ साल की जेल

वाशिंगटन। अमेरिका में मंगलवार को एक भारतीय नागरिक को 28 लाख डॉलर की स्वास्थ्य देखभाल धोखाधड़ी के मामले में नौ साल की कैद की सजा सुनाई गई। न्याय विभाग ने यह जानकारी दी।

अदालती दस्तावेजों के अनुसार घरेलू स्वास्थ्य कंपनी श्रृंग होम केयर इंक (श्रृंग) के मालिक एवं संचालक मिशिगन निवासी 43 वर्षीय योगेश के. पंचोली से दवाओं की बिक्री का अधिकार छीन लिया गया था बावजूद इसके पंचोली ने कंपनी के अपने स्वामित्व को छिपाने के लिए दूसरों के नाम, हस्ताक्षर और व्यक्तिगत पहचान संबंधी जानकारी का उपयोग करके श्रृंग को खरीदा।

जी20 को जन-जन तक ले जाना महत्वपूर्ण कदम : श्रीनिवास

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

▸▸ **कहा- जी20 के इतिहास में पहले कभी भी इतनी सफलता के साथ राजधानी के बाहर आयोजित नहीं हुए थे इतने सारे कार्यक्रम**

पिछले साल भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 शिखर सम्मेलन को जन-जन तक ले जाने से न केवल समूह के महत्व के बारे में लोगों में जागरुकता पैदा हुई, बल्कि इसने सभी की भलाई के लिए अलग-अलग देशों की सरकारों को भी एकजुट किया। भारत सरकार के संयुक्त सचिव के.जे. श्रीनिवास ने मंगलवार को यहां एक बैठक में यह बात कही।

जोहानिसबर्ग के वाणिज्य दूतावास में 150 से अधिक प्रवासी और स्थानीय भारतीय समुदाय के नेता एकत्र हुए। गुयाना में उच्चायुक्त नियुक्त होने से पहले श्रीनिवास 2013 और 2016 के बीच जोहानिसबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूत थे।

श्रीनिवास ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन ऐसा घटनाक्रम था जिस पर हम सभी भारतीयों, एनआरआई और प्रवासी भारतीयों को बहुत गर्व होना चाहिए। यह एक ऐसा अवसर था जब पूरी दुनिया हमारी ओर देख रही थी और हमने इसे सफलता के साथ पूरा किया। उन्होंने कहा कि पूरे शिखर सम्मेलन को जनता के बीच ले जाना भारत के नेतृत्व में एक बड़ा कदम था। जी20 के इतिहास में पहले कभी भी इतनी सफलता के साथ राजधानी के बाहर इतने सारे कार्यक्रम आयोजित नहीं हुए थे।